रो नाम ईश्वर वसिष्ठ संवादे समाप्तं नाम सर्गः॥
॥४१॥ श्री वसिष्ठ उवाच॥ हे रामजी जो कछु मुजकों
ईश्वर कहा॥ सो मैं आप भी जाणता था॥ अरु तूं भी जाण
ता है॥ इह जगत असत है॥ देषणें वाला भी असत है॥
तिस माया रूपी जगत विषे मैं तुज कों सत क्या कहौं॥ अ
रु असत क्या कहौं॥ जैसे जल विषे द्रवता होती है॥ तैसे
आत्मा विषे जगत है॥ जैसे पवन विषे स्पंद होता है॥ जै
से आकाश विषे शून्यता होती है॥ तैसे आत्मा विषे
जगत है॥ हे रामजी जो कछु पतत प्रवाह कर आन प्रा
प्त होता है॥ तिसी कर मैं देव अर्चना करता हौं॥ इसी क
म कर्के मैं निर्वासी हौं॥ जगत की क्रिया विषे भी मैं निर
दुःख होइ कर्के चेष्टा करता हौं॥ व्यवहार करता दृष्ट आ
वता हौं॥ तो भी सदा शांति रूप हूं॥ यथा प्राप्त आचार रू
प फलों कर मैं आतम देव की अर्चना करता हौं॥ छेद
भेद मुज कों कोऊ नहीं होता॥ हे रामजी ग्राह्य जो विषय
हैं॥ अरु ग्राहक जो इंद्रीयां हैं॥ तिनका संबंध जो विषय
है॥ अरु इंद्रीयों का मिलना सो सर्व जीवों कों तुल्य है॥ पर
जो ज्ञानवान पुरुष हैं॥ सो सावधान रहिते हैं॥ जो कछु दे
षते सुणते बोलते षाते पीते सूंघते स्पर्श करते हैं॥ सो
आतम तत विषे अर्चन करते हैं॥ आत्मा तें इतर नहीं
जाणते॥ इस प्रकार सावधान रहिते हैं॥ अरु जो अज्ञानी
हैं॥ तिनकों कर्तृत्व अरु भोक्तृत्व का अभिमान होता है॥ ति
सकर दुःखी होते हैं॥ हे रामजी तुम भी इसी दृष्ट कों आश्र

करकै संसाररूपी बन विषे निहसंक विचरो ॥ तुम
कों भी दुःष कछु न प्राप्त होवैगा ॥ जिसकी वृत इस प्रका
र समान होगई है ॥ तिनकों वदाकष्ट आन प्राप्त होवै
तो भी तिसकों षेद नहीं होता ॥ इह जो दृष्ट मैं तुझे कही है
इसकों आश्रय करैगा ॥ तब तुझकों दुषकौ कछु न होवैगा
हे रामजी सुष दुष धन अर बांधवों का वियोग ॥ इह स
न पदारथ अनित्य हैं ॥ इह आवते भी हैं अर जाते भी
हैं ॥ इनकों आगमापाई जाणकर बिसारो ॥ इह संसा
र विषमरूप है ॥ एकरस कदाचित नहीं रहिता ॥ इस
कों स्थिर जाणकर दुःषी नहीं होवणा ॥ हे रामजी जैसे
पदारथ काल जावै ॥ तैसे जावै ॥ अर जैसे सुष दुःष आ
वै तैसे आवै ॥ इह सभ आगमापाई पदारथ हैं ॥ आव
ते भी हैं ॥ अर जावते भी हैं ॥ इष्ट की प्राप्त अर अनिष्ट की
निवृत विषे हर्षमान नहीं होवणा ॥ अर अनिष्ट की प्रा
प्त इष्ट के वियोग कर षेदवान नहीं होवणा ॥ जैसे आ
वैं तैसे आवैं जैसे जावैं तैसे जावैं ॥ जिस आवणा है सो
आवैहीगा ॥ जिस जावणा है सो जावैहीगा ॥ इह सुष दुः
ष प्रवाहरूप हैं ॥ इन विषे आस्था करके तपायमान
नहीं होवणा ॥ हे रामजी इह सभ जगत तूं ही है ॥ अर तूं
ही जगतरूप है ॥ अर तूं चिन्मात्र विस्तृत आकार है ॥
जो तूं ही है ॥ तौ बहुड हर्ष विषाद किस निमित करता
है ॥ इसी दृष्ट कों आश्रय करके जगत विषे सुषपूर्वकी
आंई विचरो ॥ बहुड तुर्यातीत अवस्था कों प्राप्त होवैंगा
जो सम ही प्रकाश रूप है ॥ हे रामजी जो कछु मैं तुझकों
कहणा था सो कहा है ॥ आगे जो कछु तेरी इछा हो इसो
कर ॥ अर पाछे जो तुझ पूछणा था ॥ जो ब्रह्म अनंतरूप
विषे मैल कलंक कैसे प्राप्त भई है ॥ अब बहुड प्रश्न
कर ॥ जो मैं उत्तर कहों ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे ब्राह्मण अ
ब मुझकों संसार कछु नहीं रहा ॥ सन संसा नष्ट होगया
है ॥ जो कछु जानणा था सो मैं जाण्या है ॥ अब मैं परम अ
हृत समतृप्तता कों प्राप्त भया हों ॥ हे मुनीश्वर आत्मा (

विषे न मैल है ॥ न द्वैत है ॥ न एक है ॥ कोउ कल्पना नहीं ॥ पूर
व मुज कों अज्ञान था ॥ तब मैं दुःखी था ॥ अब तुमारे वचनों
कर मेरा अज्ञान नष्ट भया है ॥ अरु कलंक कछु नहीं भास
ता ॥ न आत्मा विषे जन्म है ॥ न मृत्यु है ॥ सर्व ब्रह्म ही है ॥ हे मु
नीश्वर प्रथम संसा करउपजता है ॥ सो संसा मेरा नष्ट
हो गया है ॥ जैसे जंत्री का पुतली हलावने तें रहित अच
ल होती है ॥ तैसे मैं संज्ञो तें रहित अचल चित्त स्थित हों ॥
सर्व सारों का सार मुज कों प्राप्त भया है ॥ जैसे सुमेर अच
ल होता है ॥ तैसे मैं अचल हों ॥ कोउ ह्लो न मुज कों नहीं

ऐसा भी पदारथ कोऊ नहीं

जो मुज कों त्यागणे योग्य होवे ॥ अरु ऐसा भी कोउ नहीं
जो ग्रहण करणे योग्य होवै ॥ न किसी पदारथ की मुज
कों इछा है ॥ न अनिछा है ॥ शांतिरूप विषे स्थित हों ॥ न स्व
र्ग की मुज कों इछा है ॥ न नर्क विषे द्वेष है ॥ सर्व ब्रह्मस्व
प मुज कों भासता है ॥ मंदराचल पर्वत की न्याई आतम
तत विषे स्थित हों ॥ हे मुनीश्वर जिस कों अवस्त विषे व
स्त बुधि होती है ॥ अरु कलना कलंक करि दे विषे स्थित
होती है ॥ सो किसी कों ग्रहण करती है ॥ किसी कों त्याग क
रती है ॥ अरु दीनता कों प्राप्त होता है ॥ हे मुनीश्वर इह सं
सार महा समुद्र रूप है ॥ राग द्वेष रूपी तिस विषे कल्लो
ल हैं ॥ अरु धृने अग्नुने तिस विषे मछ कछ हैं ॥ ऐसे
भयानिक संसार समुद्र तें ॥ अब मैं तुमारे प्रसाद क
र के तरता हों ॥ सर्व संपदा के अंत कों प्राप्त भया हों ॥ स
र्व दुःख नष्ट हो गये हैं ॥ सर्व के सार कों प्राप्त भया हों ॥ पू
रण आतम हों ॥ अदीन पद कों प्राप्त भया हों ॥ अरु परम
आनंद सत्ता कों प्राप्त भया हों ॥ आसा रूपी हस्ती कों मैं
ने मारा है ॥ आत्मा तें इतर मुज कों कछु नहीं भासता ॥
सब विकल्पों के जाल गलत हो गये हैं ॥ इछा आदिक वि
कार नष्ट हो गये हैं ॥ दीनता जाती रही है ॥ तीनों जगतों
विषे मेरा जय है ॥ सदा उदित रूप हों ॥ इति श्री निर्वाण
प्रकर्ण विश्रांति अवगमन नाम सर्गः ॥ ॥ श्री वशि

ष्ठोवाच ॥ हे रामजी देह इंद्रियों कर जो केवल न करता है
अरु मन विषे असंगता है ॥ तो जो कछु उह करता है ॥ सो
भी कछु नहीं करता ॥ जो कछु इंद्रियों का इष्ट प्राप्त होता
है ॥ सो एक छिन मात्र सुख भासता होता है ॥ तिस छिन प्र
संनता विषे जो बंधमान होता है ॥ सो बालिक मूर्ख है ॥
जो ज्ञानवान है ॥ सो तिस विषे बंधमान नहीं होता ॥ हे रा
मजी वांछा ही इसकों दुखी करती है ॥ जो सुंदर विषउं
की वांछा करता है ॥ जो जतन कर तिनकों प्राप्त होती
है ॥ तब मध्य छिन सुख होता है ॥ बहुड़ वियोग होता है
तब इसकों दुःख देता है ॥ तिस कारण ते इनकी वां
छा ही त्यागणे योग्य है ॥ इनकी वांछा तब होती है ॥ जो
सरूप का अज्ञान होता है ॥ अरु देहादिकों विषे अहं
भाव होता है ॥ जब देह विषे अहंभाव होता है ॥ तब अ
नेक अनर्थों की प्राप्त होती है ॥ तां ते हे रामजी ज्ञान रू
पी पहाड़ पर चढे रहणा ॥ अहंता रूपी गर्त विषे नहीं
गिड़ना ॥ हे रामजी आतम ज्ञान रूपी सुमेर पर्वत है ॥ ति
स पर चढा बहुड़ अहंता अभिमान करके गर्त विषे बा
सलेवणा ॥ सो गर्त विषे गिड़ना होता है ॥ जब इस भाव
कों त्यागेंगा ॥ तब आपणे स्वभाव सत्ता कों प्राप्त होवेंगा
जो सम सांत रूप है ॥ अरु विकल्प जाल सब मिट जा
वेंगे ॥ अरु समुद्र वत पूरण हो जावेंगा ॥ द्वैत रूप फुर
णा कों उन फुरेगा ॥ हे रामजी जब अंतर ते विषयउं कों
असत जाणे ॥ तब मन भी निरास हो जाता है ॥ चित्त नि
हसंक हो जाता है ॥ वस्तु ते देखें तो सर्व विषे सत्ता समा
न रूप ब्रह्म चिद्घन स्थित है ॥ तिस ते जो कछु देखता
सता है ॥ सो स्वरूप के प्रमाद करके भासता है ॥ हे राम
जी आतमा का अज्ञान रूप ही बंधन है ॥ आतमा का तो
बोध ही मुक्ति रूप है ॥ तां ते बल कर ही आपकों आप
ही जगावो ॥ तब इस बंधन ते मुक्ति होवो ॥ हे रामजी जिस
विषे विषयों का स्वाद नहीं ॥ अरु जिस विषे इनका अन

नवहोता है ॥ सो तत आकाशवत निर्मल सता है ॥ वास
नोंतें रहित है ॥ जो वासनोंतें रहित होइकर पुरुष क
छु क्रिया करता है ॥ सो विकारकों नहीं प्राप्त होता ॥ जदि
प अनेक ल्लोक आन प्राप्त होवैं ॥ तब भी उसकों विका
र कछु नहीं होता ॥ ज्ञाता ज्ञेय ज्ञान तीनों आतमरूप भा
सते हैं ॥ जब ऐसे जाण्या तब त्रय किसीका नहीं रहिता
चित के फुरणे कर जगत उत्पत्ति होता है ॥ अर चित के
अफुर हूयें लीन होजाता है ॥ जब वासनों सहित प्राण
उदै होते हैं ॥ तब जगत उदै होता है ॥ जब वासनों सहित
प्राण लीन होजाते हैं ॥ तब जगत लीन होजाते हैं ॥ तातें
अभ्यास करके वासनों अर प्राणों कों स्थित करो ॥ अर ज
ब मूर्खता उदै होती है ॥ तब कर्म उदै होते हैं ॥ अर मूर्खता
के लीन हूयें कर्म भी लीन होते हैं ॥ तातें सतसंग अर स
तशास्त्र के विचार कर मूर्खता कों दूर करो ॥ जैसे वा
यु के संग धूड उदके बदल आकार होती है ॥ तैसे चि
त के फुरणे कर जगत स्थित होता है ॥ हे रामजी जब
चित फुरता है ॥ तब द्रष्टा दर्शन का संबंध फुर आवता
है ॥ जैसे आकाश आकार रूप भासता है ॥ तैसे जब चित फु
रता है ॥ तब नाना प्रकार का जगत फुर आवता है ॥ अर
चित के अफुर हूयें जगत लीन होजाता है ॥ हे रामजी वा
सना क्षीण होवै ॥ अथवा प्राणों का निरोध होवै ॥ तब चि
त अचित होजाता है ॥ सो वासना के क्षय हूयें चित अ
चित होजाता है ॥ अथवा प्राणों के रोकणे तें चित अचि
त होता है ॥ जब चित अचित हूया ॥ तब परमपद कों प्राप्त
होता है ॥ हे रामजी दृश्य दर्शन संबंध के मध्य विषे जो
सुख है ॥ सो परमातम सुख है ॥ सो एकांत का सुख है ॥ सो सं
वित ब्रह्मरूप है ॥ तिसके साक्षात्कार हूयें मन क्षय हो
जाता है ॥ जहां चित नहीं उपजता ॥ सो चित तें रहित अ
त्तम सुख है ॥ ऐसा सुख स्वर्ग विषे भी नहीं ॥ जैसा मारूथ
ल विषे वृक्ष नहीं होता ॥ तैसे चित सहित विषे सुख नहीं
होता ॥ चित के उपशम विषे जो सुख है ॥ सो अवाच है

वाणीकर नहीं कहा जाता॥ तिस के समान ऽअवर सुष
को ऊ नहीं॥ ऽपर तिस तें ऽअन्य सुष भी नहीं॥ ऽअवर सुष ना
स भी हो जाते हैं॥ ऽआतम सुष नास नहीं होता॥ ऽअविना
सी है॥ ऽअर उपजणे बिनसणे दोनों तें रहित है॥ हे राम
जी ऽअबोध कर के चित उदे होता है॥ ऽअर ऽआतम बोध
कर के शांति हो जाता है॥ जैसे मोह कर के बालिक कौं
वैताल दिषाई देता है॥ मोह के नष्ट भयें वैताल नष्ट हो
जाता है॥ तैसें ऽअज्ञान कर चित उदे होता है॥ ऽअज्ञान के न
ष्ट हूयें चित नष्ट हो जाता है॥ जो विद्यमान भी चित भास
ता है॥ तो भी बोध कर के निरबीज होता है॥ जैसे तांबा पा
रस साथ मिल कर स्वर्न हो जाता है॥ ऽआकार तौ उही पड़ा
दृष्ट ऽआवता है॥ पर तांबे भाव का ऽअभाव हो जाता है॥ तैं
से ज्ञान कर चित ऽअचित हो जाता है॥ सतपद कौं प्राप्त हो
ता है॥ पर नाम रूप तैसे ही भासता है॥ हे रामजी ज्ञानी का
चित भी हूया करता दृष्ट ऽआवता है॥ पर चित ऽअचित हो
गया है॥ जो ऽअज्ञान कर के भासता है॥ सो ज्ञान कर के सम
हो जाता है॥ जेता कछु जगत ऽअबोध कर के भासता था
सो बोध हूयें शांत हो जाता है॥ बहुड़ नहीं उपजता॥ उह वि
त सतपद कौं प्राप्त होता है॥ को ऊ काल तौ उह तुर्या ऽअव
स्था विषे स्थित हूया विचरता है॥ बहुड़ तुर्यातीत पद कौं
प्राप्त होता है॥ ऽअधः ऊर्ध मध्य सब ब्रह्म ही सम॥ इस प्र
कार ऽअनेक होकर स्थित भया है॥ ऽअनेक कौं भी मौं कर भी
न कहे सर्वात्मा ऽअवर चितादिक कछु नहीं॥ इति श्री
निरवाणप्रकर्णे चित सत्ता सूचनं नाम सर्गः॥ ४३॥
वसिष्ठोवाच॥ हे रामजी ऽअब तैसे हेपतें एक ऽअपूर
व ऽआश्चर्य रूप बोध का कारण ऽआष्यान सुण॥ एक
बिलफल है॥ ऽअर ऽअनंत जोजनों पर्यंत तिस का विस्तार है
ऽअर ऽअनंत युग व्यतीत हो गये हैं॥ उजर्जरी भाव कौं क
दाचित नहीं प्राप्त होता॥ ऽअर ऽअनादि है॥ तिस विषे ऽअवि
नासी रस है॥ कबहूं नास नहीं होता॥ ऽअर रस कर पूर्ण
है॥ ऽअर चंद्रमा की न्याई सुंदर है॥ बहुड़ कैसा है॥ सुमेरादि
क जो बडे पहाड़ हैं॥ तिन कौं महाप्रलय के पवन कर वि

गों की न्यांई उन्मावता है ॥ सो पवन भी तिस बिल्व को हला
इ चला इ नहीं सकता ॥ हे राम जी जो जनों के अनंत को
ट ब्रह्मंड तिन के भी कोट ब्रह्मंड तिन के भी कोटांक के
तिस की संख्या नहीं करी जाती ॥ ऐसा इह बिल्व फल
है ॥ ब्रह्मंड कैसा है ॥ बहुत बडा है ॥ जैसे सुमेर के निकू
ट राई का दाणा होवे ॥ सो सूक्षम तुछ भासता है ॥ तैसे
तिस बिल्व के आगे ब्रह्मंड तुछ सूछम भासता है ॥ सो
बिल्व रस कर पूरण है ॥ गिडता कबहूं नहीं ॥ अर पुरा
तन है ॥ तिस का आदि मध्य अंत ब्रह्मा विस्नु रुद्र इं
द्रादिक भी नहीं जाण सकते ॥ न उस के मूल को कोउ
जाण सकता है ॥ न मध्य को कोउ जाण सकता है ॥ अ
इष्ट उस का आकार है ॥ अर अद्दष्ट फल है ॥ अर अपणे
प्रकाश कर प्रकाशता है ॥ ब्रह्मंड कैसा है ॥ एक मांड
घन है आकार जिस का ॥ अर सदा अचल है ॥ किसी वि
कार को नहीं प्राप्त होता ॥ सत है ॥ निर्मल है ॥ निरविकार नि
रंतर रूप है ॥ नीरंध्र है ॥ अर चंद्रमा की न्यांई सीतल है
सुंदर है ॥ अर ज्ञान संवित रूप तिस विषे रस है ॥ सो अ
पणी रस आपही लेता है ॥ अर सर्व को देवणे वाला
उही है ॥ सभ को प्रकाशकर्ता उही है ॥ तिस विषे अनेक
चित्र रेषा निवास कीया है ॥ अर अपणे स्वरूप को त्या
गता नहीं ॥ अनेक रूप होइ कर आपही भासता है ॥ ति
स विषे स्पंद रूपी रस पडा फुरता है ॥ त्वंता ममता इदं
ता ॥ देश काल क्रिया नेत सत्ता द्वैत है उपादेय ॥ अनंत को
लन विष्यत काल प्रकाश तम विद्या अविद्या इत्या
दिक कल्पना जाल रस के फुरणे कर के पडे फुरते
हैं ॥ सो बिल्व आतमा रूप है ॥ अनंत स्वरूप तिस विषे
रस है ॥ सो सदा अपणे आप विषे स्थित है ॥ नित्य शां
त रूप है ॥ तिस को जाण कर पुरुष कृतकृत्य होता है
॥ इति श्री निरवाण प्रकर्णे बिल्वपाख्यान नाम सर्ग
॥ ४४ ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे भगवन सर्व धर्मों के वेत्ता
तुम हो ॥ इह बिल्व रूपणी महाचिद्घन सत्ता कही

सो ऐसे मेरे निश्चे नया ॥ जो चैतन्यमजारूप अहंता आदि
क जानते हे ॥ इस विषे भेद रंचक भी नहीं ॥ चैतन्य अरु एक क
(भली प्रकार) लना सम्यक सर्व उहा हे ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी
जैसे ब्रह्मंड की मज्जा सुमेरादिक पृथ्वी हे ॥ तैसे चैतन्य
शिला की मज्जा इह ब्रह्मंड हे ॥ सभ जगत चैतन्य शिलारू
प हे ॥ इतर कछु नहीं ॥ तिस सर्वगत चैतन्य का विनास
संभवता नहीं ॥ हे रामजी चैतन्यरूपी मर्च बीज हे ॥ तिस
विषे जगत रूपी चमतकार तीछणता हे ॥ सो सुषमवत
निर्मल हे ॥ शिला के अंतर वत अस्थित हे ॥ हे रामजी अ
ब अवर आश्चर्यवत आष्यान सुण ॥ चंद्रमावत महा सु
दर ॥ अरु स्निगध सीतल स्पर्श अरु विस्तृत रूपा शिला
हे ॥ सो महा नीरंध्र हे ॥ घनरूप हे ॥ तिस विषे वली उपज
तीयां हे ॥ ऊर्ध तिन का मूल हे ॥ तिस कीयां ऊर्ध अरु अधः
साषां हे ॥ अनेक तिस का घडों हें ॥ श्रीरामोवाच ॥ स
ति कहते हो ॥ इह शिला मैं भी देषा हे ॥ जो विद्रुम का मूर्ति
नदी विषे सालग्राम हे ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी
जैसे तूं जानता हें अरु देषी भी हे पर तैसीयां तिस के
सन अंतर हें ॥ जो शिला मैं कहता हों ॥ सो अपर शिला
हे ॥ तिस के अंतर ब्रह्मंडों के समूह हें ॥ अरु कछु भी नहीं
हे रामजी चैतन्यरूपी शिला मैं तुज को कही हे ॥ तिस
विषे संपूर्ण ब्रह्मंड हें ॥ सो घन चेतनता करके शिला व
र्नन करी हे ॥ अत्यंत घन हे ॥ अरु नीरंध्र हे ॥ सो परम ब्रह्म ला
शिला: काशवत निर्मल हे ॥ आकाश पृथिवी पर्वत देश विध्व
नदी समुद्र इत्यादिक सभ नहीं ॥ तिस शिला के अंतर स्थि
त हे ॥ अरु कछु हे नहीं ॥ जैसे शिला के ऊपर कमल लि
षे होते हें ॥ सो शिला ही रूप हें ॥ शिला ते इतर कछु नहीं
तैसे इह जगत आतमा रूपी शिला विषे हे ॥ आत्मा ते
भिन्न कछु नहीं ॥ हे रामजी भूत भविष्यत वर्तमान जो
तीनों काल हें ॥ सो उस शिला की पुतलीयां हें ॥ जैसे शि
लपी पुतलीयां कल्पता हे ॥ जो इती पुतलीयां इस शि
ला सों निकसेंगीयां ॥ तैसे इह जगत आतमा विषे उप

जो कछु नहीं ॥ मनरूपी शिलपी पदा कल्पता है ॥ तिस
करने नाना प्रकार का जगत पदा भासता है ॥ आतमा वि
षे कछु उपजा नहीं ॥ जैसे सुषुप्त रूप शिला के ऊपर क
मल रेषा लिषी होती है ॥ सो शिला तें इतर कछु नहीं ॥
तैसे इह जगत आतमा विषे है ॥ सो आतमा तें भिन्न नहीं ॥
जैसे शिला विषे पुतलीयां होती हैं ॥ सो न उदै होती हैं
न अस्त होती हैं ॥ जिउं की तिउं शिला ही है ॥ तैसे आत
मा विषे जगत न उदै होता है ॥ न अस्त होता है ॥ काहे तें जो
वास्तव कछु नहीं ॥ अर आतमा तें इतर जो कछु द्वैत क
ल्पना होती है ॥ सो अज्ञान कर के भासती है ॥ जब बोध हू
या तब शांति हो जाती है ॥ जैसे जल की बूंद समुद्र विषे
डारी समुद्र रूप हो जाती है ॥ तैसे बोध कर कल्पना आ
त्मा विषे लीन हो जाती है ॥ हे रामजी चेतन आतमा अ
नंत है ॥ तिस विषे विकार कल्पना कोऊ नहीं ॥ अज्ञान के
र कल्पना भासती है ॥ ज्ञान कर के लीन हो जाती है ॥ वि
कार भी आतमा के आश्रय भासते हैं ॥ अर आतमा विका
रों तें रहित है ॥ ब्रह्म तें विकार उत्पत्ति होते हैं ॥ अर ब्रह्म ही
विषे स्थित हैं ॥ अर वास्तव तें कछु हूये नहीं ॥ सन आनी
सरूप हैं ॥ जैसे किरणों विषे जल आभास होता है ॥ तैसे ब्र
ह्म विषे जगत विकार आभास होता है ॥ जैसे बीज विषे
वृक्ष होता है ॥ पत्र फल फूल टास का विस्तार एक ही बी
ज के अंतर है ॥ अर बीज सत्ता सन विषे अनस्यूत होती
है ॥ बीज तें इतर कछु नहीं होता ॥ तैसे चिदघन आतमा के
अंतर विस्तार है ॥ सो चिदघन आतमा तें इतर कछु नहीं
उही अपणे आप विषे स्थित है ॥ अर जगत भी उही रूप
है ॥ जो एक मानीये तब द्वैत भी होता है ॥ जो एक कहणा
भी नहीं तो द्वैत कहां होवै ॥ जगत अर आतमा विषे भेद
कछु नहीं ॥ आतमा ही अद्वैत अपणे आप विषे स्थित है ॥
जैसे शिला विषे मरत लिषी होती है ॥ सो शिला रूप है ॥
तैसे जगत आतमा रूप है ॥ जैसे शिला विषे मरती भिन्न

भिंन विषमरूप होती हैं ॥ अरु आधाररूप शिला अभे
द है ॥ तैसे आत्मा विषे जगत मूर्ती भिंन भिंन विषमरूप
भासती हैं ॥ अरु आधाररूप चैतन्य अभेदरूप है ॥ ब्रले
सता समान सुषुपतवत समस्थित है ॥ वहै विकार भा
तिस विषे दृष्ट आवृते हैं ॥ पर वास्तव सुषुप्तवत विका
र तें रहित है ॥ फुरणे तें रहित चैतन्य शिला स्थित है ॥ ति
स निस्पंद शांति चिदघनरूप सता विषे इह जगत कल्पि
त है ॥ अधिष्ठान सता सदा सर्वदा शांतरूप है ॥ भेद को
कदाचित नहीं प्राप्त होती ॥ जैसे जल विषे तरंग अभेद
रूप हैं ॥ जैसे स्वर्ण विषे भूषण अभिंनरूप हैं ॥ तैसे आ
तमा विषे जगत अभिंनरूप है ॥ इति श्री निरवाण प्र
करणे शिलाकोश उपदेशो नाम सर्गः ॥ ४५ ॥ श्रीव
शिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जैसे बीज के अंतर फूल फल
बहु संपूरण होता है ॥ सो आदि बीज है ॥ अरु अंत भी बी
ज है ॥ जब फल परपक होता है ॥ तब बीज ही होता है ॥ तैं
से जगत विषे आतमा भी है ॥ पर सदा अच्युत है ॥ अरु स
म है ॥ कदाचित भेद विकार परणाम को नहीं प्राप्त भया
अपणी सता कर स्थित है ॥ जगत के आदि भी उही है ॥ म
ध्य भी उही है ॥ अंत भी उही है ॥ कछु अवर भाव को प्राप्त
नहीं भया ॥ देश काल कर्मादिक जेती कछु कल्पना भा
सती है ॥ सो उही रूप है ॥ जेते कछु शब्द अर्थ हैं ॥ सो आ
तमा तें भिंन नहीं पाईते ॥ जैसे वृक्ष के आदि बीज है ॥ अरु
अंत भी बीज है ॥ मध्य जो कछु विस्तार भासता है ॥ सो भी उही
रूप है ॥ भिंन कछु नहीं ॥ तैसे जगत के आदि भी आतम
सता है ॥ अंत भी आतम सता है ॥ मध्य जो कछु भासता है
सो भी उही रूप है ॥ हे रामजी चैतन्य रूपी महा आदर्श है
तिस विषे संपूरण जगत प्रतिबिंबित होता है ॥ अरु संपू
र्ण जगत संकल्प मात्र है ॥ जैसे जैसे फुरणा किसी को दृढ
होता है ॥ तैसे ही आत्मसता के आश्रित होकर भासता है ॥
जैसे चिंतामणि विषे जैसा कोउ संकल्प धारता है ॥ तैसा
ही प्रगट हो आवता है ॥ सो संकल्प ही मात्र होता है ॥ तैसे

जैसी जैसी भावना को धारता है ॥ तैसी आत्मा के आश्रि
त होइ कर भासती है ॥ अनंत जगत आत्म रूपी मणि के
आश्रित स्थित होते हैं ॥ जैसी जैसी को भावना करता
है ॥ तैसी ही उसकी हो भासती है ॥ हे रामजी आत्म रूपी द
बा है ॥ तिस से जगत रूपी रत्न मोती पडे निकसते हैं ॥
जैसा जैसा फुरणा होता है ॥ तैसा जगत भास आवता है
जैसे शिला के अंतर रेषा होती है ॥ सो नाना रूप चित्र भा
सती है ॥ सो अनन्य रूप है ॥ तैसे आत्मा विषे जगत अनन्य
रूप है ॥ जैसे शिला के अंतर शंख चक्रादिक रेषा भा
सती है ॥ सो शिला रूप है ॥ तैसे इह जगत आत्मा विषे
भासता है ॥ सो आतम रूप है ॥ आत्म रूपी शिला नीर
ध है ॥ तिस विषे छिद्र कोऊ नहीं ॥ जैसे जल विषे तरंग ज
ल रूप होते हैं ॥ तैसे ब्रह्म विषे जगत ब्रह्म रूप है ॥ कैसा
ब्रह्म है ॥ सम अंगाति रूप सघुनवत स्थित है ॥ तिस विषे ज
गत कछु फुरता नहीं ॥ शिला की रेषावत है ॥ जैसे शिल के
अंतर मूर्ता स्थित होती है ॥ तैसे ब्रह्म विषे जगत स्थित
है ॥ जैसे आकाश विषे सून्यता होती है ॥ जैसे जल विषे
द्रवता होती है ॥ जैसे पवन विषे स्पंद होता है ॥ तैसे ब्रह्म
विषे जगत है ॥ ब्रह्म अर जगत विषे भेद कछु नहीं ॥ जै
से तरु अर बृछ विषे भेद कछु नहीं ॥ तैसे जगत अर ब्र
ह्म विषे भेद कछु नहीं ॥ ब्रह्म ही जगत है ॥ जगत ही ब्रह्म
है ॥ हे रामजी भाव अभाव भेद कल्पना कोऊ नहीं ॥ ब्रह्म
सत्ता ही प्रकाशती है ॥ ब्रह्म ही जगत रूप होइ भासता है ॥
जैसे मारूथल विषे सूर्य की किरणां जल रूप हो भास
ती है ॥ तैसे ब्रह्म जगत रूप हो भासता है ॥ हे रामजी सुमेर
तें लेकर पर्वत अर त्रिण तें लेकर बन अर चित तें ले
कर जगत ॥ अर पर्माण तें लेकर भूत ॥ इनकों विचार
कर देषीये तब पर्मात्म सत्ता ही भासती है ॥ सर्व पदार्थों वि
षे स्थूलता अर सूक्ष्मता भाव कर उही व्यापी है ॥ जैसे
जल को रस बनासपती विषे व्याप्या हूया है ॥ तैसे सर्व
जगत विषे सूक्ष्मता करके आतम सत्ता व्यापी हूई है ॥

जैसे एकहीं रस सँतावछ त्रिगगुछे विषे व्यापी हूई है॥ अ
र एकहीं अनेक रूप होभासता है॥ तैसे एक ब्रह्मस
त्ता अनेक रूप होकर भासती है॥ हे रामजी जैसे मोर
के अंडे विषे अनेक रंग होते हैं॥ जब अंडा फूटता है
तब ससनैं ससनैं अनेक रंग तिसतें प्रगट होते हैं॥ सो ए
कहीं रस मोर का अनेक रूप होभासता है॥ तैसे ए
कहीं आत्मा अनेक रूप जगत आकार होकर भा
सता है॥ जैसे मोर के अंडे विषे एकहीं रस होता है॥
पर जो दीरघसत्री [वादी] अज्ञानी हैं॥ तिसकों न विष्यतें
अनेक रंग उस विषे भासते हैं॥ सो अनउपजे हीं उप
जे भासते हैं॥ तैसे इह जगत अनउपजा हीं नानत्व अ
ज्ञानी के हृदे विषे स्थित होता है॥ अर जो ज्ञानवान
हैं॥ तिनकों एकरस ब्रह्मसत्ता भासती है॥ जैसे मोर
का रस नहीं परणाम कों प्राप्त भया॥ तो भी एकरस है
अर जो परणाम कों प्राप्त होकर नानारूप भया॥ तो भी
एकरस है॥ तैसे इह जगत परमात्मा विषे गुप्त है॥ त
ब भी परमात्मा हीं है॥ अर जो नानारूप होकर भासप्र
तब भी उही है॥ पर परणाम कों नहीं प्राप्त भया॥ पर अ
ज्ञानी कों नानात्व भासता है॥ ज्ञानवान कों एकसत्ता
भासती है॥ अथवा दृष्टांत का दूसरा अर्थ है॥ जैसे मो
र का अंडा है॥ तिस विषे नानत्व कछु हूई नहीं॥ जिस
कों दिव्य दृष्ट है॥ तिसकों उस विषे अनउपजी नान
त्व भासती है॥ और जिसकौं दिव्य दृष्ट नहीं॥ तिसकों
बीज हीं भासता है॥ नानात्व नहीं भासती॥ तैसे जिस
कौं अज्ञान रूपी दिव्य दृष्ट है॥ तिसकों अनउपजा ज
गत नानात्व हो भासता है॥ अर जो अज्ञान दृष्ट तें रहि
त है॥ तिसकौं एकहीं ब्रह्म भासता है॥ अवर कछु न
हीं भासता॥ हे रामजी नानत्व भासता है॥ तो भी कछु
नानत्व नहीं॥ जैसे मोर के अंडे विषे नाना रंग भासते हैं
तो भी एकरूप हैं॥ तैसे इह जगत पदारथ भिंन भिंन
भासते हैं॥ तो भी एक ब्रह्मसत्ता है॥ द्वैत कछु नहीं॥

॥ इति श्री निर्वाणप्रकर्णे सत्ता उपदेशो नाम सर्गः
॥ ४६ ॥ श्री वशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जैसे अग्नि उपजी
कों तिरंगा मयूर के अंडे विषे होती है ॥ सो वीर्य तें इत
र कछु नहीं ॥ तैसे अहं त्वं आदिक जगत आत्मा वि
षे अनउदे ही उदे रूप भासते हैं ॥ जैसे वीर्य विषे उन
रंगों की उदे भी अनउदे है ॥ तैसे आत्मा विषे जगत की रूप
उदय भी अनउदय है ॥ अरु आत्मसत्ता अप्राप्त पद
है ॥ वाणी कर कछु कहा नहीं जाता ॥ ऐसा सुख स्वर्ग
विषे नहीं पाईता ॥ अरु अवर भी किस स्थान विषे नहीं
पाईता ॥ ऐसा सुख ॥ जैसा सुख आत्मा विषे स्थित हूये पा
ईता है ॥ हे रामजी आतम सुख विषे विश्रांत पावणे के
निमित ॥ मुनीश्वर देवता गण अरु सिध महा रिष हैं स्व
दर्शन संबंध फुरणे कूं त्याग कर स्थित होते हैं ॥ सो तैं उ
त्तम सुख है ॥ संवित विषे जो संवेदन फुरणा है ॥ सो जिनका
निवर्त हूया है ॥ तिसका जिनहूं त्याग कीया है ॥ तिन पु
रुषों कों दृश्य भावना कोऊ नहीं फुरती ॥ न तिन कों को
ऊ कर्म स्पर्श करता है ॥ अरु प्राण भी तिसके निस्पंद हो
ते हैं ॥ चित चेतन के संबंध तें रहित चित्र की मूर्तिवत स्थि
त होते हैं ॥ हे रामजी जब चेतन कला फुरती है ॥ तब इस को
संसार भ्रम प्राप्त होता है ॥ अरु जब चेतन का फुरणा मिट
जाता है ॥ तब इह शांति अद्वैत रूप स्थित होता है ॥ जैसे
राजा की सेना युध करती है ॥ अरु जीत हार राजा की हो
ती है ॥ तैसे चेतन फुरणे द्वारा आत्मा विषे बंध मोक्ष होती
है ॥ यद्यपि आत्मा सत रूप अच्युत है ॥ पर मन बुध अं
तःकर्ण द्वारा आत्मा विषे बंध मोक्ष होती भासती है ॥
आत्मा सबन का प्रकाशक है ॥ जैसे चंद्रमा की चांदनी वृ
क्षादिकों को प्रकाशती है ॥ तैसे आत्मा सर्व पदार्थों कों
प्रकाशता है ॥ सो कैसा है ॥ न दृश्य है ॥ न उपदेश का विषय
है ॥ न विलास रूप है ॥ न दूर है ॥ केवल अमन भव चैतन स्वरू
प अज्ञातमता कर सिध है ॥ न देह है ॥ न इंद्रीयहूं के गण हैं
न चित है ॥ न वासना है ॥ न जीव है ॥ न स्पंद है ॥ न अवर कों

स्पर्शकर्ता है॥ न आकाश है॥ न सत है॥ न असत है॥ न मध्य
है॥ न सून है॥ न असून है॥ न देशकालवस्तु है॥ न अहं है
न इतर है॥ इत्यादिक सर्वशब्दों तें रहित हृदयस्थान वि
षे प्रकाशता है॥ आनन्दस्वरूप है॥ न तिसका आदि है॥ न
मध्य है॥ न अंत है॥ न शस्त्र काटते हैं॥ न अग्नि जलाय स
कती है॥ न जल गलाय सकते हैं॥ न इह है॥ न उह है॥ न वा
इ सोष सकती है॥ अवर किसी की समर्थता नहीं॥ सो
चिद्रूप आतमतत्त है॥ न जन्मता है॥ न मरता है॥ और देह
रूपी घट केई वार उपजते हैं॥ केई वार नष्ट होते हैं॥ आ
र आत्मारूपी आकाश सब के अंतर बाहिर अखंड अ
वनाशी है॥ जैसे अनेक घटों विषे एक ही आकाश स्थि
त होता है॥ तैसे अनेक पदार्थों विषे एक ही ब्रह्मसत्ता
आत्मरूप करके स्थित है॥ हे रामजी जेता कछु स्थावर
जंगम जगत दृष्ट आवता है॥ सो सब ब्रह्मरूप है॥ कैसा
ब्रह्म है॥ निरधर्म॥ निर्गुण है॥ निर्वैव निराकार है॥ निर्म
ल निर्विकार है॥ आदि अंत तें रहित समशांतिरूप है॥
इसी दृष्ट को आश्रय करके स्थित होवो॥ हे रामजी इसी
दृष्ट को आश्रय करोगे॥ तब बडे आरंभ कार्य तुझ को
स्पर्श न करेंगे॥ जैसे आकाश को बदल स्पर्श नहीं कर
ते॥ तैसे तुम को कर्म स्पर्श न करेंगे॥ काल हूया कारण
कार्य उत्पत्ति स्थिति संहारादिक जो संसरणरूप संसार
है॥ सो सब ब्रह्मरूप है॥ इसी दृष्ट को आश्रय करके विच
रो॥ इति श्रीनिर्वाणप्रकरणे ब्रह्मएकताप्रतिपा
दनं नाम सर्गः॥ ८० ॥ श्रीरामोवाच॥ हे भगवन जो
विकारगत है ब्रह्म विषे कोऊ नहीं॥ तो भावाभाव जग
त किसकर पडा भासता है॥ श्रीवशिष्ठोवाच॥ हे रा
मजी विकार किसकों कहते हैं॥ प्रथम तो इह सुण॥ जो
वस्तु अपने पूर्व स्वरूप को त्यागकर॥ विपर्ययरूप को
प्राप्त होवै॥ अरु बहुड़ पूर्व ले स्वरूप कों न प्राप्त होवै॥
तिस कों विकार कहीता है॥ जैसे दूध तें दही होती है॥ बहु
ड़ दूध नहीं होता॥ अरु जैसे बालिक अवस्था बीत जाती

है। बिगूड नहीं आवती। अरु युवा अवस्था गई। ईक्रूई
बिगूड नहीं आवती। तिसका नाम विकार है। अरु ब्र
ह्म निर्विकार निर्मल है। आदि भी निर्विकार है। अरु
अंत भी निर्विकार है। मध्य जो तिस विषे कछु मल वि
कार भासती है। सो अज्ञान करके भासती है। मध्य वि
षे भी ब्रह्म अविकार ज्यों का त्यों है। हे रामजी जो पदा
र्थ विपर्यय रूप हो जाता है। सो बिगूड अपणे स्वरूप
को प्राप्त नहीं होता। अरु जो तिसु सत्ता सदा ज्यों की त्यों अ
द्वैत रूप आत्म अनुभव करके प्रकाशती है। जो कछु
हैं अन्यथा रूप को न प्राप्त होवै। तिसको विकार कैसे
कहीये। हे रामजी जो वस्तु विचार ज्ञान करके निवर्त
हो जावै। तिसको भ्रम मात्र जाणीये। वास्तव कछु नहीं।
जेते कछु विकार हैं। सो अज्ञान करके भासते हैं। जब आ
त्म बोध होता है। तब निवर्त हो जाते हैं। जिसके बोध
करके विकार नष्ट हो जावैं। तिस विषे विकार कैसे क
हीये। सो ब्रह्म शब्द करके कहीता है। सो निर्वेदन वि
प आत्मा है। जो आदि अंत विषे सत होवै सो मध्य वि
षे भी जाणीये। जो सत है। इसतें इतर होवै सो अज्ञान
करके जाणीये। आतम तत्त सदा सर्वदा सम रूप है
आकाश वायु भी अन्यभाव को प्राप्त हो जाते हैं। पर
आतम तत्त कदाचित अन्यभाव को नहीं प्राप्त नया
प्रकाश रूप है। अरु एक है। नित्य है। निरविकार है।
ईश्वर है। नाना भाव विकार को कदाचित नहीं प्राप्त
होता॥ श्रीरामोवाच॥ हे भगवन विद्यमान एक तत
त है। सो ब्रह्म सदा निर्मल रूप है। तिस संवित ब्रह्म वि
षे एह अविद्या कहां तें आई है॥ श्रीवशिष्ठोवाच॥
हे रामजी इह सर्व ब्रह्म है। आगे भी ब्रह्म था। अरु पाछे
भी ब्रह्म ही होवेगा। तिस निरविकार आदि अंत मध्य तें
रहित ब्रह्म विषे। अविद्या को उ नहीं। इह निश्चै है। जि
सको वाच्य वाचक क्रम कर उपदेश के निमित्त ब्रह्म क
होता है। तिस विषे अविद्या कहां है। हे रामजी अहं

त्वं आदिक जगत नाम अग्नि वायु आदिक स
र्वत्र लस रहा है ॥ अवर अविद्या असत्य मात्र नीत
हौ ॥ जिसका नाम नहीं अविद्या है ॥ सो न ममात्र अ
सत जाणे ॥ जो नहीं विद्यमान तिसका नाम कौंक
हीये ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे मुनीश्वर उपद्रा मम क
ले विषे तुम किंउ कहा ॥ जो अविद्या है अब इस
प्रकार कैसे कहते हो ॥ हे गमो जो अविद्यमान है
है होन नहीं ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी एताका
ल पर्यंत तं अबोध था ॥ तिस निमित्त मैं तुज कों कल
प कर युक्त कही थी ॥ सो तेरे जगावणे निमित कही
थी ॥ अर तं अब प्रबुध हूया है ॥ तब मैं कहा अवि
द्या अविद्यमान है ॥ हे रामजी अविद्या अर जीव ज
गतादिक का नाम अबोध कों जगावणे निमित्त
वेदवादीयों नें वर्नन कीया है ॥ जब जाग्रत बुधि
मन होता है ॥ तब लगइ इसकों अविद्या नाम है ॥ जो जु
गतों विनां बोधवानं नहीं होता ॥ अनेक उपाय क
रनी जुगतों विनां नहीं जागता ॥ अर जब बोधवान
होता है ॥ तब सिधांत उपदेश कों जुगतों विनां भी
पाइ लेता है ॥ अर अबोध मन जुगतों विनां नही पा
इसकता ॥ हे रामजी जो कार्य युक्तों कर सिध होता है
सो अवर जतन कर साधया नहीं जाता ॥ जैसे अंध
कार जुत रूपी दीपक कर दूर होता है ॥ अवर बल
जतन कर निवर्त नहीं होता ॥ जैसे जुगतों विनां अवर
जतन कर अत्ता न निद्रा नहीं निवर्त होती ॥ जो अबु
धइ मतीवं सर्वब्रह्म सिधांत का उपदेश करती है ॥ त
ब उह उपदेश व्यर्थ होता है ॥ जैसे को उ दुःखी अपणे
दुखस्याणे कें आगें जाइ कहे ॥ तब उह उसका कहा
सुणता ही नहीं ॥ उसका कहणां भी व्यर्थ होता है ॥ तै
से अप्रबुध कों सर्वब्रह्म का उपदेश व्यर्थ होता है ॥ ता
ते मूढ कों युक्तों कर जगाईता है ॥ अर बोधवान कों अंत
छ तन काले उपदेश करीता है ॥ हे रामजी एताकाल

कृत्र

कदाचित

तं अप्रबुध था ॥ इसकारणतें मैं तुजकों नानाप्रकार
की युक्तों उपदेश कर जगाया है ॥ तब मैं तुजकों प्र
त्यक्ष तत्त्वका उपदेश कीया है ॥ हे रामजी अब तं ऐ
से धार जो मैं ब्रह्म हों ॥ इह तीनों जगत भी ब्रह्म है ॥ अहं
त्वं आदिक सर्व ब्रह्म है ॥ द्वैत कल्पना कछु नहीं ॥ ऐ
से धारकर जो तेरी इछा होवे तैसे कर ॥ हृदय संवेदन
फुरे तौ ही सदा आत्म विषे स्थित रहे ॥ इस प्रकार अ
नेक कार्यों विषे भी लेप न होवेगा ॥ हे रामजी जो चेत
न्य परमात्मा व्यापक प्रकाशरूप है ॥ सो सदा अहं भाव
करके फुरता है ॥ ऐसा जो अनंत नवरूप है ॥ चलते बै
ठते खाते पीते चेष्टा करते तिसी विषे स्थित रहे ॥ त
ब अहं मम भाव तेरा निवर्त हो जावेगा ॥ अवेदन जो
शांतरूप ब्रह्म सर्वभूतो विषे स्थित है ॥ तिसकूं तूं प्राप्त
होवेगा ॥ तब आदि अंत तें रहित प्रकाशरूप आपकों
देषेगा ॥ शुध संवित मात्र आत्मा कौं देषेगा ॥ जैसे मृत
का के पात्र कोली टिंड घटादिक सर्व मृत्तिका का अ
पना आप है ॥ तैसे तूं सर्वभूत आत्मा को देषेगा ॥ जैसे
मृत्तिका तें घट भिंन नहीं ॥ तैसे आत्मा तें जगत भिंन नही
जैसे वायु अरु स्पंद दोनों एक है ॥ जैसे जल तें तरंग भिंन
नहीं ॥ तैसे आत्मा तें प्रकृति भिन्न नहीं ॥ जैसे जल अरु त
रंग शब्द मात्र दोइ है ॥ भेद भाव कछु नहीं ॥ अज्ञान कर
के भेद भासता है ॥ अरु ज्ञान करके नष्ट हो जाता है ॥ जैं
से जेवड़ी विषे सर्प है ॥ तैसे आत्मा विषे अकित है ॥ हे रा
मजी चित्तरूपी वृछ है ॥ अरु कल्पनारूपी बीज है ॥ त
ब चित्तरूपी अंकुर उत्पत्ति होता है ॥ तिसतें भावरूपी
संसार उत्पत्ति होता है ॥ जबके आत्मज्ञान करके कल्पना
रूपी बीज दग्ध होता है ॥ तब चित्तरूपी अंकुर नष्ट
हो जाता है ॥ हे रामजी चित्तरूपी अंकुर तें सुख दुःख
रूपी वृक्ष उत्पत्ति होता है ॥ जब चित्तरूपी अंकुर नष्ट
हो जावे ॥ तब सुख दुःख रूपी वृछ कहां तें उपजे ॥ हे राम
जी जेता कछु द्वैत भ्रम है ॥ सो अबोध करके उपजता
है ॥ बोध करके नष्ट अरु क्षय हो जाता है ॥ आत्मा जो

बोधीता

परमार्थसार है ॥ तिसी की भावना कर संसार भ्रम तें मु
क्ति होवैगा ॥ इति श्री निर्वाण प्रकर्णे संस्तत विचा
रो नाम सर्गः ॥ ४८ ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे मुनीश्वर जो
कछु जानणे योग्य था सो मैं सब जाण्या है ॥ अर जो क
छु देषणे योग था सो देष्या है ॥ अब मैं परम पद विषे पू
र्ण आत्मा हूया हों ॥ तुमारे विज्ञानरूपी अमृत के संचणे
कर्के ॥ हे मुनीश्वर पूर्ण नें सब विश्व पूर्ण करा है ॥ पूर्ण
तें पूर्ण प्रतीत करी है ॥ पूर्ण विषे पूर्ण ही स्थित है ॥ अब र
हैत कछु नहीं ॥ इह मुजकों अब अनुभव हूया है ॥ हे मु
नीश्वर ऐसे मैं जाणकर लोकों के निमित्त तुम सों पूछ
ता हों ॥ अर बोध की दृढता निमित्त पूछता हों ॥ जो बा
लिक पिता सों पूछता है ॥ तब पिता उदवेग नहीं करती
तैसे तुम उदवेगवान नहीं होवणा ॥ हे मुनीश्वर श्रोत्र च
क्षु त्वचा रसना घ्राण पांचो इंद्री प्रत्यक्ष दृष्ट आवती
हैं ॥ जब इह मरजाता है ॥ तब तिस काल विषे विषयों कों
ग्रहण किंउ नहीं करतीयां ॥ अर जीवत ऐसे कैसे ग्रहण
करतीयां हैं ॥ अर मूये किंउ नहीं करतीयां ग्रहण ॥ अर घ
टादिकों की न्याई जड बाहर स्थित है ॥ अंतर इनका अ
नुभव कैसे होता है ॥ लोहे की सलाका वत भिन्न भिन्न इ
ह हैं ॥ इनका एकता होवणा कैसे हूया है परस्पर ॥ एक
जो आत्मा कर अनुभव होता है ॥ मैं देषता हों ॥ मैं सुणता हों
इत्यादिक एक ग्रीवृत्ति किंउ कर हूई है ॥ मैं समान कर्के
जाणता भी हों ॥ पर विसेष कर तुम सों पूछता हों ॥ श्रीव
शिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इंद्रीयों अर चित्तादिक अर घ
टपटादिक पदारथ ॥ निर्मल चेतन्य तें भिन्न नहीं ॥ आ
त्मतत्व प्रकासते भी सूक्ष्म है ॥ हे रामजी जब चेतन्य त
त्त तें चेतता पुर्यष्टका की भावना की वृत्त फुरी है ॥ तब इं
द्रीगणों सहित आगे देषता भई है ॥ तब चित्त के अंग
इंद्रीगण हूई हैं ॥ इनकी घनता कर्के चेतन्यतत पुर्यष्ट
का भाव कों प्राप्त हूया है ॥ तिस विषे सन घटादिक प
दारथ प्रतिबिंबत हूये हैं ॥ पुर्यष्टका विषे भासे हैं ॥ श्री
रामोवाच ॥ हे मुनीश्वर अनंत जगत जो रचे हैं ॥ अर

रूप आत्मा तें

महं आदर्श विषे प्रतिबिंबत हैं ॥ तिस पुरयष्टका का
रूप क्या है ॥ अरु कैसे हूई है ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रा
मजी आदि अरु अंत ते रहित जो जगत का बीजरूप
अनादि ब्रह्म है ॥ सो निरामय है ॥ अरु प्रकाशरूप है ॥ शु
ध चिन्मात्र कलनां ते रहित अचिंत है ॥ सो जब कलनां
के सन्मुख हूया ॥ तब तिसका नाम जीव हूया ॥ सो जीव
देह कों चेतता भया ॥ जब अहंभाव फुरया ॥ तब अहं
कार हूया ॥ जब मनन करणे लागा ॥ तब मन हूया ॥ जब
निश्चय करणे लागा ॥ तब बुधि हूई ॥ अरु इंद्रयें परमा
त्मा कों देषणे की भावनां हूई ॥ तब इंद्रीयां भई ॥ जब
देह की भावनां करणे लागा ॥ तब देह हूई ॥ घटपट की
भावनां हूई ॥ तब घटपट हूया ॥ इसी प्रकार जैसी जैं
सी भावना होती गई है ॥ तैसे पदार्थ होते गये हैं ॥ हे
रामजी एही स्वभाव जिसका है ॥ तिसकौं पुर्यष्टका क
हते हैं ॥ स्वरूप ते विपर्ययरूप जो दृस्य की ओर भाव
नां भई है ॥ अरु कर्तृत्व भोक्तृत्व सुषदुषादिक की भा
वनां कलनां अभिमान जो चित्तकला विषे हूया ॥ ति
स कर तिसकों जीव कहते हैं ॥ जैसी जैसी भावनां कों आ
कार हूया है ॥ तैसी तैसी वासनां कर्ते भया ॥ जैसे जलक
र संचयो हूया बीज ॥ टास पत्र फल फूल भाव कों प्रा
प्त होता है ॥ तैसे वासनां कर संचा हूया स्वरूप के प्रमा
द कर महा मोहजाल विषे गिरता है ॥ अैसे जानता है ॥
जो मैं मानुष देह सहित हों ॥ अथवा देवता हों स्थावर
हों ॥ इत्यादिक देह कों पाय कर देह साथ मिल्या हूया
जाणता है ॥ अैसे नहीं जाणता जो मैं चिदात्मा हों ॥ देह
साथ मिल्या हूया पछिन्न तुछरूप आप कों देषता है
इस मिथ्याज्ञान कर केद्रबता है ॥ देह विषे अभिमान
ककें वासनां के वस हूया चिरपर्यंत अधः ऊर्ध मध्य
विषे इह जीव भ्रमता है ॥ जैसे समुद्र विषे आया हूया
काष्ट तरंगों कर उछलता है ॥ अधः ऊर्ध कों जाता है ॥ अ
र जैसे घटीयंत्र की टिंडा अधः ऊर्ध कों जाती हैं ॥ तैसे जी
व वासनां के वस ते अधः ऊर्ध कों भ्रमता है ॥ अरु विचा

रुअरुअभ्यासकरआतमबोधकोप्राप्तहोताहै ॥ त
बसंसारबंधनतैंमुक्तिहोताहै ॥ आदिअरुअंततैंरहि
तजोआत्मपदहै ॥ तिसकोप्राप्तहोताहै ॥ बहुतकाल
जनोंकोंजोगाकरआत्मज्ञानकेवसतैंपरमपदकोंप्रा
प्तहोताहै ॥ हेरामजीस्वरूपतैंउतिरकरजीवइसप्र
कारजोमतेहैं ॥ अरुशरीरोंकोपावतेहैं ॥ अबइहसुण
जोचक्षादिकइंद्रीयांमृतककूयेंविषयोंकोकिसन
मितग्रहणनहीकरतीयां ॥ हेरामजीजबशुधतततवि
षेचितकलनांहोतीहै ॥ तबउहकलनांजीवरूपहोती
है ॥ बहुडमनसहितषट्इंद्रीयोंकोलेकरदेहरूपी
गेहविषेस्थितहोताहै ॥ तबबाह्यविषयोंकोग्रहण
कर्तीहै ॥ मनसहितषट्इंद्रीयोंकेसंबंधकरविषयों
कागहणहोताहै ॥ इनतैंरहितविषयोंकोकदाचित
नहींग्रहणकरती ॥ इसप्रकारइनविषेस्थितहोइ
करविषयोंकोंग्रहणकरताहै ॥ यद्यपिइंद्रीयांभिन
भिंनहैं ॥ तौभीइनकोएकठाकरलेतीहै ॥ इनकाएक
ठाहोवणांअहंकाररूपीतागेकरहोताहै ॥ देहइंद्री
यांमणकोंकीन्यांईहैं ॥ इनकौंएकठाकर्केजीवकह
ताहै ॥ मैंदेषताहों ॥ मैंसूंघताहों ॥ मैंबोलताहों ॥ मैंसुण
ताहों ॥ इत्यादिकइनकेअभिमानकर्केविषयोंकं
ग्रहणकर्तीहै ॥ हेरामजीदेहइंद्रीयांमनादिकजड
हैं ॥ परआतमाकीसत्तापायकरअपणेअपणेविष
यहुंकोंग्रहणकर्तीहैं ॥ जबलगपुर्यष्टकादेहविषे
होतीहै ॥ तबलगइंद्रीयांविषायोंकंग्रहणकरती
हैं ॥ जबपुर्यष्टकादेहसोंनिकसजातीहै ॥ तबइंद्रीयां
विषयोंकोनहींग्रहणकरती ॥ हेरामजीइहजोप्रत्य
क्षनेत्रनासकाकांनजिह्वात्वचाभासतीहै ॥ सोइह
इंद्रीयांनहीं ॥ इंद्रीसूक्ष्मतन्मात्राहैं ॥ इहतिनकेरह
णेकेस्थानहै ॥ जैसेगेहविषेजरोषेहोतेहैं ॥ तैसेइहस्था
नहैं ॥ अरजीवकारूपसुण ॥ हेरामजीआतमततसन
मोडपरणहै ॥ अरतिसकाप्रतिबिंबतहांपडताहै ॥ ज

हंतिर्मलवौरहोतीहै॥ जैसेजलनिर्मलविषेप्रतिबिं
बहोताहै॥ जैसेदोकुंडहोवें॥ एकजलजेकरपूरणहो
वे॥ दूसराजलतेंरहितहोवे॥ सोसूर्यकाप्रकाशदोनों
विषेतुल्यहोताहै॥ परजिसविषेजलहै॥ प्रतिबिंबति
हांहीहोताहै॥ जलकेहोलेलेकरप्रतिबिंबभीहलता
हैदृष्टआवताहै॥ अरजहांजलनहींतहांप्रतिबिंबनी
तहीं॥ तैसेजहांसात्विकअंसअंतहकर्णहोताहै॥ त
हांआतमाकाप्रतिबिंबजीवभीहोताहै॥ सोजबलग
शरीरविषेहोताहै॥ तबलगशरीरचैतन्यभासता
है॥ जबउहजीवकलापुरयिष्टकारूपशरीरकोत्या
गजाताहै॥ तबशरीरजडुभासताहै॥ जैसेकुंडसेंज
लनिकासलेजावे॥ अरकुंडसूर्यकेप्रतिबिंबकर
हीनभासताहै॥ तैसेअंतष्करणअरतन्मात्रापुरयि
ष्टकाविषेआतमाकाप्रतिबिंबहोताहै॥ जबपुरयि
ष्टकाशरीरकोत्यागजातीहै॥ तबशरीरजडभास
ताहै॥ हेरामजीजैसेझरोषेकेआगेंकोऊपदारथर
खाये॥ तबझरोषेकोपदारथकाज्ञानकछुनहींहो
ता॥ जोउनकास्वामीआनदेषताहै॥ तबपदारथको
ग्रहणआनकरताहै॥ तैसेइंद्रीयोंकेस्थानोंविषे
सत्तामतन्मात्राग्रहणकरणेवालीहोतीहै॥ तबवि
षयोंकोग्रहणकरतीहैं॥ जबनहींहोतीतबनहींग्रह
णकरतीयां॥ हेरामजीप्रतछदेषजोकोऊकथाका
श्रोतापुरुषकथाविषेबैठाहोताहै॥ अरचितउस
काअवरगौरनिकसजाताहै॥ तोप्रतछबैठाहै॥ प
रसुणताकछुनहीं॥ काहेतेंजोश्रवणइंद्रीमनकेसा
थगईहै॥ तैसेपुरयिष्टकानिकसजातीहै॥ तबमृ
तकहूयोंइंद्रीयांविषयऊंकोग्रहणनहींकरती
यां॥ हेरामजीअहंममतेंलेकरजोदृस्यहै॥ सोभीसर्ग
केआदिविषेआतमरूपीसमुद्रविषेतरंगावतफुरी
है॥ तिसकरआगेंदृस्यकेलनाहूईहै॥ सोनदेसनहै

नकानहै॥ नहूयाहे॥ इहसभअसतरूपहैं॥ वास्तव
कछु नहीं॥ ऐसेजाणकर असंगविचिर॥ संसारकेसु
षदुःषहर्षशोकरागद्वेषतें रहितहोकरविचिर॥ त
बतूं मायाकं तरजावेंगा॥ इतिश्रीनिरवाणप्रक
र्णेसंवेदनविचारोनामसर्गः॥४८॥ श्रीवशिष्ठो
वाच॥ हेरामजी वास्तवतें इंद्रीयांआदिकगण
कछु उपजे नहीं॥ जैसेआदिकमनजाब्रह्माकीउत्प
त्तिमेंतुजकोंकहीहे॥ सोसमतुजेंसुणीहे॥ जैसेंआदिजी
वपुरयिष्टकारूपब्रह्माउपजाहे॥ तैसेअवरभीउपजे
हैं॥ हेरामजीजीवपुरयिष्टकाविषेस्थितहोयकर॥ जैसी
जैसीभावनांकरतीगयाहे॥ तैसेतैसेभासणेलागा॥ बहु
डतिसकीसत्तापायकरइंद्रियआपणेआपणेंविषयों
कोंग्रहणकरणेलागी॥ अरवास्तवतेंइंद्रीयांभीकछुव
स्तनहीं॥ सत्तआत्माकेआभासकरपडीफुरतीहैं॥ इंद्री
अरइंद्रियोंकेअर्थइहसंवेदनतेंउपजेहैं॥ जैसेंउपजे
हैं॥ तैसेतुजकोंकहाहे॥ हेरामजीशुधसंवितमात्रसत्ता
विषेजोअहंउलेषहूयाहे॥ सोसंवेदनहूईहे॥ जोसंवे
दनजीवरूपपुरयिष्टकाभावकोंप्राप्तहोयेकरबुधि
मनअरपंचतन्मात्राकोंउपजायकरजीवकलाआप
हीतिसविषेप्रवेशकरस्थितभई॥ तिसकोंपुरयिष्टका
कहतेहैं॥ परइहउपजीभीस्पंदविषेहै॥ आत्माविषेउ
पजाकछुनहीं॥ सोआत्मानएकहे॥ नअनेकहे॥ अनंत
आत्मततआस्तिअनामयहे॥ अरवेदनांभीतिसतेंअ
नन्यरूपहे॥ इसकारणतेंकहाहे॥ जोपूर्णसततातेंइतर
कछुनहीं॥ हेरामजीतिसविषेनकछुचेतकलनांहे॥ न
कोउमननशक्तिहे॥ केवलशांतिसत्ताहे॥ तिसकोंपरमा
त्माकहतेहैं॥ सोमनसहितषट्इंद्रीयोंतेंअतीतहे॥ अ
चेतचिन्मात्रहे॥ तिसतेंजीवउत्पत्तिनयाहे॥ एहभीउपदे
शाकेनमित्तकहीताहे॥ वास्तवतेंकछुउपजानहीं॥ केवल
भ्रममात्रहे॥ जहांजीवउपजाहे॥ तहांतिसकोंअहंभावबि
पर्ययहूयाहे॥ एहीअविद्यारोगाहे॥ सोउपदेसकोंपायक

रलीन होजाता है ॥ जैसे निर्मली करजलकी मलिनता
लीन होइजाती है ॥ तैसे गुरु अरु शास्त्र के उपदेश को
पायकर अविद्या लीन होजाती है ॥ तब आत्मरूप अंकु
रश्रांति होजाते हैं ॥ ज्ञानरूप आत्मा शेष रहता है ॥ तिस
विषे आकाश भी स्थूल है ॥ जैसे परमाणु के आगे सुमेर
स्थूल होता है ॥ तैसे आकाश स्थूल है ॥ हे रामजी आत्मा वि
षे जो स्थूलता भासती है ॥ सो भ्रममात्र है ॥ जो बडे उदार आ
रंभ भासते हैं ॥ सो भी असत हैं ॥ अवर जगत के पदार्थों की
क्या बात है ॥ हे रामजी आत्मा विषे जगत कछु नहीं पाईता
काहे तें जो वस्तु असम्यक ज्ञान करके भासती है ॥ सो सम्य
क ज्ञान करके नहीं पाईती ॥ जेते कछु जगतजाल भास
ते हैं ॥ सो सब मायामात्र हैं ॥ अर्थ कछु सिध नहीं हो
ता ॥ जैसे मृगतृष्णा का जल यत्न करि भी पान कीया
नहीं जाता ॥ तैसे जगत पदार्थों कर कछु परमारथ
सिध नहीं होता ॥ अज्ञान करके भासते हैं ॥ हे रामजी जो
वस्तु संम्यक ज्ञान करके पाईये ॥ सो सत जाणीये ॥ जो
सम्यक ज्ञान करके न रहे ॥ सो भ्रममात्र जाणीये ॥ एह जी
व पुर्यष्टका अविद्या कि भ्रम है ॥ असत्त ही सत होइ भा
सता है ॥ जब गुर अरु शास्त्र का विचार होता है ॥ तब ज
गत भ्रम मिट जाता है ॥ अरु पुर्यष्टका विषे स्थित हो
इकर जैसी भावना करती है ॥ तैसी सिध होती है ॥ जैसे
बालिक अपणे परछावें विषे वैताल कल्पता है ॥ तैं
से जीव कल्प अपणे आप विषे देश काल तनतादिक
कल्पती है ॥ भावना के अनुसार तिस को भासते हैं ॥ जै
से बीज तें पत्र फूल फल टासादिक विस्तार होता है ॥
तैसे तन्मात्रा तें अवर भूत जात वध्ये ॥ अंतर बाहिर दे
श काल कृया कर्म कृये हैं ॥ आदि जीव फुरकर जैसा
संकल्प धारता भया ॥ तैसे होत भया ॥ सो एह संवेदन
नी आत्मा साथ अनन्यरूप है ॥ जैसे मरचे अरु तीक्ष्णता
अनन्यरूप है ॥ जैसे आकाश विषे शून्यता अभिन्नरूप

८०
80

है॥ तैसे आतमा विषे वेदना अनन्यरूप है॥ तिस वे
दना उपजकर तिस्कै धारता जो एह पदारथ ऐसे
हैं॥ एसे होइ॥ सो तैसें स्थित हैं॥ अन्यथा कदाचि
त नहीं होते॥ जैसे आदि जीव फुरकर तिस्का धारता
है॥ तिसका नाम नैत है॥ अर स्वरूपतें सर्वात्मा ही है
आत्मसत्ता एरूप धारकर स्थित भई है॥ जैसे एक
ही गन्नेकी रस ग्राकर खंडादिक विकारोंको पावती
है॥ जैसे एक मृतका घट मट टिंट मो जो आदिक वि
कारोंकों पावती है॥ तैसे आत्मसत्ता सर्वसंज्ञाको पा
वती है॥ जैसे एक ही जलकी रस पत्र फल फल वासा
दिक होयकर भासता है॥ तैसे एक ही सत्ता घट पट
कंध गादी आदिक अकार हो भासती है॥ हे रामजी जै
से आदि जीवने तिस्कै कीया है॥ तैसे ही स्थिति है॥ अन्य
था कदाचित नहीं होती पर जागत काल विषे ऐसे है
वास्तवतें न बिंब है॥ न प्रतिबिंब है॥ [illegible] ॥ काहेतें
जो द्वैत विषे होते हैं॥ सो द्वैत कछु नहीं॥ केवल चिदात्
दत्व ल आत्मतत्व अपने आप विषे स्थित है॥ देहादि
कभी चिन्मात्ररूप हैं॥ हे रामजी जेता कछु जगत भासता
है॥ सो आत्माका कंचनरूप है॥ जैसे जेवडी सर्प भासती है
तैसे आत्मा जगतरूप हो भासता है॥ जैसे स्वर्न भूषण हो
भासता है॥ जैसे स्वर्न विषे भूषण कछु वस्तु नहीं॥ तैसे आ
त्मा विषे द्रस्य वास्तव नहीं॥ जैसे स्वप्नपतन असत ही स
त हो भासता है॥ तैसे जीवकों देह भासती है॥ हे रामजी आ
त्मसत्ता जिउकी तिउ है॥ पर फुरनेकर अनेकरूप धार
ती है॥ जैसे एक नट या अनेक सांगोंको धारता है॥ तैसे
आत्मसत्ता देहादिक अनेक अकारोंको धारती है॥ जैसे
स्वप्ने विषे एक ही अनेक रूपधारी होता है॥ तैसे जाग्रत
विषे नानारूपकों धारता है॥ हे रामजी आत्म नित्य शुद्ध
सर्वका आपणा आप है॥ अपने स्वरूपके प्रमाद कर

आपकोजन्ममरनजानताहै॥सोजन्ममरणअसतरूपहै
जैसेकोउपुरुषआपकोंस्वपनेंविषेस्वानरूपजाणै
तैसेआपकोइहजन्मतामरतादेषताहै॥जैसेजैसेइ
सकोंपूरवभावनांधडहोरहीहै॥तैसातैसाहीभासता
है॥भ्रमकरकेअसतकोसतपडाजानताहै॥जैसेस्वप्ने
विषेवस्तकोअवस्त॥अरवस्तकोंअवस्तदेषताहै॥तैं
सेजागतविषेविपर्ययदेषताहै॥जैसेजागतज्ञानतैं
स्वप्नभ्रमनिवृत्तहोजाताहै॥तैसेआत्माअधिष्टानके
ज्ञानतैंजगतभ्रमनिवर्तहोजाताहै॥जैसेपूरवउष्कृत
कर्मकीयाहोवै॥अरतिसकेपाछैंसुकृतकर्मकरीये
तबउहअछादयाजाताहै॥तैसेपूरवसंस्कारजोनीच
वासनांहोतीहै॥अरपाछैंआतमततकाअभ्यासक
रीये॥तबपुरुषप्रयत्नकरकेंमलिनवासनानष्टहोजा
तीहै॥जबलगवासनामलिनहोतीहै॥तबलगउपज
ताबिनसतापडागोतेषाताहै॥जबसंतोकेसंगअर
शास्त्रकेविचारकरआत्मज्ञानउत्पतिहोताहै॥त
बसंसारबंधनतैंछूटताहै॥अन्यथानहींछूटताहै
रामजीजीवचितवासनांकेलेककरआवरताहै॥अ
रअन्यथानहींछूटता॥अरूँपीमंदरविषेबैठक
रसोअनेकभ्रमकोंदेषताहै॥आदिजीवजोफुरताहै
सोअपणेस्वरूपकोंत्यागकरअनातमभ्रमकूंदेष
तामयाहै॥जैसेबालिकपछावेंविषेभूतकल्पै॥तैसे
कल्पकरजैसीजैसीभावनांकरी॥तैसेभासणेलागा
आदिजीवपुरयष्टकाविषेस्थितभया॥पुरयष्टकाक्या
कहीये॥बुधिमनअहंकारअरतन्मात्राइनकाना
मपुरयष्टकाहै॥अरअतिवाहकदेहहै॥चैतन्यआ
त्माअमृतहै॥आकाशनीतिसकेनिकटस्थूलहै॥
प्राणवाइगुंछेकेसमानहै॥देहसुमेरकेसमानहै॥अं
सासूक्ष्मजीवहै॥सुषुप्तजडरूप॥अरस्वप्नभ्रमदों
नोंअवस्थाविषेस्थावरजंगमरूपजीवपडेभटकते
हैं॥कबहूंसषोपतविषेस्थितहोतेहैं॥कबहूंस्वप्नेवि

बेस्थितहोतेहैं॥ इसप्रकारदोनोंअवस्थाविषेजीवप
डेभ्रमतेहैं॥ हेरामजीसर्वकादेहअतिवाहकहै॥ ति
सीदेहकरपडेचेष्टाकर्तेहैं॥ कबहूंस्थावरविषेजा
तेहैं॥ तबवृक्षपथरादिकयोनकोंपावतेहैं॥ जोस्वपनें
विषेहोतेहैं॥ तोजंगमयोनकूंपावतेहैं॥ सोभीकर्मवा
सनाकेअनुसारपावतेहैं॥ जोतामसीवासनाघनतर
होतीहै॥ तबकल्पवृक्षचिंतामणिआदिकस्वरूपकों
प्राप्तहोतेहैं॥ जोकेवलतामसीघनतमोहरूपहोतीहै
तबअवरवृक्षपथरादिकयोनकोंपावतेहैं॥ इसका
नामसुषुप्तहै॥ सोलयघनरूपहै॥ अरतिसतेंइतर
मोह विक्षेपरूपस्वप्नअवस्थाहै॥ कबहूंतिसविषेहोता
है॥ कबहूंसुषुप्तरूपस्थावरहोताहै॥ हेरामजीसुषुप्त
अवस्थाविषेवासनासुषुप्तरूपहोतीहै॥ सोबहुरउ
गमतीहै॥ इसकरकेमोहरूपहै॥ अरतिससुषुप्ततें
जबउतरताहै॥ तबविक्षेपरूपहोताहै॥ जबबोधहोवे
तबजागतअवस्थाकोंपावे॥ सोजागतदोप्रकारकी
है॥ सोईजागतहै॥ जोलेअरविक्षेपतेंरहितऔचेतन्य
अवस्थाहै॥ तिसतेंरहितहै॥ सोअवरमनोराजसनस्वप
नरूपहै॥ एकजीवन्मुक्तिजागतहै॥ दूसरीविदेहमुक्ति
है॥ जीवन्मुक्तितुरीयारूपहै॥ विदेहमुक्तितुर्याअतीत
है॥ इहअवस्थाजीवकोंबोधकरप्राप्तहोतीहैं॥ अरबो
धपुरुषप्रयत्नकरहोताहै॥ इसतेंरहितनहींहोता॥
हेरामजीजीवकूंकाफुरणांज्ञानरूपहै॥ जोदृस्यकीओ
रलागताहै॥ तबउहउहीरूपहोजाताहै॥ अरजोसतकी
ओरलागताहै॥ तबसतरूपहोजाताहै॥ जबदृस्यकेस
न्मुखहोताहै॥ तबदीरघभ्रमकोंदेखताहै॥ जीवकेअंत
रजोसत्यरूपहोइफुरताहै॥ सोभीआत्मसत्तातेंइतर
कछुवस्तुनहीं॥ जैसेवलनदोईविषेदाणोंवतजलभी
पडाउछलताहै॥ सोजलतेंइतरकछुवस्तनहीं॥ तैसे
आत्माबिनाजीवकेअंतरकछुवस्तुनहीं॥ अवरसत्यजो
भासतीहै॥ सोमायामात्रहै॥ हेरामजीजीवकोंस्वरूपके
प्रमादकरकेसत्यभासतीहै॥ सोसतवतहोगईहै॥ तिस

करनानाप्रकारकीविश्वभासतीहै॥ अरनानाप्रकार
कीवासनांपडीफुरतीहै॥ तिसवासनाकरबंधमानकू
याहै॥ जबवासनाक्षयहोवै॥ तबमुक्तिरूपहै॥ हेराम
जीघनवासनांमोहरूपकानामसुषुप्तजडअवस्थाहै
अरक्षीणस्वप्नरूपहै॥ जबस्वरूपकाप्रमादहोताहै॥ त
बदृश्यविषेसततबुधिहोतीहै॥ तिसविषेप्रतीतहोती
है॥ तबनानाप्रकारकीवासनांउदैहोतीहै॥ अरजोस्वरू
पकासाक्षात्कारहोताहै॥ तबसंसारसत्तानासहोजाती
है॥ बऊडवासनांनहींफुरती॥ हेरामजीवासनांतबल
गफुरतीहै॥ जबलगदृश्यविषेसततबुधिहोतीहै॥ ज
बजगतकाअत्यंतअभावकूया॥ तबवासनांभीनहींर
हिती॥ जैसेभूषणगलिकरस्वर्णकीया॥ तबभूषणबु
धिनहींरहिती॥ जोअज्ञानकरवस्तउपजीहै॥ सोज्ञान
करलीनहोजातीहै॥ सोवासनांभीअबोधकरउपजी
है॥ बोधतेलीनहोइजातीहै॥ हेरामजीघनवासनांकर
सुषुप्तजडअवस्थाहोतीहै॥ अरतनवासनांकरस्वप्न
देषीताहै॥ घनवासनांमोहकेरजीवस्थावरअवस्था
कौप्राप्तहोतेहैं॥ अरमध्यवासनांकरतिर्यगयोनिपशु
पंछीसर्पादिककौप्राप्तहोतेहैं॥ अरतनुवासनांकरम
नुष्यादिकशरीरकौपावताहै॥ अरनष्टवासनांकर
मोक्षपदकौपावताहै॥ हेरामजीइहजगतसभसंक
ल्पकररचितहै॥ बाह्यघटपटादिककौजोदेषताहै
अरग्रहणकरताहै॥ सोएकअंतरदेहविषेस्थितहो
इकरबाह्यघटपटादिकहोइकेस्थितहोताहै॥ तिन
कौग्रहणकरताहै॥ ग्राह्यग्राहकसंबंधदेषताहै॥ इह
मैंग्रहणकीयाहै॥ इहमैंलीयाहै॥ अरजोज्ञानवानहैं॥
सोनकछुग्रहणकरणेकाअभिमानकरताहै॥ नकछु
त्यागणेकाअभिमानकरताहै॥ तिसकौअंतरबाह्य
सत्चिदाकाशभासताहै॥ चेतन्यसत्ताकाइहचमत्का
रहै॥ तीनोजगतरूपहोयकरउहीप्रकाशताहै॥ रंचक
मात्रभीकछुअन्यनहीं॥ केवलआत्मसत्ताअपणेआ
पविषेस्थितहै॥ जैसेसमुद्रविषेतरंगबुदबुदेहोकरभा
सतेहैं॥ परजलहीजलहै॥ जलतेइतरकछुनहीं॥

तैसे आत्मा जगत रूप होइ कर भासता है॥ अवर द्वैत
वस्तु कछु नहीं॥ इति श्री निर्वाण प्रकर्णे यथार्थ उ
पदेशो नाम सर्गः॥ ५० ॥वशिष्ठोवाच॥ हे राम
जी जैसे जीव कों स्वप्ने विषे संसार उदै होता है॥ सो कल्प
ना मात्र होता है॥ न सत है॥ न असत है॥ जीव को एक फु
रणे कर भ्रम भासता है॥ तैसे इह जाग्रत अवस्था भ्रम
मात्र है॥ स्वप्न अर जाग्रत एक रूप है॥ जैसे स्वप्ने विषे जा
ग्रत का एक छिण दीरघ काल हो जाता है॥ तैसे स्वरूप
के प्रमाद कर इस कों जाग्रत भी दीरघ काल का भ्रम
हूया है॥ सत को असत जाणता है॥ अर असत को सत
जाणता है॥ जड को चैतन्य जाणता है॥ अर चैतन्य को
जड जाणता है॥ विपर्ये ज्ञान कर के इस प्रकार जाण
ता है॥ जैसे एक ही जीव स्वप्ने विषे अनेकता को प्राप्त हो
ता है॥ तैसे आदि जीव एक तें अनेक हो भासता है॥ जैसे
स्थाणु विषे चोर भ्रम भासता है॥ तैसे आतमा विषे ती
नों जगत भ्रम भासते हैं॥ जैसे सुषुप्त तें स्वप्न भ्रम उदै
होता है॥ तैसे अद्वैत आतमतत विषे जगत भ्रम होता
है॥ आत्मा अनंत सर्वगति है॥ जीव का बीज रूप है॥ जैं
सा उस के आगे फुरणा होता है॥ तैसा सिध होकर भास
ता है॥ हे रामजी जिन पुरषों कं स्वरूप की स्थिति भई है॥
सो सदा निसंग होइ कर विचरते हैं॥ जैसे पुंडरीकाक्ष
विष्णजी निःसंगता उपदेश करेंगे॥ तिस को पाय क
र अर्जुन मुक्त होइ कर विचरेगा॥ तैसे हे महाबाहो तुं
म भी विचरो॥ हे रामजी पांडु का पुत्र अर्जुन नाम जैसे
सुख साथ जीवणा व्यतीत करेगा॥ सर्व विवहार विषे भी
सुखा स्वस्थ रहेगा॥ तैसे तुं भी निःसंग होइ कर विचिर
॥श्रीरामोवाच॥ हे ब्राह्मण पांडु का पुत्र अर्जुन कब
होवेगा॥ अर कैसे विष्णुजी तिस कों निःसंगता उपदेश
करेंगे॥ श्रीवशिष्ठोवाच॥ हे रामजी आस्ति सन्मा
त्र जो तत है॥ जिस विषे आत्मादिक संज्ञा कल्प कर कही
है॥ सो आतमसत्ता अपणे आप विषे स्थित है॥ आदि अ
र अंत तें रहित है॥ जैसे आकाश विषे आकाश स्थित है

तैसे निर्मल तत आपणें आप विषे स्थित है ॥ तिस वि
षे जगत भ्रम फुरता है ॥ जैसे स्वप्न विषे भ्रमण फुरते हैं
तैसे आत्मा विषे चौदस प्रकार के भूतजात फुरते हैं ॥
इस संसार जाल विषे भूत प्राणी पडे फुरते हैं ॥ जैसे पं
छी जाल विषे भ्रमते हैं ॥ तैसे जगत विषे जीव भ्रमते
हैं ॥ चंद्रमा सूर्य लोकपाल होय कर स्थित हैं ॥ पंच भू
तों का तिनहूं क्रम रचा है ॥ जो इह पुण्य ग्रहण करणें यो
ग्य है ॥ इह पाप त्यागणें योग्य है ॥ पुन्यों कर स्वर्गादिक
सुख प्राप्त होता है ॥ पाप कर नर्क प्राप्त होता है ॥ इह मर्या
दा लोकपालों स्थापन करी है ॥ इस प्रकार संसार रूपी
नदी पर आरूढ हूये पडे वहते हैं ॥ जैसी संसार रूपी
नदी वहती है ॥ अछिन्न रूप भासती है ॥ अर नास रू
प क्षण क्षण विषे पडी नष्ट होती है ॥ जैसे नदी का वेग
समान प्रवाह करके उही पडा भासता है ॥ पर होता अ
वर है ॥ क्षण क्षण विषे उह गया पुं जाता रहिता है ॥
तैसे संसार अपने काल विषे अछिन्न रूप सत भास
ता है ॥ अर आत्मा की अपेक्षा करके नास रूप है ॥ क्षण
क्षण विषे पडा नष्ट होता है ॥ तिस जगत विषे वैवस्व
त सूर्य का पुत्र यमराज लोकपाल बडा प्रतापवान
स्थित है ॥ सो बडा तेजवान है ॥ अर सभ जीवों को मार
ता है ॥ ऐसे नेम को धार कर प्रजा विषे स्थित है ॥ आ
दि प्रवाह इस प्रकार हूया है ॥ तिस पतन प्रवाह कार्य
विषे स्थित है ॥ जीवों को मारणें ॥ अर दंड करणें एही
उसका नेम है ॥ अर चित विषे पहाड की न्यांई स्थित है
सो यमराज चौं चौं युगों पर्यंत एक नेम को धारता है ॥
जो किसी जीव को मारणें नहीं ॥ कबहूं अष्ट वर्ष ॥ क
बहूं बारह वर्ष का नेम धारता है ॥ कबहूं सप्त वर्ष ॥
कबहूं षोडश वर्ष नेम धारता है ॥ तब उदासीन की न्यां
ई स्थित होता है ॥ किसी को मारता नहीं ॥ तब पृथ्वी वि
षे नीरंभ्र अनंत हो जाते हैं ॥ चलणें को मार्ग नहीं रहता
तब केई दुष्ट जीव होते हैं ॥ सो जीवहूं को दुःख देते हैं ॥ ति
स कर पृथ्वी भारी होती है ॥ अर दुःखी होती है ॥ ति

स पृथिवी के भार उतारणे के निमित विष्णु जी अव
तार धार करि दुष्ट जीवों कों नष्ट करते हैं ॥ धर्म मार्ग
को पुष्ट करते हैं ॥ अरु दुष्टों को नाश करते हैं ॥ हे रामजी
को इस प्रकार नेम को धारणे हारे यमराज अनंत युग
अपणे विवहार कों करते ब्यतीत होगये हैं ॥ भूत अ
रु जगत अनेक होगये हैं ॥ इस सृष्टि का जो अब वैव
स्वत यम है ॥ सो आगे नेम करेगा ॥ बीदश वर्ष पर्यंत
किसी कों न मारेगा ॥ ऐसा नेम करेगा ॥ तब जीव बहु कु
र्म करणे लागेंगे ॥ पृथिवी भूतों साथ नीरंध्र होजावे
गी ॥ जैसे रत्न साथ गुच्छे संघट होजाते हैं ॥ तैसे पृथिवी
प्राणीयों साथ संघट होजावेगी ॥ तब पृथिवी भार सा
थ दुखित होय कर विष्णु जी की शरणि जावेगी ॥ तब विष्णु
जी दोइ देह कों धार कर पृथिवी का भार उतार हिंगे ॥
अरु सभ देवता अवतार धार कर साथ आवहिंगे ॥
नरों विषे नाइक भाव कों प्राप्त होवहिंगा ॥ एक देह क
र तो वसुदेव के घर विषे पुत्र वासुदेव नाम होवहिगा
अरु दूसरी देह कर पांडु के गेह विषे अर्जुन नाम हो
वैगा ॥ युधिष्टिर नाम धर्म का पुत्र होवहिगा ॥ समुद्र जि
सकी मेखला है ॥ ऐसी जो है पृथिवी तिसका राज क
रैगा ॥ पांडु का पुत्र धर्म का वेता तिसके चाचे का पुत्र दु
र्योधन होवहिगा ॥ तिसका अरु भीम का बडा युद्ध हो
वैगा ॥ दोनों और संग्राम की जो जैसा होवैगा ॥ अगारी
१८ अक्षौहिणी सेना एकत्री होवेगी ॥ तिस विषे बडे
नयानिक योधा होवहिंगे ॥ तिनके बल कर हरि पृथि
वी का भार उतारेंगे ॥ हे रामजी तिस सेना के युध विषे
विष्णु का जो अर्जुन नाम देह होवहिगा ॥ सो गांडीव ध
नुष धारेगा ॥ सो प्राकित भाव विषे स्थित होवैगा ॥ हर्ष
शोकादिक विकारों संयुक्त नर धर्म होवैगा ॥ सो युध
विषे आपणे संबंधीयों कों देष कर मूर्छित होवैगा
मोह कातरता कर तिसका हाथ तें धनुष गिर पडेगा ॥
अरु आर्तिवंत होवैगा ॥ तब बोध देय कर हरि तिसकों

उपदेश करेंगे ॥ दोनों सेना के मध्य विषे जब अर्जुन
मोहित होयकर गिरेगा ॥ तब कहेंगे हे राजसिंह अ-
र्जुन तूं मनुष्यभाव कों किउं प्राप्त हूया है ॥ अरु मोहि-
त भाव किउं हूया है ॥ इस कादरता कों त्यागकर ॥ तूं
परमप्रकाश आत्मतत है ॥ सर्व का आतमा तूं अनंद
अविनाशी अनंत है ॥ आदि अंत मध्य तें रहित है ॥ व-
प्या कादरता कों किउं प्राप्त हूया है ॥ सर्वव्यापी परम अ-
कुररूप है ॥ अरु निर्मल है ॥ दुःख के स्पर्श तें रहित है
नित्य शुध निर्मल है ॥ हे अर्जुन आत्मा न जन्मता है ॥
न मरता है ॥ होयकर बहुरि कछु अवर नहीं होता ॥
काहे तें जो अज है ॥ नित्य है ॥ निरंतर पुरातन है ॥ स-
र्व की आदि है ॥ तिसका शरीर के नाश हूये नाश न
हीं होता ॥ इति श्री निरवाण प्रकर्णे श्री नाराय-
णऽवतारो नाम सर्गः ॥ ४१ ॥ श्री भगवानोवाच
हे अर्जुन जो इस आत्मा कों हंता मानते हैं ॥ कि हन-
ना हूया करता है ॥ अरु इस आत्मा कों हत होता मान-
ते हैं ॥ सो आत्मा कों नहीं जानते ॥ न इह आत्मा मारता
है ॥ न मरता है ॥ काहे तें मारता मरता नहीं ॥ जो अक्रिय रू-
प है ॥ अरु निरवैव है ॥ आकाश तें भी सूक्ष्म है ॥ तिस
आत्मा परमेश्वर कों कौन किस प्रकार मारे ॥ हे अ-
र्जुन तूं अहंकार रूप नहीं ॥ इस अनात्म अभिमान
रूपी मल कों त्यागकर ॥ तूं जन्म मरण तें रहित है ॥
मुक्तिरूप है ॥ जिस पुरुष कों अनात्मा विषे अहंकार
भाव नहीं ॥ अरु बुधि जिसकी कर्तव्य भोक्तृत्व विषे
लिपायमान नहीं होती ॥ सो पुरुष सर्व विश्व कों मारे
तब भी उसकों तु नहीं मारता ॥ न बंधमान होता है ॥ हे
अर्जुन जिसकों जैसा धड निश्चय होता है ॥ तैसा ही ति-
सकों अनुभव होता है ॥ तांतें इह मैं सो अरु मेरा जो
मलिन संवित निश्चय होता है ॥ तिसकों त्यागकर स्व-
रूप विषे स्थित हो ॥ जो ऐसी भावनां विषे स्थित नहीं

होते ॥ अर आपकों नष्ट होता मानते हैं ॥ सो सुख दुःख के
रागद्वेष विषे पडे जलते हैं ॥ हे अर्जुन आपने गुणों के ॥
अंसक मों विषे वर्तते हैं ॥ शब्द स्पर्श रूप रस गंध इन तें
पांचों तत्त्व आकाश वायु अग्नि जल पृथ्वी उपजे हैं ॥
तिन भूतों के अंस श्रवण त्वचा ॥ नासका ॥ नेत्र जिह्वा ॥
विषे स्थित है ॥ ऊह आपणे विषयन कों ग्रहण करते हैं ॥
नेत्र रूप कूं ग्रहण कर्ते हैं ॥ त्वचा स्पर्श कों ॥ जिह्वा रस
कों ग्रहण करती है ॥ नासका गंध कों ॥ श्रवण शब्द कों
ग्रहण करते हैं ॥ तिस विषे अहंकार कर विमूढ हूया
है आतमा जिसका ॥ सो आपकों कर्ता मानता है ॥ मैं दे
षता हों ॥ मैं सुणता हों ॥ स्पर्श करता हों ॥ स्वाद लेता हों ॥ गंध
२९ लेता हों ॥ हे अर्जुन ऐसे न कर्म कलना करके रचे हैं ॥ सो
इंद्रीयों कर कर्म पडे होते हैं ॥ इह अहंभाव कर वृथा
कलेश का भागी होता है ॥ बहुतों मिलकर कर्म की
या ॥ अर तिन विषे एक ही अभिमानी होय कर दुख पा
वता है ॥ सो बडा आश्चर्य है ॥ देह इंद्रीयों कर कर्म होते
हैं ॥ अर अभिमानी होइ कर सुख दुःख विषे रागद्वेष क
र जीव जलता है ॥ तांतें इनका संग अभिमान त्याग कर
आपणे स्वरूप विषे स्थित हो ॥ मन कर बुधि कर केव
ल इंद्रीयों कर जोगी कर्म करता है ॥ अर तिन विषे अ
भिमान वर्तन नहीं करता ॥ निहसंग होय कर कर्ता है
तिस कों आतमपद की सिधता का कारण होते हैं ॥ हे
अर्जुन इस जीव कों अहंकार ही दुखदाई है ॥ अनात्मा
विषे आत्म अभिमान कर्ता है ॥ तिस अभिमान सहि
त जो कछु कर्म कर्ता है ॥ सो सभ दुखदाइक होते हैं ॥ अ
र जो अहंकार रूपी विष के चूरण तें रहित होय कर
चेष्टा करता है ॥ लेता है ॥ देता है सो दुःख का कारण न
हीं होती ॥ सदा सुखरूप है ॥ हे अर्जुन सुंदर शरीर हो
वै ॥ अर विष्टा में लसा अपवित्र मलिन कीया होवै ॥
तब तिसकी सोभा जाती रहिती है ॥ तैसे बुधिवान भी
होवै ॥ अर शास्त्र का वेता होवै ॥ इत्यादिक गुणों कर सं
पन्न होवै ॥ अर अनात्म विषे आतम अभिमान होवै

तिसकौ भी सो भाजाता रहता है ॥ अरु जो निर्मम निरहंका
र होवे ॥ अरु सुख दुःख विषे सम है ॥ ऐसा जो क्षमावान
है ॥ सो युक्त कर्म करै ॥ अथवा अयुक्त कर्म करै ॥ ति
सकौं किसी कर्म का स्पर्श नहीं होता ॥ तातें हे अर्जुन
ऐसे निश्चैवान होयकर कर्म कौं करो ॥ हे पांडु पुत्र
इह युध कर्म तेरा धर्म है सो कर ॥ अपनां कर्म अप्रति
कूड भी होवे पर कल्याण कर्ता है ॥ अरु पराया धर्म उ
त्तम भी होवै तो भी दुखदाइक है ॥ अपणां धर्म अमृत
की न्यांई अल्प भी सुखदाइक है ॥ हे अर्जुन भावें जैसा
कर्म कर ॥ जो तेरे विषे अहंकर्ता भाव न होवैगा ॥ तब तु
ज कौं स्पर्श न करेगा ॥ संग अभिमान कौं त्याग कर ॥ यो
ग विषे स्थित होयकर कर्म कौं कर ॥ जो निहसंग पुरु
ष है ॥ तिसकौं कोउ कर्म आन प्राप्त होवै ॥ तिसकौं क
र्ता क्रूया बंधमान नहीं होता ॥ तातें ब्रह्मरूप होयकर
ब्रह्ममय कर्म कौं कर ॥ तब शीघ्र ही ब्रह्मरूप हो जावैं
गा ॥ जो कछु आचार कर्म होवै ॥ सो ब्रह्म विषे अर्पण क
र ॥ हे अर्जुन सर्व कर्म ईश्वर विषे अर्पण कर ॥ सो ई
ईश्वर आत्मा है ॥ निर्भय कहीये ॥ निरदुःख कहीये ॥ भा
वनां कर भावित क्रूया ॥ ईश्वर आत्मा होयकर पृथि
वी का भूषण होइकै विचिर ॥ संन्यास जोग जुगत हो
इकर कर्मों कौं कर्ता मुक्ति रूप होवैंगा ॥ सर्व संकल्प
का संन्यास ॥ समझ्यां तिमन होइकर विचिर ॥ अर्जु
न उवाच ॥ हे भगवन संग त्याग किसकौं कहते हैं ॥ अ
रु ईश्वर अर्पण किसकौं कहते हैं ॥ अरु ईश्वर अर्पण
रब्रह्म अर्पण किसकौं कहते हैं ॥ अरु संन्यास किसकौं कहते
हैं ॥ योग किसकौं कहते हैं ॥ इनकौं विभाग कर कहो
॥ श्रीभगवानोवाच ॥ हे
महामोह के निवृत अर्थ ॥ जो किसकौं कहते हैं ॥ ज
अर्जुन तें प्रथम ब्रह्म सुण जो किसकौं कहते हैं ॥ अवर
हो सर्व संकल्प शांति हैं ॥ एक चघन वेदनी है ॥ अवर
कछु भावनां का उत्थान नहीं ॥ अचेत चिन्मात्र सत्ता

है ॥ तिसकोपरब्रह्मकहतेहैं ॥ तिसकौंजाणकर ऐसा
पावणेकाउद्यमकरणा ॥ जिसविचारसाथ तिसकौंपा
ई है ॥ तिसकानाम ज्ञानहै ॥ अर तिसविषे स्थित होवणा
तिसकानामजोगहै ॥ अर इहसर्वब्रह्महै ॥ मैंब्रह्महौं ॥
सर्वजगतमैंहीहों ॥ ब्रह्मतें इतर कछु भावनां न होकर
णी ॥ इसकानाम ब्रह्मअर्पणहै ॥ अर नानाप्रकारकाजो
जगत भासताहै सो क्याहै ॥ अंतर भी शून्य ॥ अर बाहिर
भी शून्य ॥ जिसकौं शिलाकी उपमाहै ॥ ऐसा जो आकाश
कउपाव करीये ॥ जब चित नष्ट होवै ॥ तब देह तें रहित होवैं
गा ॥ देह के नष्ट हूये तें चित नष्ट नहीं होता ॥ अरु चित के ना
श हूये तें देह नष्ट होजाता है ॥ जब चित रूप धूर तें रहित
होवैगा ॥ तब केवल शुध आकाश होवैगा ॥ इति श्री निर्वा
णप्रकर्णे चित त्याग वर्णनं नाम सर्गः ॥ ७२ ॥ श्री वशि
ष्ठोवाच ॥ हे राम जी जब इस प्रकार कुंभ कहा ॥ जो चित का
त्यागणा सर्व त्याग है ॥ तब शिषरध्वज कहा ॥ हे भगवन
मैं चित कों स्थित कैसे करों ॥ आकाशरूप संसार का चित
रूप धूड है ॥ अरु संसार रूप वृछ का चित रूप बीतर है ॥
जो कबहूं स्थित नहीं होता ॥ तांतें ऐसे चित कों मैं कैसे व
स करों ॥ तब कुंभ कहा ॥ हे राजन चित का रोकणा तो
सुगम है ॥ नेत्रों के खोलणे अरु मूंदणे विषे भी कछु यत्न है
पर चित के रोकणे विषे यत्न कछु नहीं ॥ पर किन कों सुग
म है ॥ जो दीरघदरसी हैं ॥ अरु अज्ञानी कों चित रोकणा क
ठिन है ॥ जैसे चंडाल चक्रवर्ती राजा होवणा कठिन है ॥ अरु
तृण कों सुमेर होवणा कठिन है ॥ तैसे अज्ञानी कों चित का
रोकणा कठिन है ॥ राजोवाच ॥ हे देवपुत्र वज्र का तोर
ना कठिन है ॥ तो भी टूटता है ॥ जो कोऊ कहै तो मानीये ॥ प
र मन का रोकणा कठिन है ॥ जैसे बंदे मछ कों बालिक रो
क नहीं सकता ॥ तैसे मैं चित कों रोक नहीं सकता ॥ हे देव
पुत्र तुम कहते हो जो मन का रोकणा कठिन नहीं ॥ अरु
मेरे ताईं ऐसे भासता है ॥ जैसे मूर्ति महा सुंदर लिखी हूई
है ॥ अरु अंध पुरुष कों नेत्रों सें नहीं दृष्ट आवती ॥ उह हो
यमो कैसे लखै ॥ तैसे चित कों वस करणा मेरे ताईं कठन है
प्रथम चित का रूप मेरे ताईं कहु जो क्या है ॥ तब कुंभ क
हा ॥ हे राजन इस चित का रूप वासना है ॥ जब वासना
नष्ट होवै ॥ तब चित भी नष्ट होजावै ॥ तांतें चित का बीज तत
ष्ट कर ॥ जो बडुड चित रूप वृछ भी नष्ट होवै ॥ न कोऊ डास
रहै ॥ न कोऊ फूल न फल रहै ॥ अरु जो डासों कों काटेंगा ॥ तब
बडुड होवैगा ॥ डास के काटे तें वृछ नष्ट नहीं होता ॥ बडु

कों

उके ईटास होते हैं ॥ जब बीज कों नष्ट करै ॥ तब वृक्ष भी नष्ट
होजावै ॥ तब राजे कुहा ॥ हे भगवन संसार रूप सुगंध है ॥ तिस
का चित रूप फूल है ॥ अर संसार रूप तत है ॥ तिसका चित
रूप भेह है ॥ देह रूप तृण है ॥ तिसके उदावले वा जो चित रू
प पवन है ॥ अर जु रोम सु अध्यात्मक अधिभूतक तेल है
तिनका एतिल है ॥ जिसतें तेल उपजता है ॥ अर संसार रू
प अंधेरी है ॥ तिसका आकाश एचित है ॥ जो आकाश विषे के
ई अंधेरीयां होती हैं ॥ अर हृदय रूप कमल का भवरा है ॥
तिसका बीज भी कहो ॥ अर टास भी कहो ॥ जो क्या है ॥ अर टा
सों का काटणां क्या है ॥ अर वृक्ष क्या है ॥ अर फल फल क्या है
सो कृपा करके कहो ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजन चेतन्य सरूप चेतन है
स्वच्छ निर्मल अर तिस विषे अहं भाव जो है ॥ सो बीज है ॥ अर
इसी कों अहंकार कहते हैं ॥ अर इसी कों चित कहते हैं ॥ अ
र इसी कों मन कहते हैं ॥ अर इसी कों जड कहते हैं ॥ अर इ
सी कों मिथ्या कहते हैं ॥ तिस अहं विषे जो संवेदना है ॥ सोई
देह इंद्रीयां होकर पसरा है ॥ तिस विषे निश्चा है ॥ एमैं हो ॥ ए
संसार है ॥ एमैं जो हों वणां है ॥ सो जीव अहंकार है ॥ अर अहं
कार इस वृक्ष का बीज है ॥ अर वासनां जो हैं ॥ सो इस चित रूप
वृक्ष के टास हैं ॥ अर सुख दुख इस चित रूप वृक्ष के फल हैं ॥
हे राजा इस टासों का जो काटणां है ॥ सो श्रवण कर ॥ एकांत
बैठ कर ॥ अर चितवनां तें रहित होइ ॥ एक आत्म को त्या
ग करणा ॥ अर दूसरे का अंगीकार करणा ॥ ऐसा जो स्थित हो
वणां ॥ जो मैं ऐसा त्यागी हों ॥ इसकी चितवनां एही टासों का
काटणा है ॥ इन टासों के काटे तें ॥ हे राजन वृक्ष नष्ट नहीं हो
ता ॥ काहे तें जो ऐसा होकर स्थिति होवणां जो मैं हों ॥ अर वा
सनां त्याग करे कछु फुरे नहीं ॥ जब कछु वासनां फुरे ॥ तब
वृक्ष रूप चित के टास हो आवते हैं ॥ जब अहं रूप बीज नष्ट
हो जाता है ॥ तब चित रूप वृक्ष नष्ट हो जाता है ॥ काहे तें जो इ
सका बीज अहं है ॥ जब अहं भाव नष्ट हूया ॥ तब वृक्ष भी न
ष्ट हो जाता है ॥ ताते चित का बीज तें नष्ट कर ॥ राजोवाच ॥
हे देवपुत्र तुमारा निश्चा मैं एही जान्या है ॥ जो चित के त्याग तें
चित का नष्ट करणां श्रेष्ट है ॥ हे भगवन एता काल मैं टासों कों
काटता रहा हों ॥ इसी तें दुःख मेरे नष्ट नहीं भये ॥ अर तुम मों क

हा जो अहंही दुषदाई है॥ सो अहंकाउत्पति होवणें कैसे हो
ता है॥ कुंभोवाच॥ हे राजन शुधचित्त विषे जो चेतउन्मुख
त्व होवणां॥ चेतउन्मुखत्व कहीये अहंफुरणां॥ इह जो होवणां
जो मैं हों॥ सो दृस्यरूप हूया है॥ सो मिथ्या संवेदना कर हूया
है॥ जैसे शांति समुद्र विषे पवन करके लहरी तरंग होते हैं
सत नहीं मिथ्या हैं॥ तैसे शुध आत्मा विषे अहं इह जो संवेद
ना है॥ तिस चितकर के संसार हूया है॥ ताते अहंभाव को नष्ट
कर॥ जो शांति पद विषे स्थिति होवें॥ जो दुषदाई वस्त है ति
सी कों नस्ट कर॥ जो शांति होवे॥ तब राजे कहा॥ हे भगवन
दुकवन वस्त है॥ जो जलावणे योग्य है॥ अर दुकवन अग्नि
है॥ जिस कर जलती है॥ कुंभोवाच॥ हे भगवानों विषे श्रे
ष्ट राजा तेरा जो आपना स्वरूप है॥ तिसको विचार कर जो मैं
क्या हों॥ अर संसार क्या है॥ इह जो दृढ विचार करणां सो ईअ
ग्नि है॥ अर मिथ्या अहं जो अनात्मा देह इंद्रीयां आदिक वि
षे अहंभाव है॥ तिसको वास्तव रूप विचार अग्नि कर के
जलावणें॥ जब विचार अग्नि कर के अहंभाव बीज कों जलां
वेगा॥ तब केवल चिन्मात्र होवेगा॥ हे राजा मेरे उपदेश क
के तें आपकों क्या जानता भया हैं॥ सो मेरे तांई कहु॥ राजो
वाच॥ मैं राजा भी नहीं॥ अर भूम जो है पृथिवी सो भी नहीं॥
अर पर्वत भी मैं नहीं॥ अर मैं आकाश भी नहीं॥ अर मैं दसों
दिशा भी मैं नहीं॥ अर रुधिर मांस की देह भी नहीं॥ अर मैं
कर्म इंद्रीयां॥ अर ज्ञान इंद्रीयां भी नहीं॥ अर मैं मन बुधि भी
नहीं॥ अर मैं अहंकार भी नहीं॥ इनते रहित शुध आत्मा हों
परंतु हे भगवन अहंरूप कलंक ता मेरे तांई कहां सो लागी
है॥ तिस कलंक के दूर करणें कों मैं समर्थ नहीं॥ कुंभोवाच॥
हे राजा इस अहं का त्याग कर॥ जो मैं त्याग कीया है॥ इह फु
रणें भी न फुरे॥ संन होरहु॥ जब इसका त्याग करेंगा॥ तब चै
तन्य आकाश होवेगा॥ हे राजा तें आपणे स्वरूप विषे जाग
कर देष॥ जो कवन हैं॥ तब राजे कहा॥ हे भगवन इह मैं
जानता हों॥ जो मेरा स्वरूप आत्मा है॥ सो सर्व का आत्मा है॥ अ
र मैं आनंद रूप हों॥ अर सर्व मेरा प्रकाश है॥ पर इह नहीं जा

नता ॥ जो अहंभाव कलंककता का है सो लागा है ॥ इसके नास
करणेंको मैं समर्थ नहीं ॥ अर मैं जान्या है ॥ जो इस संसार का
बीज चित है ॥ अर चित का बीज अहंभाव है ॥ तुमारी कृपा तें
मैं जान्या है ॥ जो मेरा स्वरूप आत्मा है ॥ अर मेरे बिषे अ
हंत्व कोऊ नहीं ॥ तथापि इस अहं रूप कलंककता को दूर क
र रहा हौं ॥ मेरे तें दूर नहीं होता ॥ बहुडि आइ फुरता है ॥ जो मैं
शिखरध्वज हो ॥ इस अहं करकें मैं संसारी हो ॥ इसके नास
करणेंका उपाय तुम कहो ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजा कारन बि
नां कार्य नहीं होता ॥ अर जे कार्य बिनां कारण भासे ॥ तब
जाणीये जो नाममात्र है ॥ अर मिथ्या है ॥ अर जिसका का
रण पाईये ॥ सो जाणीये जो सत है ॥ तातें तूं कहु जो इस अहं का
कारण क्या है ॥ तब मैं उत्तर कहोंगा ॥ राजोवाच ॥ हे भगव
न अहं का कारण शुध आत्मा है ॥ शुध आत्मा बिषे जो जान
णा हूया है ॥ जानणे मात्र बिषे जो जानणे का उत्थान हूया
है ॥ जो इसकी ओर लागा है ॥ जानणें संवेदन नहीं अहं का का
रण है ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजा इस जानणे का कारण क्या है
प्रथम इह कहु ॥ तब पाछें दूर करणें का उपाव मैं कहोंगा ॥
हे राजा जिसका कारण सत होता है ॥ तो कार्य भी सत होता
है ॥ अर जो कारण जड़ होता है ॥ तब कार्य भी जड़ होता है ॥ जैं
सें भ्रम दृष्ट करकें दूसरा चंद्रमा आकाश बिषे दिषायत है
अर कारण तिसका भ्रम है ॥ तातें इस जानणें संवेदन का का
रण मेरे तांई कहु ॥ जो क्या है ॥ जो जानणें संवेदन दृग रूप
दृश्य रूप होकर स्थित भई है ॥ अर दृश्य दृग रूप होइ कर
स्थित भई है ॥ राजोवाच ॥ हे देवपुत्र जानणें का कारण देहा
दिक दृश्य है ॥ काहे तें जो जानणां तब होता है ॥ जो आगें जान
णें जोग वस्तु होती है ॥ जो आगें वस्तु नहीं ॥ तब वस्तु का जानणा
भी नहीं होता ॥ तातें जानणें का कारण देहादिक ही हूये ॥ कुं
भोवाच ॥ हे राजन इह देहादिक जो हैं ॥ सो मिथ्या हैं ॥ भ्रम क
रि हूये हैं ॥ इन का कारण तो कोऊ नहीं ॥ राजोवाच ॥ हे देवपु
त्र देह का कारण तो प्रतछ है ॥ अर षाता पीता है ॥ अर पिता तें इ
सकी उत्पत्ति भई है ॥ अर प्रतछ ही कार्य करता दृष्ट आवता है ॥
तुम कैसें कहते हो ॥ जो कारण बिनां हैं ॥ अर मिथ्या हैं ॥ कुंभोवा
च ॥ हे राजा पिता का कारण कवन है ॥ पिता भी मिथ्या है ॥ अर जैं

सेस्वप्ने विषे पिताभी देषीये ॥ अरपुत्रभी देषीये ॥ सो दोनों मि
थ्या हैं ॥ तातें कहु पिता का कारण कवन है ॥ राजोवाच ॥
हे भगवन पुत्र का कारण पिता है ॥ अर पिता का कारण
पिता ला ॥ इसी प्रकार परंपरा करके सर्व का कारण ब्रह्मा
प्रतक्ष जाणीता है ॥ सो सर्व की उत्पति ब्रह्मा है ॥ कुंभोवाच
हे राजा ब्रह्मा तें आदि काष्ट पर्यंत सर्व सृष्ट संकल्प कीर
ची है ॥ अर देह भी भ्रम कर के भासता है ॥ जैसे मृगतृष्णा
के जल का भान होता है ॥ जैसे सिपी विषे रूपा भासता है ॥
तैसे आत्मा विषे देह भासता है ॥ जैसे आकाश विषे दो चंद्र
मैं भ्रम कर के प्रतक्ष देषीते हैं ॥ तैसे ही इह संसार भ्रम कर
के आत्मा विषे भासता है ॥ अर जो तूं कहे है याके से दृष्ट
आवता है ॥ तब सुण ॥ जैसे कोऊ कहे है वंध्या के पुत्र कों भूष
ण पहिरे हैं ॥ अर भूषित कीया है ॥ जो वंध्या का पुत्र ही न
हीं ॥ तो भूषण किस पहिरे ॥ सो भ्रम कर के भासता है ॥ जै
से स्वप्न विषे सभ क्रिया होती है ॥ सो भ्रम मात्र है ॥ तैसे इह सं
सार तेरे भ्रम विषे है ॥ जब भ्रम निवर्त होवैगा ॥ तब आत्मा
ही केवल भान होवैगा ॥ हे राजन जैसा तूं आपनां देह जान
ता हैं ॥ तैसे ब्रह्मा को भी जाण ॥ ब्रह्मा का कारण कवन है ॥ तां
ते भ्रम तें जाग ॥ जो तेरा भ्रम निवर्त हो जावे ॥ राजोवाच ॥ हे
भगवन मैं जाग्या हों ॥ अब मेरा भ्रम नष्ट भया है ॥ अर मैं ने
इह संसार भी मिथ्या जाना है ॥ जो केवल संकल्प मात्र है ॥ जो
कछु दृश्य है ॥ सो मिथ्या है ॥ अर एक आत्मा ही मेरे निश्चे वि
षे सत्य भया है ॥ हे भगवन ब्रह्मा का कारण भी ब्रह्म है ॥ अर
अद्वैत है ॥ अविनासी है ॥ अर सर्वात्मा है ॥ ब्रह्मा का कारण इ
ह भया ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजन कारण अर कार्य द्वैत विषे
होते हैं ॥ सो असत हैं ॥ जो तिस कारण को देशातें भी अंत होता
है ॥ वस्त तें अर काल तें अंत होता है ॥ अर परणामी होता है
जो परणामी होवे ॥ सो मिथ्या है ॥ हे राजा आत्मा अद्वैत है ॥ र
जिस विषे न एक कहणा है ॥ न द्वैत कहणा है ॥ न भोक्ता है ॥ न
प्रांपत भोग्य है ॥ न कर्म है ॥ अद्वैत है ॥ जो स्वरूप तें गुणाम कौं नहीं न

या ॥ अर सर्वात्मा है ॥ जो सर्व देश है ॥ अर सर्व काल भी है ॥ अ
र सर्व वस्तु विषे पूर्ण है ॥ अर अद्वैत है ॥ जो अद्वैत है तो का
र्य किसका होवे ॥ अर कारण किसका होवे ॥ अर कार्य का
रण का संबंध तहां होता है ॥ जहां द्वैत होता है ॥ अर पूर्ण
भी होता है ॥ अर जिसको देश काल कर अंत होता है ॥ अर
आत्मा अद्वैत है ॥ तिस विषे न कोऊ देश है ॥ न कोऊ काल है
न कोऊ वस्तु है ॥ सन्मात्र पद है ॥ हे राजा मैं जानता हूं ॥ जो
तूं जागृत होवेगा ॥ जो मत तेरा नष्ट होता जाता है ॥ जैसे बरफ
गली तब जल ही होता है ॥ जैसे बरफ का पुतली सूर्य की कि
रणों साथ क्षीण होती जाती है ॥ तैसे तेरा अज्ञान नष्ट होता
जाता है ॥ अज्ञान के नष्ट हूये तूं आतमा ही होवेगा ॥ तू अ
पणे प्रत्यक चेतन स्वरूप विषे स्थित हो ॥ अर देष जो बला
दिक सर्व पर्मात्मा का कचन है ॥ परमात्मा ही ऐसे स्थिति
होय कर रह्या है ॥ अर जो दृष्ट पडता है ॥ तिस सर्व का अ
पणा आप आत्मा है ॥ जो जागे सो जाणे ॥ जागे बिना नही
जानता ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन तुमारी कृपा ते मैं जागया
हों ॥ अर जानता हों ॥ जो मेरा स्वरूप आत्मा है ॥ अर मैं निर्भय
हों ॥ अब मेरा मुझ को नमस्कार है ॥ एक मैं ही हों ॥ मेरे ते अ
वर कछु नहीं ॥ अब मैं आप को जान्या है ॥ इति श्री निर्वा
णप्रकरणे राजा विश्रांत वर्ननं नाम सर्गः ॥ ७३ ॥ राजो
वाच ॥ हे भगवन तुम कैसे कहते हो ॥ जो ब्रह्मा का कारण
कोऊ नहीं ॥ आतमा ऐसा ईश है ॥ जो अनंत है ॥ अर अच्यु
त है ॥ अव्यक्त है ॥ अर अद्वैत है ॥ प्रमाणों का विषय नहीं ॥
अर परम ब्रह्म है ॥ सोई ब्रह्मा का कारण है ॥ कुंभोवाच ॥
हे राजा तूं ही कहता हैं ॥ जो आतमा अनंत है ॥ जो अनंत है ॥ ति
सको देश काल वस्तु का परछेद नहीं ॥ सर्व देश सर्व काल
सर्व वस्तु पूरण है ॥ सो कारज कारण किसका होवे ॥ कारण
तब होता है ॥ जो प्रथम द्वैत होवे ॥ सो आत्मा अद्वैत है ॥ अर का
रण तिसको कहते हैं ॥ जो कार्य ते पूर्व होवे ॥ अर पाछे भी तु
ल्य होवे ॥ जैसे घट के आदि मृतका है ॥ अर अंत भी मृतका हो
ता है ॥ तिस को कारण कहीता है ॥ सो आत्मा विषे न आदि है

नअंतिहै॥ आत्मा अनंत है॥ अरकारण तब होता है॥ जो परिणाम
होता है॥ सो आत्मा अच्युत है॥ अपणे स्वरूपतें कदाचित गि
डता नहीं॥ अरु भोग भोक्ता तब होता है॥ जहां द्वैत है॥ सो आत्मा
अद्वैत है॥ भोक्ता भोग्य दोनों नहीं॥ अरु आत्मा कर्म भी नहीं॥ जो
तें आत्मा आदिको जु नहीं॥ जिसतें आत्मा सिध होवे॥ अरु कि
सीका कार्य भी नहीं॥ जो कार्य होता है॥ सो इंद्रीयां का विषय
होता है॥ सो आत्मा अव्यक्त है॥ अरु जो कार्य होता है॥ तिसका
कारण भी होता है॥ सो आत्मा सर्वका आदि है॥ तिसका कार
णको जु नहीं॥ जो सर्वात्मा है॥ अरु स्वच्छ है॥ अरु आकाशवत नि
र्मल है॥ सो तेरा स्वरूप है॥ राजोवाच॥ हे भगवन अबदा आ
श्चर्य है॥ मैं जान्या है॥ जो आत्मा अद्वैत है॥ सो न किसीका कार्य
है॥ न कारण है॥ अरु अनुभवरूप है॥ सो मैं हों॥ अरु निर्मल हों॥
अविद्या अरु विद्याके कार्यतें रहित हों॥ अरु निर्वाणपद हों॥
अरु निर्विकल्प हों॥ मेरे विषे फुरणेको जु नहीं॥ बहुड कैसा हों॥
जो मैं नहीं॥ अरु मैं हों हों॥ ऐसा जो सर्वात्मा हों॥ मेरा मुजको नम
स्कार है॥ इति श्री निर्वाणप्रकरणे शिखरध्वज विश्रामो
नाम सर्गः॥ ८४॥ श्री वशिष्ठोवाच॥ हे रामजी राजा शि
खरध्वज कुंभका प्रबोध्या हूया॥ ऐसे वचन कहिकरके वल
निर्वाणपद विषे स्थित भया॥ अरु निर्विकल्प फुरणेतें र
हित एक मुहूर्त पर्यंत स्थित रहा॥ जैसे दीपक वायतें रहित
हो स्थित होता है॥ कुंभोवाच॥ तब कुंभ जगायकर कहा हे
राजन तैं ने समाध साध्या है॥ अरु उत्थान साध्या है॥ तूं तौ
केवल आत्मत्वमात्र है॥ अरु मैं जानता हों॥ जो तुं परम ज्ञान क
केसो भत न भया है॥ जैसे दबे विषे रत्न होते हैं॥ अरु तिन का प्र
काश बाहिर दृष्ट नहीं आवता॥ जब दबे सो निकास कर
देषीये॥ तब वह प्रकाश दृष्ट आवता है॥ तैसे अविद्यारूप
दबेतें निकस्या है॥ अरु परम ज्ञानक केसो भत न भया है॥ हे राज
न तेरे विषे भकोउ हौ नहै॥ न कोउ उपाध है॥ अरु संसारके
रागद्वेषतें रहित भया है॥ शांतिरूप जीवन्मुक्त होयक
र विचिर॥ तेरे तांई उपाध कोउ न लागेगी॥ श्री वशिष्ठोवा
च॥ हे रामजी जब इस प्रकार कुंभने कहा॥ तब राजा शांति हो
गया॥ अरु कहा॥ हे भगवन जो कछु तुम आज्ञा करी॥ सो स

र्वजली प्रकार मैं जान्या है ॥ अब एक प्रश्न अवर है ॥ ति
सका उत्तर कृपा कर कहो ॥ जो मैं धृड स्थिति पावों ॥ हे
भगवन आत्मा तो एक है ॥ अरु शुध है ॥ निराभास है
केवल आकाश रूप है ॥ चैतन्य मात्र है ॥ तिस विषे दृष्टा
दर्शन दृस्य कहां ते उपजा है ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजा जो
कछु स्थावर जंगम संसार है ॥ सो महाप्रलय पर्यंत है
जब महाप्रलय होती है ॥ तब केवल आत्मा ही शेष
रहता है ॥ अरु स्वछ निर्मल होता है ॥ तहां न तेज होता है
न अंधकार होता है ॥ केवल अपणे आप स्वभाव विषे
स्थित होता है ॥ अरु जेता कछु आनंद है ॥ तिस का अधि
ष्ठान आत्मा है ॥ अरु सत कहीये जिसको बुधि इदं क
र के कहै ॥ अरु असत कहीये जिसको नाहीं कहै ॥ ति
स सत असत तें रहित ॥ अरु सर्व लक्ष्मी कर संपन्न है
जो अपना स्वभाव मात्र है ॥ जिस विषे उपाधि कोऊ नहीं
अरु सर्वदा प्रकाशमान है ॥ अरु सर्वदा उदै रूप है ॥ ति
स परमात्मा का इह संसार चमत्कार है ॥ जैसे रतन का च
मतकार लाटां होती है ॥ तैसे इह संसार ब्रह्म रतन का च
मतकार है ॥ तां ते ब्रह्मरूप है ॥ इतर कछु नहीं हूया ॥ के
वल ब्रह्मरूप है ॥ अरु ब्रह्म ते इतर कहे से मिथ्या है ॥ भ्रम
जानणा ॥ जो कछु आकार भासता है सो मिथ्या है ॥ हे राजन
जो सब आकार मिथ्या है ॥ तो तेरी संवेदन भी मिथ्या है ॥
आत्मा विषे अहंत्व का उथान कोऊ नहीं ॥ केवल ज्ञानमा
त्र है ॥ अरु केवल सत्य रूप है ॥ अरु आनंद रूप है ॥ अरु अ
विद्या तम तें रहित है प्रकाश रूप है ॥ अरु प्रमाणों कर न
ही जानीता ॥ जो इंद्रीयों का विषय नहीं ॥ अरु मन का चित
वना तें रहित है ॥ काहे ते जो सर्व का दृष्टा है ॥ अरु सर्व का
अपणा आप अनभव रूप है ॥ हे राजा तिस विषे स्थित हो
व रहु उ आत्मा कैसा है ॥ जो वडे ते वडा है ॥ अरु सूक्ष्म ते सू
क्ष्म है ॥ अरु स्थूल ते स्थूल है ॥ जिस विषे आकाश भी एक
किसी ओर अणु जैसा पाईता है ॥ अरु ब्रह्मांड भी तिस विषे
अणु समान पाईते हैं ॥ अरु अपणे आप कर पूरण है ॥ अ
रु अपणे आप कर घूर्म है ॥ अरु किंचित भी तिस ते उत्पत्ति

नहीं भया ॥ अरु नाना प्रकार रूप के स्थिति भया है ॥ अरु फु
रनै कर के जगत भासता है ॥ फुरने के निवर्त हूये तें केव
ल शुध आतमा है ॥ तब राजे कहा ॥ हे भगवन तुम क
हते हो ॥ जो संसार संवेदन मात्र है ॥ अरु आतमा शांत रू
प है ॥ शुध है ॥ अरु निर्विकल्प है ॥ तो तिस विषे संवेदन
फुरणा कहां ते आया है ॥ तब कुंभ कहा ॥ हे राजन फुरनां
भी आतमा का चमतकार है ॥ जैसे पवन विषे फुरने की शक्ति
भी है ॥ अरु निस्पंद रहिने की शक्ति भी है ॥ जब फुरता है ॥
तब स्पर्श चलना प्रगट होता है ॥ जब ठहिर जाता है ॥ त
ब प्रगट नहीं होता ॥ तैसे संवेदन जब फुरती है ॥ तब ना
ना आकार होते हैं ॥ अरु जगत भासता है ॥ जब फुरनां मि
ट जाता है ॥ तब केवल शुध आतमा भासता है ॥ हे राजा
आतमा सत्ता मात्र है ॥ अरु संसार भी चिन्मात्र आतमा ही है ॥
जो सम्यक द्रिष्ट कर देषीये ॥ तो आतमा ही भासता है ॥ जो
असम्यक द्रिष्ट कर देषीये ॥ तो दुषदाइक जगत भास
ता है ॥ जिसके मन विषे संसार भावनां है ॥ तिसको दुषदा
ई भासता है ॥ अरु जिसके रिदे विषे आतम भावनां होती है
तिसको आतमा ही भासता है ॥ अरु सुषरूप होता है ॥ का
हे तें जो आतमा नाम अपनां है ॥ जिस जगत को अपनां आ
प जान्या है ॥ तिसको दुष काहे ते होवै ॥ हे राजन इह संसा
र भावनां मात्र है ॥ जैसी जैसी भावनां होती है ॥ तैसे ही द्रिष्ट
आवता है ॥ जिसकी भावनां विष विषे अंम्रत की होती है ॥
तब विष भी अंम्रत ही है ॥ अरु जिसकी भावनां अंम्रत वि
षे विष की होती है ॥ तब विष हो जाती है ॥ काहे तें जो संसार
भावनां मात्र है ॥ जैसी भावनां द्रिढ करता है ॥ जेदिप आगे
उह वस्त न होवै ॥ तो भी हो जाती है ॥ तां ते संसार भावनां मात्र
मिथ्या है ॥ ग्यानवान को दुषकदा चित नहीं देता ॥ अरु अ
ग्यानी को दुषदाई होता है ॥ हे राजन अहंता अरु संवेदन ॥ चि
त अरु चेतन इह भी आतमा की संज्ञा है ॥ जैसे आकाश को कही
ये ॥ षम कहीये ॥ नभ कहीये ॥ इह सर्व संज्ञा आकाश की हैं ॥
तैसे सर्व संज्ञा आतमा की हैं ॥ आतमा ते इतर कछु नहीं ॥ अहं
त्व सर्व आतमा के आश्रय हैं ॥ जैसे सुषन सृष्टि के आश्रय हो

इसपंद

तेहैं ॥ अर स्वर्न भी प्रणाम होइ कर भूषण होता है ॥ जो पूर्व
रूप को त्यागता है ॥ आतमा तैसे नहीं ॥ केवल एकरस है
अर अपणे आप विषे स्थिति है ॥ कदाचित प्रणाम कों नहीं
प्राप्त भया ॥ इह संवेदन आत्मा का चमतकार है ॥ अर स
त असत तें परे है ॥ जेती कछु दृस्य है सो आत्मा विषे नहीं
चित कर के रची है ॥ इसी तें परे है ॥ हे राजन सो कारन का
रज किसका होवे ॥ कारन कार्य तब होता है जो दृस्य होती
है ॥ सो आत्मा किसी का विषे नहीं ॥ कार्य कारन किसका हो
वे ॥ अर विश्व की आदि भी आत्मा है ॥ अर अंत भी आत्मा है
तो मध्य विषे भी आत्मा ही है ॥ जो कछु अवरना से सो भ्रम
मात्र है ॥ जैसे आकास विषे घर मंदर पुर दृष्ट आवते हैं
तिन की आदि भी आकास है ॥ अर अंत भी आकास है ॥ तो
मध्य भी आकास है ॥ जो घर मंदर पुर दृष्ट आवते हैं ॥ सो
मिथ्या हैं ॥ जैसे अग्नि नाना प्रकार दृष्ट आवती है ॥ सो अका
र मिथ्या हैं ॥ एक अग्नि ही है ॥ तैसे सर्व की आदि अंत मध्य
एक आत्मा ही सार है ॥ हे राजन जैसे जल विषे देस भी होता
है ॥ अर काल भी होता है ॥ काहे तें जो दृस्य है ॥ इंद्रीयां का वि
षय है ॥ प्रथम जाना जो इह तरंग अमुके स्थान तें उपजा
है ॥ अर अमुके स्थान जाइ लीन भया है ॥ तो स्थान देस हू
या ॥ अर उपज कर एता काल रहा है सो काल हूया ॥ अर
जिसकों इंद्री विषय न कर सके ॥ तिस विषे देस कैसे होवे
अर काल कैसे होवे ॥ तब राजे कहा ॥ हे भगवन मैं भली प्र
कार जाणा है ॥ जो आत्मा चिन्मात्र है ॥ अर ज्ञान इंद्रीयां अर
कर्म इंद्रीयां तें परे है ॥ अर देस काल इंद्रीयां [illegible] मन कर मैं
जाणीता हैं ॥ जो अमुका देस है ॥ अर अमुका काल है ॥ जहां
इंद्रीयां अर मन नहीं ॥ तहां देस काल कहां है ॥ तब कुंभ क
हा ॥ हे राजन जो ऐसे जाण्या है तो तैं ॥ तो जाण्या आतमा
विषे देस काल कोऊ नहीं ॥ इह मन इंद्रीयां कर जाणीता है
जो इह देस है ॥ अर इह काल है ॥ जब इन तें रहित होकर
देखे ॥ तब केवल आत्मा ही भासे ॥ अर जो इन कर सहित देखे
तो संसार ही दृष्ट आवेगा ॥ हे राजन इन तें रहित होकर देख
जो संसार तेरे विषे कोऊ नहीं ॥ जो अमुका प्रथम कीया ॥ अर

138

अमुकाग्रहमकरों॥ संसारतबलगहोताहै॥ जबलगइन
काअपणेसाथसंयोगहोताहै॥ हेराजनब्रह्मकरकेब्रह्म
कोदेष॥ अरपूर्णकरकेपूर्णकोदेष॥ जोतूंपूर्णहोवैं॥ ज
बपूर्णहोवैंगा॥ तबसर्वओरआपकोंजानेगा॥ अरुसर्व
संज्ञातेराहीहोवैंगीयां॥ अरनिर्वाचपदकोंप्राप्तहोवैंगा॥
जहांइंद्रीयांकीगम्यनहीं॥ केवलआकाशरूपहै॥ जैसे
आकाशअपणींअनंतताकरकेंपूर्णहै॥ तैसेंतूंअपणेचेत
न्यस्वभावकरकेआपपूर्णहोवैंगा॥ जबमनसहितषट
इंद्रीयांतेंरहितहोकरदेषैंगा॥ अपनेंआपकेउ॥ बहुडइ
नसहितभीदेषैंगा॥ तबभीतेरेतांईचेतन्यआत्माहीदृष्टि
आवैंगा॥ संसारशब्द॥ अरतिनकाअर्थतेरेहृदेतेंउडजा
वैंगा॥ शब्दइहहै जोसंसारशब्दहै॥ तिसकोंसतजानणांइ
हशब्दकाअर्थहै॥ सोभावनांतेरीनिवृतहोजावैंगा॥ केवल
आकाशरूपआत्माहीभासेगा॥ अरसंसारसंवेदनमात्र
है॥ संवेदनांकहीयेचितशक्तिकाचमत्कारहै॥ अरणहीचि
तशक्तिब्रह्माहोकरस्थितभईहै॥ अरब्रह्माहोइकरसं
सारकौंदेषणेलागीहै॥ जबअंतरमुषहोतीहै॥ तबआ
त्माहीदृष्टिआवताहै॥ आतमासदाएकरसहै॥ जबबहि
रमुषहोतीहै॥ तबसंसारदृष्टिआवताहै॥ जैसीइहभाव
नांकरताहै॥ तैसेंहीआगेंदृष्टिआवताहै॥ जोसंसारकीभा
वनांहोतीहै॥ तबसंसारहीभासताहै॥ अरजोआत्माकीभा
वनांहोतीहै॥ तोआत्माहीदृष्टिआवताहै॥ अरआतमास
दाएकरसहै॥ अरअसंसारीहै॥ तातेंहेराजनतूंआत्माकी
भावनांकर॥ जोतेरेतांईआत्माहीभासै॥ इतिश्रीनिर्वा
णप्रकरणेश्रीबरवजविबोधनंनामसर्गः॥ ६५॥ कुं
भोवाच॥ हेराजनइहसंसारजोतेरेतांईभासताहै॥ सोआ
त्माविषेनहीं॥ केवलशुधआत्माविषेजुअहंउत्थानहै॥
नै सोईसंसारहै॥ अहंकाजोचमत्कारहै॥ सोअसतहै॥ नअसत
है॥ नअंतरहै॥ नबाह्यहै॥ नअन्यहै॥ केवलअपणेआपवि
नी षेअद्वैतआत्मास्थितहै॥ संसारकाअहंसाभाववैंनहीं॥ अहंसा
भावतिसकोंकहीताहै॥ जोपहिलेंहोवैपाछेंनासहोवे॥ सोसं
सारकाउदेहोणां॥ अरनहोणां॥ आत्माविषेनहीं॥ केवलअ
पनेंआपविषेस्थितहै॥ इसतेंइतरकछुनहीं॥ इहकल्पणांभी

आत्मा विषे नहीं ॥ जो केवल आपणे आप विषे स्थित है सु
ना त्रिक ॥ तिस विषै वाणी की गम्य नहीं ॥ वाणी तिस कों क
हती है ॥ जहां दूसरा होता है ॥ जहां दूसरा न होवै ॥ तहां वा
णी क्या कहै ॥ इह कहणा भी तेरे उपदेश निमित कहा है
आत्मा विषे किसी शब्द का प्रवितु नहीं ॥ हे राजन ऐसा
आत्मा कारण कार्य किस का होवै ॥ आत्मा शुध है ॥ अर
निराकार है ॥ अर प्रमाणों तें रहित है ॥ जो किसी लक्षण
कर न जाणीये है ॥ सो आकार हो कर स्थित भया है ॥ अर
शांति रूप है ॥ हे राजा ऐसा आत्मा कारण कार्य किस का
होवै ॥ कारय कारण तब होता है ॥ जब प्रथम मैं प्रणाम कों
प्राप्त होता है ॥ अर दोनों कों प्राप्त होता है ॥ सो आत्मा शांत
रूप है ॥ अर कारण तब होता है ॥ जो क्रिया कर के कार्य कों
उत्पति करता है ॥ सो आत्मा अक्रिय है ॥ क्रिया तें रहित है
अर कारण कों कार्य तें जाणीता है ॥ सो आत्मा चिन्हों तें
रहित है ॥ अर प्रमाणों का विषय नहीं ॥ ताते कारण कार्य
आत्मा किसी का नहीं ॥ अर आत्मा कों कार्य कारण मान
णा मेरे तांई आश्चर्य आवता है ॥ हे राजन जो वस्तु उपज
ता है ॥ सो नष्ट भी होता है ॥ अर जो नष्ट होता है सो उपज
ता भी है ॥ सो आत्मा सर्व की आदि है ॥ अर अजन्मा है ॥ आ
त्मा विषे विकार कोऊ नहीं ॥ तिसी विषे स्थिति होइ ॥ जो ते
रा संशय निवर्त हो जावै ॥ ए संसार अज्ञान कर के भासता
है ॥ जब तूं स्वरूप विषे स्थित हो कर देषेंगा ॥ तब संसार
न भासेगा ॥ अर ऐसा भी न भासेगा जो संसार आगे था
अब निवर्त हूया है ॥ एक रस आत्मा ही भासेगा ॥ केवल
सत् आकाश हो जावेंगा ॥ सून कहीये संसार तें रहित हो
जावेंगा ॥ स्वरूप चैतन्य कर के नाना भी उही है ॥ अर एक भी
उही है ॥ संन है ॥ अर सून तें रहित है ॥ द्वैत रूप भी उही है ॥ अ
द्वैत रूप भी सोई है ॥ ऐसे भासेगा ॥ इति श्री निर्वाण प्र
करणे शिषरध्वज प्रथम बोधनं नाम सर्गः ॥ ७६ ॥ कु
म्भोवाच ॥ हे राजा जो कछु देषीता है सो केवल चैतन्य घन
है ॥ जिस विषे अहं त्वं शब्द कोऊ नहीं ॥ अर अहं त्वं शब्द भ्रम
दृढ कर के होते हैं ॥ जब आत्मा विषे स्थित हो कर देषेंगा ॥ त
ब आत्मा तें इतर कछु न भासेगा ॥ जो अहं त्वं शब्द कहां भासे
हे राजन नाना प्रकार की संज्ञा चित्त ने कल्पी है ॥ जब चित्त तें

रहित होवैंगा ॥ तब नाना संज्ञा अरु एक संज्ञा कोऊ न रहे
गी ॥ हे राजन सर्व ब्रह्म है ॥ एवाक वेद का सार है ॥ जब इस
वाक विषे दृढ भावना होवै ॥ ऐसी बुधि होवैगी ॥ तब ए
करस आत्मा ही दृष्ट आवैगा ॥ अरु चित नष्ट हो जावैगा ॥
जब चित नष्ट हूया ॥ तब केवल महा शुध आकाश की
न्याई स्थित होवैंगा ॥ तब जावै विदेह होइ ॥ जावै सदेह हो
इ ॥ जावैं रहै ॥ जावैं चलै ॥ तेरे ताई कष्ट कोऊ न होवैगा ॥
निर्दुष पद कौ प्राप्त होवैंगा ॥ जो पद सर्व का आदि है ॥ अ
रु सर्वदा मुक्ति रूप है ॥ तब राजे कहा ॥ हे भगवन तु
मो कहा ॥ जो चित के नष्ट हूये तें दुष कोऊ न रहेगा ॥ सो
चित नष्ट का उपाइ तुम कहा है ॥ परंतु मैं दृढ कर के नहीं
समझा ॥ तां तें मेरे दृढ होणे के निमित बहुड़ उपाकर के
कहो जो चित नष्ट कैसे होवै ॥ तब कुंभ कहा ॥ हे रा
जन ए चित न किसी काल का है ॥ अरु न किसी को है ॥ न ए
दृषीता है ॥ चित ही है नहीं तो मैं तेरे ताई क्या कहौं ॥ अरु जो
चित तुझ को दृष्ट आवता है ॥ तो तें आतमा जाणै ॥ आत
मा तें इतर वस्त कछु नहीं ॥ हे राजन महां सर्ग के आदि
अरु अंत सर्ग के मध्य कोऊ नहीं ॥ केवल आतमा है ॥ अर
एक हणनी आतमा विषे नहीं ॥ मैं तेरे जनावणे के निमि
त कहा है ॥ अरु मध्य जो कछु दृष्ट आवता है ॥ सो अज्ञा
नी की दृष्ट विषे है ॥ आत्मा विषे सृष्ट कोऊ नहीं ॥ आत्मा
किसी का उपादान कारण अरु निमित कारण नहीं ॥ का
हे तें अच्युत जो है ॥ प्रणाम को नहीं प्राप्त भया ॥ अरु उपादा
न भी प्रणाम कर होता है ॥ आतमा शुध है ॥ अरु निराकार
है ॥ आकाश रूप है ॥ सो कारण कार्य किसका होवै ॥ अरु चि
त भी वासना रूप है ॥ वासना तब होती है ॥ जब वास होती है
वास कहीये वासना का लीया ॥ जो आगे सृष्ट ही नहीं ॥ तो
वासना किसकी फुरै ॥ अरु चित विषे संसार की स्थिति कैसे
होवै ॥ तां तें चित कछु नहीं ॥ इह विश्व आतमा का चमत्कार
है ॥ अरु सृष्ट आतमा विषे कोऊ नहीं ॥ निराले बंध अपणे आ
प विषे स्थित है ॥ हे राजन संसार भी नहीं भया ॥ तो अहं त्वं आ

ष्टभी आत्मा विषे कोऊ नहीं ॥ दृश्य तब होते हैं ॥ जब चित्त
होता है ॥ अरु चित्त तब लग है जब लग वासना है ॥ जब निर्वा
ण पद को प्राप्त भया ॥ तब कल्पना कोऊ नहीं रहती ॥ हे राजन
इह संसार महाप्रलै विषे नष्ट हो जावैगा ॥ सत असत संसार
कोऊ न रहेगा ॥ एक आत्मा ही शेष रहेगा ॥ जो निराकार अरु
शुद्ध है ॥ जब लग महाप्रलय नहीं भई ॥ तब लग संसार है ॥ सो
महाप्रलय क्या है ॥ श्रवण कर ॥ एक चिन्मात्र आत्मा का साक्षात
कार होवणा ॥ तिस कर के सृष्टि का शेष भी न रहेगा ॥ सो ज्ञान
ही महाप्रलै है ॥ अरु अब जो दृष्ट आवता है सो मिथ्या है ॥ इह
छाया भी मिथ्या है ॥ अरु इस का ज्ञान होवणा भी मिथ्या है ॥ जै
से स्वप्न की छाया भी मिथ्या है ॥ अरु तिस का ज्ञान होवणा भी मि
थ्या है ॥ तैसे जाग्रत संसार स्वप्न मात्र है ॥ कारण बिना होइ दृष्ट
आवता है ॥ जो कारण बिना है ॥ सो मिथ्या है ॥ इस का कारण
अज्ञान नहीं है ॥ जो आपको न जानणा ॥ जब आपको जान्या ॥ त
ब अपना आप ही भासैगा ॥ जैसे स्वप्ने विषे अपने न जान
णे कर तिन आकार भासते हैं ॥ जब आपको जान्या ॥ तब अ
पणा आप जानीता है ॥ जो मैं ही था ॥ हे राजन मेरे ताई तो एक
आत्मा ही दृष्ट आवता है ॥ अरु आत्मा ही है ॥ आत्मा ते इतर
संसार कोऊ नहीं ॥ अरु इस संसार को स्थिर मानणा मूर्खता
है ॥ सदा चलरूप जाणीता है ॥ वेद शास्त्र अरु लोक भी कहते
हैं ॥ जो संसार मिथ्या है ॥ अरु आप भी जाणता है ॥ जो नष्ट हो जा
ता है ॥ जो दृष्ट आवता है ॥ तिस विषे आस्था करणी मूर्खता है
आत्मा विषे संसार नाना अरु अनाना कोऊ नहीं ॥ आत्मा स
र्वदा अपने आप विषे स्थित है ॥ शुद्ध है ॥ अरु अच्युत जिउ
का तिउ है ॥ इति श्री निर्वाणप्रकरणे शिखरध्वजबोध
नं नाम सर्गः ॥ ८८ ॥ शिखरध्वज उवाच ॥ हे भगवन अब
मेरा मोह नष्ट भया है ॥ अरु अपणा आप मैं जान्या है ॥ तुम्हा
री कृपा ते संसार भ्रम नष्ट भया है ॥ अरु शोक समुद्र को मैं
तरता हों ॥ अरु शांत पद को प्राप्त भया हों ॥ अरु मेरे विषे अ
हंत्वं शब्द कोऊ नहीं ॥ निर्वाण पद को प्राप्त भया हों ॥ अच्युत
हों ॥ चिन्मात्र हों केवल हों ॥ अरु शुद्ध हों ॥ कुंभ उवाच ॥ हे रा
जन आत्मा शुद्ध आकाश की न्याई निर्मल है ॥ आकाश ते भी
अति निर्मल है ॥ तिस विषे अहं मम है ॥ सो अहं मोह ते उप

जीहै॥ मोहकहीयेअविचार॥ जबविचारहोताहै॥ तब
अहंकोनहींपाईता॥ इहविश्वसंवेदनांमोंहे॥ संवेदना
सर्वकेआदिहोकरस्थितिभईहै॥ जबसंवेदनाअंत
नहीं
र्मुषहोतीहै॥ तबसर्वलीनहोजाताहै॥ संवेदविषेबंध
अरमुक्तिहै॥ जबबाहिरमुषहोतीहै॥ तबबंधहोता
है॥ जबअंतर्मुखहोतीहै॥ तबमोक्षहोताहै॥ जिसनेमन
अरइंद्रीयोंतेंरहितहोकरअपनांआपदेष्याहै॥ तिस
कोजिउकातिउदृष्टआवताहै॥ अरजोमोहसंयुक्तिदेष
ताहै॥ तिसकोविवर्तदृष्टआवताहै॥ जैसेसंम्यकदृष्टक
केभूषनोंविषेस्वर्नदृष्टआवताहै॥ जबभूषनोंकेआ
कारजातेहैं॥ तबभीसोनांहीहै॥ अरजोमूर्षहै॥ तिसकौं
सोनेंविषेभूषनदृष्टआवतेहैं॥ चिरकालकेअभ्यास
अरजोज्ञानीको=
करकें बुधिइनविषेभीफुरतीहै॥ तोभीप्रारब्धकेबे
=तो=
गपर्यंतचेष्टाहोइहै॥ तबचेष्टाविषेभीआत्माहीदृष्टआ
तातेंकेवल आतमांकाचम तकाराही दृष्ट आवताहै
वताहै॥ कंचनहोताहै॥ जैसेसोनेंविषेभूषनअरआका
शविषेनीलमा॥ अरवाइविषेस्पंदहै॥ तैसेआत्मावि
षेसृष्टिहै॥ जैसेआकाशविषेनीलमादेषणेमात्रहै
वास्तवकछुनहीं॥ तैसेआत्माविषेसृष्टिकछुनहीं॥ वा
स्तवकरकेंभ्रांतिमात्रहीहै॥ जबभ्रांतिनिवर्तहोवैगी॥ त
बजगतकाशब्दअरअर्थसर्वओरतेंत्यागहोवैगा
= पर
शब्दअरअर्थकीभावनांतेंचेष्टाभीहोतीहै॥ तोरसजो
है॥ रागअभिलाषतिसतेंरहितहोतीहै॥ अरदुषको
उनहींहोता॥ तिसीकौंमुनीश्वरनिरवाणकहतेहैं॥ ज
बैऐसानिर्वाणपदहूया॥ तबशांतअरसंतनपदकौं
पाइकरस्थितिहोताहै॥ हेराजनजबअहंकाउत्थान
हूया॥ एहीबंधनहै॥ अरअहंकानिरवाणहोवणांइही
मुक्तिहै॥ अरअहंकेहोवणेकरइसीतेंसंसारदुषहै
जबलगअहंकाउत्थानहै॥ तबलगसंसारहै॥ अरजब
लगसंसारहै॥ तबलगअहंकाउत्थानहै॥ जबसंसारकी
सत्ताजातीरहै॥ तबअहंजोसंवेदनहै॥ सोभीनष्टहो

जावैगा ॥ जब संवेदन नास भई ॥ तब अहंभान नष्ट होजावै
गी ॥ जब अहं नष्ट भई ॥ तब केवल सुध आत्मा ही शेष र
हेगा ॥ अर अनामय कहिये निरदुष ही भान होवैगा ॥ अ
हं ब्रह्म का उत्थान भी न रहेगा ॥ अर चैतन्य मात्र ही रहेगा
हे राजन जिसको सर्व ब्रह्म की बुधि भई है ॥ तिसको संसा
र की बुधि नहीं ॥ अर जिनको संसार बुधि है ॥ तिनको ब्रह्म
बुधि नहीं ॥ जैसी जैसी भावना दृढ होती है ॥ तैसा ही आगै
दृष्ट आवता है ॥ जिसको ब्रह्म भावना दृढ होती है ॥ सो ब्र
ह्म रूप होजाता है ॥ अर जिसको जगत की भावना होती है
तिसको जगत है ॥ हे राजन अब तूं जो आपा है ॥ अर ब्रह्म स्व
रूप हूया है ॥ जो सुध है ॥ अर निर्मल है ॥ अर अस तर्क है
जो किसी दृष्ट अर लक्षण का विषे नहीं ॥ अर इंद्रियों का
विषय नहीं ॥ हे राजन ऐसा आत्मा कार्य कारण किसका
होवै ॥ जो केवल अद्वैत है ॥ अर विश्व आत्मा का चमत्का
र है ॥ जैसे समुद्र विषे नाना प्रकार के तरंग पवन करि उ
पजते हैं ॥ तो भी समुद्र तें इतर नहीं ॥ तैसे आत्मा विषे नाना
प्रकार की विश्व संवेदना करके उपजती है ॥ आत्मा तें इत
र कछु नहीं ॥ फुरनें मात्र है ॥ जैसे चंद्रे विषे मनोराज करकें
कोऊ पुरुष विश्व कल्पता है ॥ अर नाना प्रकार की चेष्टा क
रता है ॥ उनकी चेष्टा तब लग है ॥ जब लग संकल्प है ॥ ज
ब संकल्प निवृत्त हूया ॥ तब सनथं भा ही रहिता है ॥ जैसा
आगे भी संनथा ॥ अर तिसका संवेदन विषे भ्रष्ट था ॥ तैं
से ही इह संसार संवेदन मात्र है ॥ जब संवेदना अंतरमु
ख भई ॥ तब संसार की सत्ता जाती है ॥ हे राजन संसार सत्ता
तब जाती है ॥ जो आगे ही असत है ॥ अर जो सत वस्तु होती
है ॥ तिसका नास कदाचित नहीं होता ॥ ताते केवल संवेद
ना कल्पी है ॥ जैसे एक सिला विषे पुरुष पुतलीयां कल्पता
है ॥ तो सिला विषे पुतली तो कोऊ नहीं ॥ जो ज्यों की त्यों सि
ला ही है ॥ तैसे संवेदना करके आकार दृष्ट आवते हैं ॥ ज
ब चित संवेदना तें रहित होवैगा ॥ तब आत्मा कों अपणां

पात्रहोटे

आपु जाणैगा ॥ अरु अद्वैत पद कों प्राप्त होवैगा ॥ जो शांत
पद है ॥ अरु शुध आकाश रूप है ॥ हे राजन सर्व अर्थ अ
रु सर्व शब्द की भावना इह ब्रह्म अर्थ है ॥ जहां कोउ कल्प
ना नहीं ॥ जब सम्यक दर्शी होता है ॥ तब शेष आत्मा ही दृष्टि
आवता है ॥ अरु इह भावना भी उठ जाती है ॥ जो एक संसार
है ॥ एक ब्रह्म है ॥ केवल ज्ञेय मात्र होइ ही रहता है ॥ कैं सात्ते
य रहता है जो सिला की न्याई ज्ञान है ॥ ऐसे शेष रहता है ॥
॥ इति श्री निरवाण प्रकरणे शिषरध्वज बोधनं नाम स
र्गः ॥ ७८ ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन जैसे तुम कहते हो सो
सत है ॥ अरु मैं ऐसे जानता हों जो संसार आत्मा का कार्य है
अरु आत्मा कारण है ॥ जो आत्मा कार्य कों क्रया तो आत्म स्वरू
प क्रया आत्मा तें इतर नहीं ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजा आत्मा
चैतन्य मात्र है ॥ कार्य कारण किसी का नहीं ॥ जो आत्मा अप्र
तर्क है ॥ अरु क्रया तें रहित है ॥ अच्युत है ॥ अरु तिरिछ है ॥ जो
अशब्द है ॥ सो कार्य कारण किस का होवै ॥ अरु कारण कों
कार्य द्वारा जानीता है ॥ अरु आत्मा किसी प्रमाण का विषय
नहीं जो अप्रतर्क है ॥ चिन्ह तें रहित है ॥ अरु कारण तब होता
है ॥ जो क्रया होती है ॥ आत्मा क्रया तें अतीत है ॥ अच्युत है ॥ अ
रु बाणी का विषय नहीं ॥ निरीच्छ है ॥ न किसी का कारण है
न कार्य है ॥ न कर्म है ॥ केवल जिंउ का तिंउ अपणे आप विषे
स्थिति है ॥ अरु चैतन्य मात्र है ॥ शिव रूप है ॥ अरु शुध है ॥ इह
विश्व भी चैतन्य मात्र है ॥ जैसे आकाश विषे आकाश स्थिति
होवै ॥ तैसे आत्मा विषे विश्व आत्म रूप कर स्थिति है ॥ ऐ
से जो विश्व चैतन्य मात्र है ॥ तिस विषे असम्यक दरशी अ
ज्ञान कर कें नाना प्रकार कल्पता है ॥ अज्ञान कहीये वस्तु का
न जानणा ॥ सो वस्तु परमात्मा है ॥ तिस के प्रमाद कर के वास
ना रूप जो चित है ॥ सो विश्व कों कल्पता है ॥ सो विश्व शब्द मा
त्र है ॥ शब्द कहीये नाम मात्र है ॥ अर्थ कछु नहीं ॥ जैसे दूसरा
चंद्रमा आकाश विषे देषीता है ॥ अरु जैसे समुद्र विषे तरंग
मृगतृष्णा के जल विषे जो जल ॥ जैसे बालिक कों पिशाच वे वि
षे वैताल भ्रम कर कें भासता है ॥ तैसे असम्यक दरशी आत्मा

विषे विश्व कल्पता है ॥ अरु सम्यक दर्शी ऐसे जानता है
जो आत्मा शुध है अजन्मा है ॥ अरु अविनासी है परम है ॥
अरु निराकार है ॥ हे राजन जब तूं सम्यक दृष्ट कर देषैगा
तब संसार का अहं स्वाभाव लीन देषैगा ॥ काहे ते जो चित का
कल्पा हूया है ॥ अरु चित अज्ञान करके उपजा है ॥ अरु स्वरू
प विषे न चित है ॥ न अज्ञान है ॥ न संसार है ॥ केवल अद्वैत मा
त्र ही है ॥ तहां एक कहां ॥ अरु द्वैत कहां केवल मात्र पद है ॥ ज
ब ज्ञान नष्ट हूया ॥ तब अहंत्वं संवेदन चित समेत नष्ट हो जा
वैगा ॥ बहुड़ नेम न दृष्ट आवैगा ॥ हे राजन आत्मा ते इतर जो
कछु दृष्ट आवता है ॥ सो अज्ञान करके है ॥ विचार कीये ते नहीं
रहता ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन अज्ञान क्या है ॥ अरु नास कैं
से होवै सो कहो ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजन एक ज्ञान है ॥ अरु
एक अज्ञान है ॥ ज्ञान एह है जो पदारथ यथारथ जानणां
अरु इह अज्ञान है ॥ जो पदारथ कों न जाणनां ॥ अरु एक ज्ञा
न भी अज्ञान है ॥ सो श्रवण कर ॥ मृगत्रिष्णा का जल देषक
र जो आस्था करणी जो इह है ॥ अरु जेवडी विषे सर्प सिपी
विषे रूपा देषणां ॥ अरु तिस कों सत जानणां ॥ इह ज्ञान भी
अज्ञान है ॥ काहे ते अज्ञान है ॥ जो सम्यक दर्शी होय कर न
हीं देष्या ॥ इह दृष्टांत है ॥ अरु दार्ष्टांत एह है ॥ जो शुध आत्मा
निराकार अच्युत विषे मैं हों ॥ अरु मेरा अमुका वर्णाश्रम
है ॥ अरु नाना प्रकार की विश्व जानणी सो ज्ञान भी अज्ञान
है ॥ अरु मूर्खता है ॥ हे राजन न कोऊ जन्मता है ॥ न मृत्यु होता
है ॥ जिंउ का तिंउ आत्मा स्थित है ॥ तिस विषे जन्म मरणादि
क विकार देषणे ॥ ऐसा जो ज्ञान है सो अज्ञान है ॥ हे राजन
जैसे कोऊ ब्राह्मण होइ ॥ अरु ऊंचा बाहों करके कहै जो मैं श
द्र हों ॥ मेरे ताईं वेद का अधिकार नहीं ॥ जैसे कोऊ पुरुष क
हे जो मैं मूया हों ॥ तिस कों मैं जानता हों ॥ तैसे आप कों कछु
वर्णाश्रम का अभिमान लेकर कहणां सो मूर्खता है ॥ काहे
ते जो असम्यक दर्शी है ॥ जब जिंउ का तिंउ जाणे तब बहु
री न होवै ॥ हे राजन ऐसा ज्ञान जो सम्यक दर्शन कर नष्ट
हो जाता है ॥ सो अज्ञान है ॥ जैसे सूर्य की किरण विषे जल
की प्रतीत होती है ॥ किरणों के ज्ञान ते जल का ज्ञान नष्ट हो जा

आदि इंद्रयों ते रहित

अ

मैं हौं

ताहै॥ सोजगतकाजानणेंअग्ज्ञानथा॥ जैसेजेवडीविषेस
र्पकाजानणा॥ सोसर्पकाज्ञानजेवडीकेज्ञानतें नष्टहो
ताहै॥ सोअग्ज्ञानहै॥ तैसेशुधचिन्मात्रविषेंआपकोंदे
हइंद्रीयांअरविश्वदेषणांइहजोज्ञानहै॥ सोअग्ज्ञान
है॥ सम्यकदर्शनकर्केनष्टहोताहै॥ जबऐसासम्यक
दर्शीहोवैंगा॥ तबअध्यात्मिकतापनिवर्तहोजावैगा
अरशुधहोवैंगा॥ जोआत्माहै॥ अजहै॥ अरअनंतरूपहै
सतअरअसतसर्वात्माहै॥ तिसतेंइतरकछुनहीं॥ अ
रप्रकाशरूपहै॥ सोऐसातूंहै॥ हेराजनअग्ज्ञानतेंभीअ
वरकोउनहीं॥ इसचित्तकेउदेहोणेकानामअग्ज्ञानहै
अज्ञानकाकारणचित्तहै॥ अरजोपदार्थचित्तकरकै
याहै॥ सोचित्तकर्केनष्टहोताहै॥ तांतेतूंचित्तकर्केचित
कोंनाशकर॥ जैसेअग्निपवनकरकेउपजताहै॥ अ
रपवनहीकरशांतिहोजाताहै॥ तैसेचित्तकोंचित्तकर
नष्टकर॥ हेराजनतूंहैं॥ नमैंहों॥ नइंद्रीहैं॥ नअहंकार
है॥ नइहजगतहै॥ केवलशुधआत्माहै॥ हेराजनजोचि
तहीनहीं॥ तौचित्तकाकार्यविश्वकहांहोवै॥ इहअग्ज्ञा
नकोंदृष्टआवताहै॥ जोचित्तहै॥ अरविश्वहै॥ केवल
अपनेंआपविषेंआत्मास्थितिहै॥ हेराजनचित्तका
उदेहोणेंअग्ज्ञानतेंहै॥ जबअग्ज्ञाननष्टहूया॥ तबचि
तअरअहंत्वंसर्वनष्टहोजातेहैं॥ हेराजनतूंशुधआ
त्माहैं॥ अरएकहैं॥ अरप्रकाशरूपहै॥ अच्युतहैं॥ अर
निरंतरहैं॥ अरदेहइंद्रीयांआदिकरूपहोकरभीतूं
हीस्थितभयाहैं॥ इछाअरअनिछाभीतूंहीहैं॥ जैसेचं
द्रमाकीकिरणचंद्रमातेंभिन्ननहीं॥ तैसेतूंहैं॥ अरनि
र्विकल्पहैं॥ कछुफुरणातेरेविषेनहीं॥ तूंकेवलनिजिंउका
तिउस्थितिहैं॥ इतिश्रीनिरवाणप्रकरणेपरमार्थ
उपदेशोनामसर्गः॥८२॥ श्रीवशिष्टोवाच॥ हेराम
जीजबऐसेंकुंभनेकहा॥ तबशिखरधजश्रवणकरके
शांतकोंप्रापतभया॥ नेत्रमूंदकेसर्वअंगोंकीचेष्टातेंर

हित भया॥ जैसे शिला ऊपर पुतली लिषी होती है॥ तैसे २
स्थित हूया॥ एक महूर्त पर्यंत निर्विकल्प स्थित रहा॥
अरु बहूडि उठ्या॥ तब कुंभ कहा॥ हे राजन आत्मा
जो निर्विकल्प है तिस निर्विकल्पता समाधि बिषै तैंने से
न कीया है॥ अरु ज्ञेय जो जानने योग्य है सो तैंने जानी
है॥ अब अज्ञान तेरा नष्ट भया है॥ अथवा नहीं भया॥ अ
रु आनंद कौं प्राप्त भया है॥ अथवा नहीं भया॥ सो कहु॥
॥ तब राजे कहा॥ हे भगवन तुमारी कृपा तें मैं उत्तम
पद कौं प्राप्त भया हौं॥ हे भगवन तत्ववेत्ता के संग तें जो
अमृत पाईता है॥ सो क्षीरसमुद्र तें भी नहीं पाईता॥ अ
रु देवतों बिषै भी नहीं पाईता॥ तुमारी कृपा तें ऐसे अं
मृत पाया है॥ जिसका आदि अरु अंत कोऊ नहीं॥ अनं
त है॥ अरु अमृतसार है॥ अब मेरे दुष सभ नष्ट हो ग
ये हैं॥ अब मैं जागया हौं॥ अरु आपनें आपकौं जानया
है मैं आतमा हौं॥ मेरे साथ चित्त कोऊ नहीं॥ मैं केवल अ
पणे आप बिषे स्थित हौं॥ अब इछा मेरे ताई कोऊ न
हीं॥ अपणे स्वभाव कौं पाया है॥ अरु सर्व के आदि पद
कौं प्राप्त भया हौं॥ जिस बिषै कोऊ क्षोभ नहीं॥ ऐसे नि
र्विकल्प पद कौं प्राप्त हूया हौं॥ हे भगवन ऐसा अपणा
आप है मेरा॥ जिसकर सर्व प्रकाशते हैं॥ तिसके पाये
बिना कोटि जन्म पाये हैं॥ अरु दुष मेरे नास भये॥ अ
ब तुमारी कृपा तें एक क्षण बिषै जाना है॥ आगै अब वण
नी कर्ती था॥ सो कारण एक वचन था जो आगै न जान्या॥ अ
ब जान्या है॥ कुंभोवाच॥ हे राजन तेरे कषाइ अब
परपक हूये हैं॥ कषाइ कहीये वासना॥ जब वासना
परपक होती है॥ तब पके फल की न्याई गिड पडती है
जैसे फल वृक्ष साथ परपक होता है॥ तब यत्न विना।
गिड पडता है॥ तैसे तेरी वासना अब परपक भई थी
जो अंतहकरण शुध भया है॥ अब अज्ञान तेरा नष्ट
भया है॥ जब अंतहकरण मलिन होता है॥ तब संतों के

वचन नहीं लागते ॥ जब अंतहकर्न शुध होता है ॥ तब सं
तो के वचन लागते हैं ॥ जैसे कोमल देह कों बाण लागे ॥ त
ब शीघ्र ही वेध्या जाता है ॥ तैसे शुध अंतहकर्न विषे शी
घ्र ही उपदेश प्रवेश कर्ता है ॥ हे राजन अब तेरी वासनां
भोगों की नष्ट भई है ॥ अर स्वरूप जानने की तेरी इछा भ
ई है ॥ तो तें जाग्या है ॥ हे राजन मैं उपदेश तब कीया है ॥
जो तेरा अंतहकर्न शुध भया है ॥ अर प्रतिमा भी तहां प
डती है ॥ जहां निर्मल गेड होती है ॥ जैसे स्वेत वस्त्र होता
है ॥ अर केसर का रंग तिस कों शीघ्र चढता है ॥ अर रंग
भी उजल होता है ॥ तैसे शुध अंतहकर्ण विषे संतो के व
चन प्रवेश करते हैं ॥ अर सोभा पावते हैं ॥ हे राजन जब
लग अंतहकर्न मलिन होता है ॥ ता वें जेता उपदेश क
राये ॥ तो भी स्थित नहीं होता ॥ जब भोगों विषे वैराग हू
या ॥ तब वासनां को नहीं रहती ॥ केवल आत्मपद की
इछा होती है ॥ तब स्वरूप साक्षात्कार होता है ॥ हे राज
न अब तेरा सर्वत्याग सिध हूया है ॥ अर अज्ञान नष्ट
हूया है ॥ जो अवर उपाध को नहीं ॥ चित ही बडी उपा
ध है ॥ जब चित नष्ट हूया ॥ तब दुःख को नहीं रहता ॥
अब तूं सुखेन ही विचर ॥ तेरे ताई दुख को नहीं ॥ अर
शोक को नहीं ॥ भै को नहीं ॥ तें अनंत पद को प्राप्त भ
या हैं ॥ तब राजे कहा ॥ हे भगवन अज्ञानी कों चित
का संबंध है ॥ अर ज्ञानवाने कों चित का संबंध नहीं हो
ता ॥ जो स्वरूप विषे स्थित है ॥ तो चित बिना जीवन्मुक्ति
हूया विबेक सें वर्तता है ॥ चेष्टा विषे कैसे वर्तता है ॥ त
ब कुंभ कहा ॥ हे राजन तूं सत कहता हैं ॥ जो ज्ञानी कों
चित का संबंध नहीं ॥ सो ज्ञानी विषे चित कदाचित न
हीं ॥ जैसे पथर की सिला विषे अंगरी नहीं होती ॥ तैसे
ज्ञानी कं चित का संबंध नहीं ॥ हे राजन चित जो है सो वा
सनां रूप है ॥ सो वासनां जन्म मरन का कारण हैं ॥ सो वा
सनां जीवन्मुक्ति कों नहीं रहिती ॥ ज्ञानवान का चित सत
पद कों प्राप्त भया है ॥ अर अज्ञानी चित विषे स्थित है ॥

तिसकरके जन्मता नहीं है ॥ अरु मृतक नहीं होता है ॥ अरु जो चि
त सत विषे स्थित है ज्ञानी ॥ सो ऽधानुवर्त प्रारब्ध भोग
भोगता है ॥ अरु सर्वात्मा ही देषता है ॥ जद्यपि इंद्रीयां कर
चेष्टा भी करता है ॥ तो भी सर्व आत्म देषता है ॥ क्रियाके क
रणे तें रहित होता है ॥ अभिमान तें ॥ जो मैं कर्ता हों ॥ अरु भो
गता हों ॥ अरु जो अज्ञानी आपको कर्ता मानता है ॥ तिसको
संसार सत भासता है ॥ अरु सत जानके संकल्प विकल्प
करता है ॥ सो ज्ञानवान को संसार की सत्यता नहीं भासती ॥ अ
रु आपको अकर्ता अभोक्ता देषता है ॥ अरु अभिलाष पू
र्वक चेष्टा नहीं करता ॥ हे राजन संसार को सत जानणा ॥ अरु
आपणे विषे क्रिया देषणी तब लग होता है जब लग चित
का संबंध होता है ॥ जब चित ही नष्ट होगया ॥ तब संसार अ
रु कर्म कहां रहे ॥ हे राजन अब चित का तैंने त्याग कीया है
तो तैं सर्व त्यागी भया है ॥ अरु आगे सर्व त्याग न भया था ॥ अ
ब अहं भाव तेरा दूर भया है ॥ जो अज्ञान का कार्य था ॥ जब
अज्ञान नष्ट भया ॥ तब अहंता न रहा ॥ अहं के त्यागणे क
र सर्व त्याग सिध भया ॥ अरु आगे तैं ने राज का त्याग कीया
था ॥ सो राज विषे तेरा कछु न था ॥ बहुड तपादिक त्याग की
या ॥ बहुड बन तें आदि लेकर सर्व सामिग्री का त्याग कीया
था ॥ अब तिसका त्याग कीया है ॥ जो त्यागणेवाला है अहं
भाव ॥ तो तैं सर्व त्यागी भया ॥ अरु जो कछु जानणे योग्य है
तिसको जान्या है ॥ अरु शांत पद को प्राप्त भया हैं ॥ हे राजन
तूं आत्मा हैं सर्व दुषों तें रहित हैं ॥ जैसे मंदराचल पर्वत तें र
हित क्षीरसमुद्र शांत को प्राप्त भया ॥ तैसे ही अज्ञान रूप मं
दराचल तें रहित तूं शांत पद को प्राप्त भया हैं ॥ अब तैं जा
न्या हैं ॥ अरु चित का त्याग कीया है ॥ तो तैं सर्वात्मा भया हैं ॥
अरु अद्वैत हैं ॥ हे राजन जब दो अक्षर होते हैं ॥ तब तिनकी
संज्ञा नाना प्रकार होती है ॥ जो अंतर विषे सुष दुष धर्म
अधर्म होते हैं द्वैत ॥ अरु जो एक का एक ही अक्षर रहे तब सर्व
का आत्मा है ॥ तैसे दूसरा अज्ञान नष्ट भया है ॥ अरु सत पद
को प्राप्त भया हैं ॥ अरु शुद्ध निर्मल हैं ॥ हे राजन जो ज्ञानवा
न है ॥ तिस चित का त्याग कीया है सम्यक दृष्टि कर कैं ॥ बहुड

दु तिनकों दुषके तूं नहीं होता ॥ सोतं तिसपदकों प्राप्त भया
हैं ॥ जिसविषे दुषको नहीं ॥ अरु तिसपदकें प्राप्त भया
हैं ॥ जहां स्वर्गादिक सुष तुछ हैं ॥ स्वर्ग विषे भी ॥ दोष अरु अ
त्से होता है ॥ अगत्से कहीये बंदे पुन्य करणेहारा ॥ जो अ
पसें उर्ध देषता है ॥ तब चहलता है जो मैं भी इसा जैसा हो
वों ॥ अरु नीचे कहीये मैं ति इस सुषसें गिड्या मैं जो ॥ दोनों
प्रकार दुष होता है ॥ सो पुन्य अरु पाप दोनोंका त्याग की
या है ॥ तांतें तें सर्वत्यागी हैं ॥ अरु अज्ञानी जो पापी जीव हैं
तिनकों स्वर्ग भी भला है ॥ जैसे स्वर्नका पात्र न पाईये ॥ तो
पितलका भी भला है ॥ तैसे स्वर्नका पात्र जो ज्ञान है ॥ जब
लग प्राप्त न होवै ॥ तब लग पितलका पात्र जो है स्वर्गादि
क ॥ सो नर्कतें भला है ॥ अरु तुम सारषों कों कछु नहीं जो
आत्मा विषे सर्व पदार्थों की पूर्नता है ॥ अरु सर्वकी उत्प
ति आत्मातें हैं ॥ हे राजन वर्न अरु आश्रमादि विषे का आ
स्था करणी है ॥ जहांतें इनकी उत्पति है ॥ अरु जहां लीन हो
ते हैं ॥ अरु मध्य विषे जिसके अज्ञानतें दृष्ट आवते हैं ॥ ति
स विषे स्थित होवीये ॥ जिसके ज्ञानतें सर्व लीन होजाते हैं
हे राजन संकल्प विकल्प जो उठते हैं ॥ तिन विषे स्थित म
ति हो ॥ जिस विषे उत्पति अरु लीन होते हैं ॥ तिस विषे स्थि
त हो ॥ अरु तपादिक क्रिया कर क्या सिध होता है ॥ जिस
कर तपादिक सिध होते हैं ॥ तिस विषे स्थित हो ॥ जैसे बूंद
उत्पति विषे क्या स्थिति होवणा है ॥ जिस मेघतें बूंद स्थिति होती
है ॥ तिस विषे स्थिति होवीये ॥ हे राजन जैसे स्त्री होवै अरु
भरतातें के उपदारथ चाहे ॥ अरु आपन कहे ॥ तैसे तपा
दिक जो क्रिया है ॥ तिस कर क्या सिध होता है ॥ जो तिनकर
तो इनकर प्राप्त होता नहीं प्राप्त आत्मपदकों इछा करेन हीं ॥ अपने आपकर पावे है ॥ हे
राजन आत्मा तेरा अपना आप है ॥ तिसी कर सर्व सिधता
होती है ॥ जो वस्तु पाछे त्याग करणी होइ ॥ तिसकों ज्ञानवा
न प्रथम ही नहीं अंगीकार करता ॥ अरु जो ती कछु तपादि
क कंथा है ॥ तिनको चित कर क्या रचते हैं ॥ अपणा आप
आप कों देष जो ज्ञानानंद स्वरूप है ॥ अरु सर्वदा अपणे निरंतर वि

षेस्थितहै॥ जबतूंअपणेआपकरआपकोंदेषेंगा॥ तब
तपादिकक्रियाकोंदूरकरसोभापावेगा॥ जैसेबदलोंके
दूरभयेचंद्रमाप्रकाशमानसोभापावताहै॥ तैसेतूंभीभो
गोंकीचपलताकोंत्यागकरसोभापावैगा॥ जबइंद्रीयां
कोंजीतेंगा॥ अरकिसीपदार्थविषेआसक्तनहोवैंगा॥ अ
रसर्ववासनांकोंत्यागकरेंगा॥ तबज्ञानवानहोवैंगा॥ अ
रजिससर्ववासनांकात्यागकीयाहै॥ तिसकोंविदमुजा
नणो॥ जोसर्वराजोंकास्वामीहै॥ जिसमनजीत्याहै॥ सोचेष्टा
विषेभीज्योंकात्यौंरहताहै॥ अरसमाधिविषेभीज्योंका
त्यौंहै॥ जैसेपवनस्पंदअरनिस्पंदजोहै॥ फुरनेंअरन
हिंफुरनेंतिसविषेतुल्यहै॥ तैसेज्ञानवानकोंभेदहोतान
हीं॥ तबराजेंकहा॥ हेसर्वसंज्ञायोंकेछेदनहारेस्पंद
अरनिस्पंदविषेज्ञानीज्योंकात्यौंकैसेरहताहै॥ सोकृ
पाकरकहो॥ कुंभोवाच॥ हेराजनचैतन्यआकाश
जोहै॥ सोआकाशतैंभीनिर्मलहै॥ तिसकासाक्षातका
रहूया॥ तबजड़हीदेषतेहोचैतन्यहींभासताहै॥ जैसे
समुद्रकेजाणेतैंतरंगबुदबुदेसर्वजलहीभासतेहैं॥
तैसेचितबिनांआत्माकेदेषेहूयेफुरनेंविषेभीआ
त्माहीदृष्टिआवताहै॥ अरजिनआत्माकोंनहींजान्या॥
तिसकोंनानाप्रकारजगतभासताहै॥ जैसेजलकेजा
नेंविनांतरंगबुदबुदेभिन्नभिन्नदृष्टिआवतेहैं॥ अ
रजलकेजाणेतैंतरंगभीजलमईभासतेहैं॥ हेराजन
सम्यकदर्शीकोंजगतआत्मस्वरूपहै॥ असम्यकद
र्शीकोंजगतहै॥ तातैंतूंसम्यकदर्शीहोकरदेषजोज
गतभीआतमरूपहै॥ अरसम्यकदर्शनजैसेप्राप्तहो
ताहै॥ सोश्रवणकर॥ सतशास्त्रोंकाविचारकरणों॥ सं
तोंकासंगकरणों॥ जबदृढभावनाकरीयें॥ तबकेतेका
लतैंस्वरूपकासाक्षातकारहोताहै॥ काजनकीअपेछा
धउविचारकेनमितकहीहै॥ जबदृढविचारहोताहै
तबसाक्षातकारहोताहै॥ जबस्वरूपकासाक्षातका
रभया॥ तबस्पंदअरनिस्पंदविषेएकसमानहोताहै॥
हेराजनजिसकेसमीपहीमायाहोवै॥ सोमायाकेनमित

कः हू

पर्वतकों जोजे अरदोरे ॥ तैंसेही तेरे घरविषे जुलवेताचु
रालाथी ॥ तिसका त्यागकरके तैंने बनविषे आइ तप
का आरंभ कीयाहै ॥ तौ तैं कष्टवंत पाया ॥ परंतु अबतैं
जाण्याहै ॥ अरदुष तेरे नष्टभए हैं ॥ अबतैं शांतिपदकों
प्राप्तभयाहैं ॥ जैसें जेवडीके नजानणे करके सर्पभास
ताहै ॥ अरभलीप्रकार जानणे करके जेवडी भासतीहै
तैंसेही भलीप्रकार निस्पंद होकर जिस अपणे आप
देष्याहै ॥ तिसकों फुरनेविषे भी आतमाही भासताहै ॥
जबमनकी चपलता मिटतीहै ॥ तब तुर्यातीतपदकों
प्राप्तहोताहै ॥ जिसपदकों वाणी विषय नहीं करसकती
हेराजा तैंभी तिसीपदकों प्राप्तभयाहैं ॥ जो मनअरवा
णीतें रहितहै ॥ अरतुर्यातीतपदहै ॥ तहां ध्यानकोभी नहीं
शांतपदहै ॥ इति श्री निर्वाणप्रकरणे शिषरध्वज
बोधवर्ननं नाम सर्गः ॥ ९० ॥ श्रीवशिष्ठ उवाच ॥ हेरा
मजी जबराजाकों कुंभनें ऐसें उपदेश कीया तिसकेउप
रांत कहा ॥ हेराजा अबहम जाते हैं स्वर्गकों ब्रह्माजीके
पास ॥ जो नारदमुनि आयेहैं ॥ देवताऊंकी सभाविषे जो
मेरेतांई नदेषैंगें ॥ तब क्रोधकरेंगे ॥ हेराजा जो कल्याण
रूतपुरुषहैं ॥ सो वडेंकी प्रसन्नता लेतेहैं ॥ तौ तैं मैं जा
ताहों ॥ अरउपदेश जो तेरेतांई कीयाहै ॥ तिसकों भलीप्र
कारविचारणां ॥ अरसारसंक्षेप काएही है ॥ जो संपूरनवा
सनौका त्यागकरनां ॥ किसी विषे चितकों बंधमान नहीं
करणां ॥ मेरे आवणे पर्यंत स्वरूपविषे स्थित रहणां ॥ अ
वरकिसी चेष्टाविषे नहीं लागणां ॥ अरस्वरूपकों भलीप्र
कारजाणके ॥ ना वें जैंसे विचरीयो ॥ ऐसें कहिकर कुंभउ
ठषडाहूया ॥ तबराजे अर्घ अरफल चढावणेके निमि
त हाथविषे लीये ॥ सो जलफल हाथविषे रहे ॥ जो कुंभमु
नि अंतरध्यान होतभया ॥ जबराजा कुंभमुनकों आपणे आ
गें नदेषतभया ॥ तब विचार लागा करनें ॥ देषो ईश्वर
कीनीत जो जाणीनहीं जाती ॥ जो नारदमुन कह्याथा ॥ अर

तिसका पुत्र कुंभक हों ॥ अर मैं शिषरध्वज राजा कहं ॥ तैं तत
होने कुं मुनि का रूप धार कर मेरे ताईं आइ जगाया है ॥ कुं अर
भमुन बनाइ कर आया ॥ जिस उपदेश कर मेरे ताईं जगा
या है ॥ अब मैं अग्यान रूप चिक्कड तैं निकस्या हों ॥ अर स्वरू
प विषे जाग्या हों ॥ अर संपूर्ण संशय नष्ट भये हैं ॥ अर नि इ
षपद कों प्राप्त भया हों ॥ अर अग्यान निद्रा तैं जाग्या हों ॥ बडा
आश्चर्य है ॥ हे रामजी ऐसे कहि कर राजा शिषरध्वज सं
पूर्ण इंद्रीयों अर प्राण ॥ अर मन स्थिति कीया ॥ अर चेष्टा तें
रहित भया ॥ जैसे सिला के ऊपर पुतलीयां लिषी होती
हैं ॥ जैसे पर्वत का शिषर स्थित होता है ॥ तैसे स्थित भया ॥
अर तहां चूडाला कुंभ रूप शरीर का त्याग करि कै आकाश
कों उडी ॥ चूडाला का रूप सुंदर धार कर उडी ॥ अर आका
श कों लंघ कर अपणे नगर विषे आवत भई ॥ अर अंतह
पुर जो था ॥ जहां स्त्रीयां रहती थी ॥ तहां प्रवेश कीया ॥ अर मं
त्रीयों कों आग्या करी ॥ जो तुम अपणे अपणे स्थान विषे
स्थित होवो ॥ अर राणी राजा के स्थान विषे स्थित भई ॥ भली
प्रकार प्रजा की षबर लीनी ॥ अर तीन दिवस रहि कर ति
स तैं उपरांत बहुड उडी ॥ जहां राजा बन विषे रहता था
तहां आइ प्राप्त भई ॥ अर कुंभ का रूप धार कर देष्या ॥
जो राजा समाधि विषे स्थित है ॥ देष कर बहुत प्रसन्न भ
ई ॥ हे रामजी ऐसे देष कर चूडाला प्रसन्न होय के विचा
रत भई ॥ बडा सुष कार्य हूया ॥ जो राजा को स्वरूप की प्रा
प्त भई ॥ अर शांत को प्राप्ति भया ॥ ऐसा विचार कीया जो
इस कों जगावों ॥ तब सिंह की न्याईं गर्जी ॥ अर बडा शब्द
कीया ॥ तब शब्द कर जेते बन के पशु पंछी थे ॥ सो सर्व
भय कों प्राप्त भये ॥ तो भी राजा न जाग्या ॥ बहुड हाथ कर
हलावत भई ॥ तो भी राजा न जाग्या ॥ जैसे शब्द कर कै पर्वत
का शिषर चलायमान नहीं होता ॥ तैसे राजा चलायमा
न न भया ॥ काष्ट अर पाषाण की न्याईं स्थिति रह्या ॥ तब रा
णी विचार कीया ॥ जो राजा शरीर न त्याग देवै ॥ तौ भला है
अर राजे शरीर का त्याग कीया होइ ॥ तो मैं भी त्यागोंगी ॥ जो

शरीर त्यागा है॥ तो मैं भी त्यागती हों॥ हे रामजी चूडाला शरी
र न त्यागया॥ परंतु अरंभ करणे लागी॥ जो राजा अरु मैं एक ग
शरीर त्यागणा है॥ बहुड विचार करनें लागी॥ जो इसकी न
विष्यत क्या होणी है॥ तब राजा के नेत्रों पर हाथ लगाया
अर देह साथ देह का स्पर्श कीया॥ तब देखा जो प्राण हैं रा
जा विषे॥ अर तिन विष्यत भी विचार कीया॥ जो इसकी स्वतंत से
घर रहती है॥ जीवन्मुक्ति होकर राज्य विचरना है॥ ऐसे अ
वण करके॥ तब रामजी कहा॥ हे भगवन तुमें कहा जो
राजा काष्ट अर पाषाण की न्याई स्थिति भया था॥ बहुड
कहा जो हाथ लगाइ कर देखा॥ जो इस विषे प्राण हैं॥ जीव
ता है॥ तो कुं न किं उकर जान्या॥ इह मेरे ताई संसा है सो दू
र करो॥ तब वशिष्ट जी कहा॥ हे रामजी जिस शरीर वि
षे पुर्यष्टका होती है॥ तिस विषे हरीयावल होती है॥ हे रा
मजी अज्ञानी का चित रहता है॥ अर ज्ञानी का सत्व रहता
है॥ जो प्रारब्ध वेग करके फुरता है॥ अर बलाकार वर्त्त
होता है॥ अर अज्ञानी चित फुरणे करके बहुड शरीर पा
वता है॥ अर ज्ञानी इष्ट अनिष्ट विषे एक समान रहता है
अर अज्ञानी का शरीर इष्ट विषे अवर मोति दे बीयत है
अर अनिष्ट विषे अवर मोति दे बीयत है॥ इष्ट विषे प्रस
न॥ अर अनिष्ट की प्राप्त विषे शोकवान दिषाई देता है
हे रामजी ज्ञानी जब शरीर कों त्यागता है॥ तब अलस समु
ड विषे स्थिति होता है॥ अर जब जागसत्व शेष है॥ तब ल
ग फुरता है॥ तिस विषे सहम संसार होता है॥ जैसे बीज वि
षे फल फल सूक्ष्मता करके स्थिति होता है॥ काल पाइ के
बहुड निकसता है॥ तिसी प्रकार राजे का शेष रहता था
तिस करके बहुड फुरेगा॥ तब चूडाला कुं न रूप विचार
कीया॥ जो इस के अंतर प्रवेश करों॥ अर जगावों॥ जो मैं न
जगावौंगी॥ तो भी इस ने तक रजागणा है॥ तो तेमें ही जगा
वौं॥ ऐसे विचार करके अपणे शरीर का त्याग कीया॥ चेत
न्यता विषे स्थिति होकर॥ अर फुर्ती कों लेकर उस विषे जा
इ प्रवेश कीया॥ जाइ कर उस की चेतन्यता जो सत्व शेष था

अर अज्ञानी शरीर
कों तेयागता है

तिसकौं फोडतभई ॥ बडाहृौमकीया ॥ जबराजा उथ्योंह
लया ॥ तब आपतिकसन्माई ॥ अर अपणे शरीरविषेप्र
वेशकीया ॥ जैसे आकाशविषेपंखेरू उडताहै ॥ अरबहु
ड आलणेविषे आइप्रवेश करताहै ॥ तैसे अपणे शरीर
विषे आइस्थितभई ॥ अरसामवेदकागायनकरणे
लागी ॥ महासुंदरस्वरसाथ ॥ तबराजेश्रवणकीया ॥ जो
कोउ सामवेदगावताहै ॥ अर श्रवणकरके जागतभ
या ॥ जागकरदेष्या जो कुंभमुनबैठाहै ॥ देषकरबहुतप्र
संनभया ॥ तबफलजलचढाया ॥ अरकह्या ॥ हे भगव
न अबमेरे वडेभागहैं ॥ जोतुमारादर्शनहूया ॥ हे भग
वन कुलाचलकुलनरूप जोपर्वतहै ॥ तिसपर्वतविषे
जो देहरूपवृक्षहै ॥ सो अबसफलभयाहै ॥ अबतुम प्रसनताथैहै
हमकौं पावनकीयाहै ॥ हे भगवन किसीकी समर्थता
नहीं ॥ जोतुमसारष्योंकौं चितविषेप्रवेशाकरै ॥ जिन
विषे सर्वदा आतमाका निवासहै ॥ तिसचितविषेमे
राश्मरण हूईहै ॥ जो दर्शनदीयाहै ॥ तांतेमेरे बडे भाग
हैं ॥ हे भगवन अंमृतरूपवचनौंकर ॥ प्रथमतुमनमेरे
तांई पवित्रकीयाथा ॥ अर अबजो चितकीयाहै ॥ सो
मेरेतांई पावनकीयाहै ॥ कुंभोवाच ॥ हे राजन तेरा
दर्शनकरके मैंभीबहुतप्रसंनहूयाहौं ॥ अरतुमजै
सीप्रीतमैं आगेकिसीकीनहीदेषी ॥ हे राजन तेरेन
मितमैं स्वर्गतेंआयाहौं ॥ स्वर्गविषे जोसुषहैं ॥ सोमेरेतां
ई भलेनलागे ॥ अरतूं मेरेतांई बहुतप्रीतमहैं ॥ इसी
नमितमैंस्वर्गतें आयाहौं ॥ अबमैं स्वर्गभीनहीं जाता
तेरेहीपासरहौंगा ॥ राजोवाच ॥ हे भगवन जिस
ऊपर तुमसारष्योंकीकृपाहोतीहै ॥ तिसकौं भीस्वर्गा
दिकसुषभलेनहीलागते ॥ तुमसारष्योंकी बातक्या
कहताहै ॥ इहवनहै ॥ इहकुपरीहै ॥ इसीविषविश्रा कु
मकरीये ॥ मेरेवडेभागहैं ॥ जोतुमाराचितरहणेका
हूयाहै ॥ कुंभोवाच ॥ हेराजन अबतेरेतांई शांतिभा

प्राप्त भई है ॥ अरु संकल्प बीज भी नष्ट भया है ॥ जैसे नदी के
कनारे पर वल्ली होती है ॥ अरु जल के प्रवाह कर मूल स
मेत गिडती है ॥ तैसे तेरे संकल्प का बीज नष्ट भया है ॥ अ
ब तूं यथा प्राप्त विषे संतुष्ट हूया हैं ॥ अथवा नहीं हूया
है ॥ अरु उपादेय ॥ जो है ग्रहण ॥ अरु त्याग ॥ तिस तें रहित
हूया हैं ॥ अथवा नहीं हूया ॥ अरु जो पावणे जोग पद है
सो पाया है ॥ अथवा नहीं पाया ॥ अपनां अनुभव कहो
॥ राजोवाच ॥ हे भगवन तुमारी कृपा तें सर्व सें श्रेष्ट
पद मैं पाया है ॥ जहां संसार की सीमां का अंत है ॥ अब
मेरे तांई उपदेश का अधिकार नहीं रहा ॥ जो संपूरण
संसे मेरे नष्ट भये हैं ॥ अरु हे उपादेय के मारिग तें अ
मुरता तीत हों ॥ इस कर विचारतां हों ॥ अरु जो कछु जानने जो
ग था ॥ सो जाना है मैं ॥ अब कुछ मेरे तांई कोऊ नहीं ॥ सर्व
गैर मैं तृप्त हों ॥ अरु नित्य प्राप्त रूप हों ॥ अरु आत्मा हों ॥ अ
रु निर्मल हों ॥ अरु अपणे स्वभाव विषे स्थित हों ॥ अर
सर्वात्मा हों ॥ अरु निर्विकल्प हों ॥ मेरे विषे फुरनें को उन
हीं ॥ मैं शांति हूया हों ॥ अरु चिरपर्यंत सुखी हों ॥ ॥ श्रीवशि
ष्टोवाच ॥ हे रामजी इस प्रकार राजे अरु कुंभ का पर
स्पर तीन महूर्त पर्यंत संवाद हूया ॥ तिस तें उपरांत दो
नों उठ खडे हूये ॥ अरु चले एक निकट तलाव था
जहां बहुत कमलनीयां थी ॥ तहां आइ कर दोनों स्ना
न करते भये ॥ अरु गायत्री संध्या करी ॥ अरु पितरां कों
जल दीया ॥ पूजा करके बहुड उहां तें चले ॥ बन कुंजो
विषे आये ॥ तब कुंभ कहा चलीये ॥ तब राजे कहा भ
ली बात है चलीये ॥ तब चले ॥ बहुत नगर गिरां उ
देखे ॥ अरु तीर्थ देखे ॥ अरु नाना प्रकार के बनों विषे
विचरे ॥ जो फल फल संयुक्त थे तिनहु विषे विचरे
अरु मारुथलों विषे विचरे ॥ हे रामजी ऐसे राजसी
तामसी सातकी स्थानों विषे विचरे ॥ तीर्थादिक सात
की स्थान हैं ॥ अरु सुंदर बन तें लेकर राजसी स्थान हैं

आदि

अरमारुथल तें आदि लेकर तामसी स्थान हैं ॥ तिन ऊ
विषे विचरते ॥ तौ भी हर्ष शोक कों न प्राप्त भये ॥ समता
विषे रहे ॥ हे रामजी कुंभ का प्रयोजन फिरने का ए ही था
जो राजा शुभ स्थानों कों देषकर हर्ष कों प्राप्त होवेगा
अरु अशुभ स्थानों कों देषकर दोष करैगा ॥ अथवा
न करेगा ॥ तौ भी राजा कों हर्ष शोक न प्राप्त भया ॥ बडू
उबदे पर्वतों की कंदरा देषीयां ॥ बन अरु कुंजा बद
कष्ट के स्थान देषे ॥ अरु एक बन विषे जाइ स्थित भये
के तेक काल विषे राजा अरु कुंभ एक जैसे होगये ॥ एक वे
ही स्नान करे ॥ अरु एक जैसी मति ॥ अरु एक जैसे जाप
जपें ॥ देवता पूजें ॥ अरु पितरों को एक जैसी पूजा करें ॥ अ
रु एक जैसे दोनों सुहृद भये ॥ जो उपकार कों अपेक्षा
बिनां उपकारी भये ॥ किसी और माटी शरीर कों लगा
वें ॥ किसी और चंदन का लेप करें ॥ किसी और भस्म श
रीर कों लगावें ॥ किसी और दिव्य वस्त्र कों पहिरें ॥ किसी
और तुपर के लेके पत्र होवें ॥ किसी और फलों कों षा
होवें ॥ किसी और ऊंचे स्थानों विषे सैन करें ॥ हे रामजी ऐ
से शुभ अरु अशुभ और विषे भी दोनों जिऊं के तिऊं रहे ॥ जो
हर्ष शोक कों न प्राप्त भये ॥ केवल सत्व शुद्ध विषे स्थि
ति रहे ॥ आतमा बिनां अवर कछु न फुरया ॥ एक बन
विषे जाइ स्थित भये ॥ तब राणी के मन विषे विचार फु
रया जो इह मेरा भर्ता है ॥ मैं इसको भोगों ॥ जो हमारी अ
वस्था है ॥ अरु जोबन लैके तक की स्त्रीयां हैं ॥ तो भर्ता कों
प्रसन्न राषतीयां हैं ॥ अरु राजे का शरीर भी देवता जैसा
हूआ है ॥ अरु स्थान भी शुभ है ॥ जब लग शरीर है ॥ तब
लग शरीर के स्वभाव भी साथ हैं ॥ अरु बडे विचार की
या ॥ जो राजा की गतता करों ॥ जो क्या कहेगा ॥ तब कुं
भ कहा ॥ हे राजन अब हम स्वर्ग कों जाते हैं ॥ जो चैत्र सु
दी एकम कों ब्रह्मा जी सृष्टि उत्पति करी है ॥ अरु इसी दि
न वर्ष के वर्ष उत्सव होता है ॥ अरु नारद मुनि भी आव
हिंगे ॥ तातें हम जाते हैं ॥ अरु आज हीं फिर आवहिंगे ॥

148

मेरे आवणे पर्यंत तुम ध्यान विषे रहणा ॥ अर ध्यान ते उ
तरौं तब फूलों कों देषणां ॥ ऐसे कहि कर फूलों की मंज
री राजा को दीनी ॥ अर राजे नी कुंभ को फूलों की मंजरी
दीनी ॥ जैसे नंदन बन विषे स्त्री भर्ता के हाथ देवे ॥ अर
भर्ता स्त्री के हाथ देवे ॥ तैसे दोनों परस्पर दीया ॥ अर कुं
भ आकाश कों उड्या ॥ अर राजा पाछें देषता रहा ॥ जैसे
मोर मेघ कों देषता है ॥ जेते पर्यंत राजा की दृष्ट पडती थी
तब लग देषता रहा ॥ कुंभ का शरीर राष्या ॥ जब दृष्ट सों
तन तें तु तइ ह सदा अचुत रूप स्वरूप के प्रमाद तें दुषी आप कों
जानता है॥ जो मैं इन कों भोगता हों॥ अर मैं जन्मा हों॥ एता काज रहे
गा॥ इह मेरी माता है॥ इह पिता है॥ मैं इन तें उत्पति हूया हों॥ बऊड़
आप कों मृत्यु हूया जानता है॥ हे राजन नखमृक कैं अैसे देषता है
जैसे निद्रा नृमक रस्वपने विषे देषीता है॥ तैसे अज्ञान कर के इह
जीव मानता है॥ जब मृत्यु होता है॥ तब जानता है॥ जो मेरा शरीर पि
टो कर हूया है॥ अब मैं दुष सुष को भोगोंगा॥ जैसे स्वप्ने विषे अका
श रूप होता है॥ तहां वासना कर अपणे साथ शरीर देषता है
अर सुष दुष कों भोगता है॥ तैसे मृतक अपणे साथ शरीर देष
ता है॥ अर दुष सुष का भागी होता है॥ अर परमार्थ तें इस के साथ श
रीर नहीं॥ तो जन्म मृत्यु कैसे होवे॥ स्वरूप के प्रमाद कर के देह धारी की
न्याई प्रतीति हूया है॥ तिस देह साथ मिल कर जैसी जैसी भावना कर
ता है॥ तैसा फल भोगता है॥ वासना के अनुसार जैसी इस कों भावना

होती है ॥ तैसा आगे शरीर देषता है ॥ अर पंचभूत तक संसार को देष
ता है ॥ इस प्रकार भ्रमता है ॥ अर जन्मता मरता आप कों देषता है ॥
जैसे समुद्र तें तरंग उठते हैं ॥ अर मिट जाते हैं ॥ तैसे शरीर उपजता है
अर मिट जाता है ॥ शरीर के संबंध करके उपजता अर बिनसता भा
सता है ॥ इह आश्चर्य है ॥ जो आत्मा ज्यों का त्यों सुत्रा विकल्पित है ॥ ति
स विषे वासनां के अनुसार विश्व कों देषता है ॥ हे राजन विश्व इसके
अंतर स्थिति है ॥ भावनां अनुसार आगे देषता है ॥ इस जीव विषे विश्व
है ॥ अर विश्व विषे जीव नहीं ॥ जैसे तिलों विषे तेल है ॥ अर तेल विषे
तिल नहीं ॥ जैसे सुवर्न विषे भूषण कल्पित हैं ॥ अर भूषणों विषे सुवर्न
कल्पित नहीं ॥ तैसे जीव विषे विश्व कल्पित है ॥ इसके आश्रय फुरती
है ॥ सो विश्व सत भी नहीं ॥ अर असत भी नहीं ॥ सत इसतें नहीं ॥ जो च
लरूप है इस्थिर नहीं ॥ अर असत इसतें नहीं ॥ जो विद्यमान भासती
है ॥ तातें इसकी भावनां त्याग ॥ इह मिथ्या है ॥ इह दृश्य भी मिथ्या है ॥ अ
र इसका अनुभव भी मिथ्या है ॥ अर इसके जानणे वाला जो अहंका
र जीव भी मिथ्या है ॥ जिसकों इह देषता है सो दृश्य भी मिथ्या है ॥ अहं
कार आत्मा विषे मारूथल के जल की न्याई मिथ्या है ॥ हे राजन ज
ब लग शास्त्र के अर्थ विषे चपलता है ॥ अर स्थिति तें रहित हैं ॥ तब
लग संसार की निवृत्त नहीं होती ॥ जब दृश्य के फुरणे अर अहंकार तें
जड होजावै ॥ तब इसकों आतमपद की प्राप्त होवे ॥ जब लग दृश्य की
ओर फुरता है ॥ चैतन्य है सावधान है ॥ तब लग संसार विषे भ्रमता
है ॥ हे राजन आत्मा न कछू जाता है ॥ न आवता है ॥ न जन्मता है ॥ न म
रता है ॥ जब चेतन अर चित का संबंध मिट जावै ॥ तब आनंदरूप ही
है ॥ चेतन कहीये दृश्य अर चित कहीये अहंकार संवित ॥ जब दो
नों का संबंध आप मों मिट जावैगा ॥ तब शेष आत्मा ही रहेगा ॥ सो
अलप है ॥ आत्मा है सोई शिवपद है ॥ जिस विषे वाणी की गम्य नहीं
सोई शेष रहेगा ॥ अर अनंतरूप निर्वाणपद है ॥ तिस विषे स्थि
त हो ॥ हे राजन जिस जुगत कर इसकी इच्छा अनिच्छा निवृत्त होवै
सो जुगत श्रेष्ट है ॥ जब लग इसकों फुरनां फुरता है ॥ जो इह भाव है
इह अभाव है ॥ तब लग इसकों जीव संज्ञा है ॥ जब भावाभाव का फु
रनां मिट जावै ॥ तब जीव संज्ञा भी चलती रहे ॥ आतमपद जो है ॥
शिवपद ॥ तिसकों प्राप्त होवे ॥ तहां वाणी की गम्य नहीं ॥ इति श्री नि
र्वाणप्रकर्णे बनवृहस्पतिसंवादवर्णनं नाम सर्गः ॥ १२० ॥

॥श्रीवशिष्ठोवाच॥ हे रामजी इस प्रकार जब जनराजा को बृहस्पति
ने कहा ॥ सो तेरे प्रश्न के उत्तर निमित्त मैं कहा है ॥ हे रामजी जब लि
ग इसके हृदे विषे संसार की सत्तता है ॥ तब जग जैसे कर्म करै
गा तैसा शरीर धारैगा ॥ हे रामजी जिस वस्तु को चित देषता है ॥
तिसकी ओर अवस्य जाता है ॥ उसके देषणे का संस्कार इसके
अंतर होता है ॥ इस प्रकार जिस पदार्थ को इस सत जान्या है ॥ ति
स तिस पदार्थ का संस्कार स्थित हो जाता है ॥ अर समें कर उह
संस्कार प्रगट होता है ॥ जैसे मोर के अंडे विषे शक्ति होती है ॥ ज
ब समा आया ॥ तब नाना प्रकार के वर्ण तिस विषे भासते हैं प्रग
ट ॥ तैसे जो चित का संस्कार है ॥ सो समे पाइकर जागता है ॥ हे राम
जी सो चित अज्ञान ते उपजा है ॥ तब बृहस्पति कहा ॥ हे राज
न बीज पृथिवी पर उपजता है ॥ आकाश विषे नहीं उगावता
जैसा बीज पृथिवी विषे बोवीता है ॥ तैसा ही फल होता है ॥ सोई
अहंरूप जो है ॥ अपणा होवणा सोई पृथिवी है ॥ जैसा जैसा भाव
ना कर कर्म करता है ॥ तैसा तैसा चितरूपी पृथिवी पर उत्पति
होता है ॥ बहुड़ उनके कर्मों के अनुसार शरीर को धारता है ॥ अर
शुभ अशुभ फलों को भोक्ता है ॥ अर ज्ञानवान जो है ॥ सो आकाशरू
प है ॥ आकाश विषे बीज कैसे उपजै ॥ बीज भावना कर के अज्ञा
नीरूपी पृथिवी विषे उपजता है ॥बलोवाच॥ हे देवगुरुजी
व भावै जीवता होवै ॥ भावै मृतक होवै ॥ इसको जो अनुभव होता
है ॥ सो आपनी भावना कीये ही होता है ॥ फिर जब इह मृतक हू
या ॥ अर इसकी पिंडादिक विषे भावना न हूई ॥ तो फेर इसका
शरीर कैसे होता है ॥ सुषदुष भोगणे वाला ॥बृहस्पतोवाच॥

अर जो होया तो
अकरतम [illegible] इह होया

हे राजन पिंडदानादिक इसका नहीं भी कीया ॥ अर इसके अं
तर भावना है ॥ तब भी उह जो विरोध भावता है ॥ सोई कर्मरूप है ॥
उसी कर भास आवता है ॥ अर जो इसके अंतर भावना न हो ॥ अ
र किसी बांधव इसके निमित पिंडादिक कीये ॥ तब भी इसको ना
स आवता है ॥ काहे तें जो उह भी इसकी वासना के स्पंद हैं ॥ हे राज
न अज्ञानी जो जीव हैं ॥ जिनको अनात्मा विषे आत्मबुधि है ॥ उस
के कर्म कहां गये हैं ॥ जो उह कर्म कर्ता है ॥ सोई कर्म उसके चितरू
पी जन्म विषे पड़े उगावते हैं ॥ उसकों शरीरों की क्या संख्या है ॥ अने
क वासनारूपी शरीर धारता है ॥ ज्ञान विनां स्वप्नवत ॥बलोवाच

हे देवगुरु इह निश्चय करके मैं जान्या है ॥ जो जिसकों निर्किंचित
की भावना होती है ॥ सो निर्किंचिंन पद को प्राप्त होता है ॥ अर
संसार की ओर ते सिलाकी न्याई हो जाता है ॥ जैसी जैसी इस
की भावना होती है ॥ तैसा स्वरूप हो जाता है ॥ जब संसार तें प
थर वत होवै ॥ तब मुक्ति होवै ॥ वृहस्पतीवाच ॥ हे राजन नि
किंचिन कैं जब जाणे ॥ तब संसार की ओर तें जड होता है ॥ रा
गद्वेष संसार का नहीं फुरता ॥ इसी का नाम जड है ॥ अर केवल
सार पद को प्राप्त होता है ॥ अर गुण इसकों न चलावैं ॥ तब जा
णीये जो निहिकिंचत पद विषे प्राप्त हूया है ॥ सोई मुक्ति है ॥ सं
देह नहीं ॥ हे राजन जब लग संसार की सतता चित विषे स्थित
है ॥ तब लग इसको वासना है ॥ जब लग वासना है ॥ तब लग
संसार है ॥ अर संसार के अभाव बिना इसकों शांत नहीं प्राप्त
होती ॥ सो स्वरूप के प्रमाद कर चित हूया है ॥ चित तें वासना हू
ई है ॥ अर वासना तें विघ्न हूई है ॥ तातें इस वासना को त्याग को
उपकरनां न फुरै ॥ निहिकिंचित भाव हो जाइ ॥ तब शांत भागी
होवै ॥ हे राजन जिस युक्त साथ जिस क्रम साथ इह निहिकिंचि
त रूप होवै ॥ सोई करै ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इस प्रका
र सुरपुर विषे सुरनाइक को सुरगुर कहा था ॥ सो मैं तेरे आगे
कहा है पिंडदानादिक का क्रम ॥ इति श्री निर्वाण प्रकर्णे ब
लवृहस्पतिसंवादे नाम सर्गः ॥ १२१ ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे
रामजी भावे जीवता होवै भावें मृत्यु होवै ॥ जो कछु इसके चित्त सो
क्रिया पुण्य कर्म कीया होवैगा ॥ तिसका अनुभव अवश्य करैगा ॥ जैसे मो
र के अंडे विषे रस होता है ॥ उह समें कर विस्तार कों प्राप्त होता है ॥
सोई इसके जो अंतर वासना का बीज है ॥ जब उह प्रगट नहीं भी
भासता ॥ तो समें कर विस्तार मान होता है ॥ जब लग चित है ॥ तब
लग संसार है ॥ जब चित नष्ट हो जावै ॥ तब संसार भ्रम मिट जावै ॥
हे रामजी सो चित भी असत है ॥ अर विश्व भी असत है ॥ जैसे आ
काश विषे नीलता भ्रम करकै भासता है ॥ तैसे आत्मा विषे विश्व
भ्रम है ॥ हे रामजी हमारे ताई न चित भासता है ॥ न विश्व भासती
है ॥ मैं भी आकाशरूप हूं ॥ तुम भी आकाशरूप हो ॥ इह चितस्वरूप

कै प्रमाद कर के कह्या है ॥ जैसे जहां काजर होता है ॥ तहां स्यामता
होती है ॥ तैसे जहां चित होता है ॥ तहां वासना होती है ॥ जब ज्ञा
न रूप अग्नि कर वासना दग्ध होवे ॥ तब चित पद को प्राप्त हो
ता है ॥ अर जीव संज्ञा निवर्त होती है ॥ हे रामजी चित उपशम
का उपाइ मेरे ते श्रवण कर ॥ तिस कर चित क्षीण हो जावे
गा ॥ जो सप्त भूमका कहा है ॥ तिन कर चित नष्ट हो जावेगा ॥ ति
नउ विषे तीन भूमका तेरे ताई कही है क्रम कर के ॥ अस्वारक
हणी रहिती हैं ॥ हे रामजी जो तीन भूमका प्रथमो विषे ॥ एक ती
किसी को प्राप्त नई है ॥ सो तिसको महापुरुष जाण ॥ सो संसार ते
वैसा हो जाता है ॥ श्रवण कर ॥ मान अर मोह तिसके निवर्त हो जा
ते हैं ॥ अर सगा द्वेष उसको नहीं लागता ॥ अर तिस विषे विचार
स्थिति होता है ॥ अर तिसकी कामना सर्व नष्ट हो जाती है ॥ अर
राग द्वेष तिसको नहीं रहते सुषुप्त विषे ॥ ऐसा अमद पु
रुष अवे पद को प्राप्त होता है ॥ एते गुण तीसरी भूमका विषे
स्थिति हूये पाईते हैं ॥ अर चित नष्ट हो जाता है ॥ तब संसार
कहूं नहीं पाईता ॥ जैसे दीपक साथ देखीये तो अंधकार कहूं नहीं
पाईता ॥ इति श्री निरवाण प्रकरणे चित्तनाशनावस्थितिपादने
नाम सर्गः ॥ १२२ ॥ श्री वसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी जब तीसरी
भूमका धृढ पूर्न होता है ॥ अर धृढ अभ्यास कर के चौथी उदे होती
है ॥ तब अज्ञान नाश होता है ॥ अर संम्यक ज्ञान उदे होता है ॥ चि
त विषे ॥ तब पूर्नमासी के चंद्रमा की न्याई सोभा पावता है ॥ अर
आदि अंत ते रहित निर्विज्ञान चेतन्य तत विषे जोगी का चित्त
स्थिति होता है ॥ अर सर्व को सम देखता है ॥ जिस जोगी को चतुर्थ
भूमका प्राप्त होती है ॥ तिसका नाना प्रकार का भेद भाव निवर्त
हो जाता है ॥ अर अभेद सर्वात्मभाव उदे होता है ॥ अर जागत ति
सकों स्वप्न की न्याई भासता है ॥ अर इंद्रीयां का विवहार तिसका
सषुप्तवत हो जाता है ॥ जैसे अर्ध सुषुप्त जिसको होता है ॥ तिसकू
ल विषे षाण पीणा रस तें रहित होता है ॥ तैसे चतुर्थ भूमका वाले
का विवहार रस तैं रहित होता है ॥ जैसे सूर्य अपणे प्रकाश कर
प्रकाशता है ॥ तैसे तिसकों आत्मा का प्रकाश उदे होता है ॥ अर सर्व
कल्पनां तिसकी नाश हो जाती है ॥ न किसी पदार्थ विषे राग करता है
न किसी विषे द्वेष करता है ॥ संसार समुद्र विषे निबणे वाजे राग दो

षहैं॥ सुषदेणेवालेपदार्थविषेरागहोताहै॥ अरदुषदेणेवाले
विषेद्वेषहोताहै॥ सोरागद्वेषदोनोंकातिसकोंअभावहोजाताहै॥
तिसकरसंसाररसमुद्रविषेगोतेनहींषाता॥ तिसकेचितकोंको
उमोहितनहींकरसकता॥ हेरामजीजबजाग्रततीयभूमकाहो
तीहै॥ तबजगतउसकोंजाग्रतअवस्थाहोतीहै॥ जबचतुर्थभूमका
प्राप्तभई॥ तबजाग्रतस्वप्नकीन्याईहोजाताहै॥ सर्वजगतकोंषि
णभंगुरतासंवेतदेषताहै॥ द्रष्टादर्शनदृश्यभावनोंकाअभाव
होजाताहै॥ श्रीरामोवाच॥ हेभगवनजाग्रतस्वप्नसुषुप्तका
लक्षणमुजकोंज्योंकात्योंकहो॥ तुर्याअरतुर्यातीतभीकहो॥ बे
जोहैसोशिष्यकोंकहतेषेदवाननहीहोते॥ श्रीवशिष्टोवाच॥
हेरामजीजोतत्तकास्मरणहै॥ अरपदार्थोंकीभावनाहै॥ नाशवंत
पदार्थोंकोंसतकीन्याईजानणां॥ सोजाग्रतहै॥ जोपदार्थोंविषे
भावाभावकीसततताहोतीहै॥ जागतकोंमिथ्याभावनामात्रजान
णां॥ सोसुप्नाकहतेहैं॥ जाग्रतअरस्वप्नजिसविषेतुल्यहोजावे
सोसुषुप्तहै॥ जोज्ञानभावककैभेदोंकीशांतिहोजावे॥ जाग्रतस्व
प्नसुषोपतितीनोंकाअभावहोवें॥ ऐसीजोनिर्मलस्थितिहै॥ सो
तुर्याहै॥ हेरामजीअज्ञानीजीवजगतकोंवर्षाकालकेमेघकीन्यां
ईदेषतेहैं॥ जोतिसकोंमतछधूरहोयकरभासताहै॥ अरजिस
कोंचतुर्थभूमिकाप्राप्तभईहै॥ सोसरतकालकेमेघकीन्याईदेष
ताहै॥ अरजिसकोंपंचमभूमिकाप्राप्तभईहै॥ सोसर्तकालकेमेघ
कीन्याईनष्टहूयेदेषताहै॥ जोनिर्मलआकाशहोताहै॥ तैसेउस
कोंनिर्मलभासताहै॥ सोतीनोंकावृतांतसुण॥ अज्ञानीजगतको
जाग्रतकीन्याईदेषताहै॥ अरदृढसततोजगतकीउसकोंभास
तीहै॥ तिसकररागद्वेषउसकोंउपजताहै॥ अरचतुर्थभूमिका
वालासरतकालकेमेघकीन्याईदेषताहै॥ जोदृष्टआवताहै॥ अ
काहेतें
रवर्षानहींकरती॥ जैसेस्वप्नकाद्रिश्यहोताहै॥ तिसकोंसततोजग
तकोंनहींभासती॥ जोस्मृतिस्वप्नकीतिसकोंहोतीहै॥ स्वप्नकीन्याई
देषताहै॥ तांतेंतिसकोंरागद्वेषनहींउपजता॥ अरपंचमभूमिका
जिसकोंप्राप्तभईहै॥ सोजगतकोंसुषुप्तकीन्याईदेषताहै॥ जैसेस
र्तकालकामेघनष्टहूयाषंडनहींदेषीता॥ तैसेउसकोंसंसा
रकाभावनहींहोता॥ अरचेष्टाउसकीसुभाविकपडीहोतीहै॥ जैं

सेकमलस्वभाविकखुलजाताहे॥ अरस्वभाविकमूंदाजाताहै
तिसकोंयत्नकछुनहीं॥ तैसेउसकोंचेष्टाविषेयत्नकछुनहीं॥ जैं
सात्रतियोगीतिसकोंआइप्राप्तहूयास्वभाविकसोकतेहे॥ जैसे
कमलकेखुलणेकाप्रतियोगीसूर्यउदेहूया॥ तबखुलगया॥ अर
जबमूंदनेकाप्रतियोगीरात्रिभई॥ तबमूंदागया॥ उसकोंखेदक
छुनहीं॥ तैसेतिसपुरुषकोंअहंताममतातेंरहितस्वभाविकचे
ष्टाहोतीहे॥ हेरामजी अहंता अरममतारूपीजोजागतहे॥ तिसतें
उहसुषुप्तहोजाताहे॥ अरसंपूर्णभावरूपजोदृश्यहे॥ अरतिसके
जोअर्थहें॥ तिनकेभावकातिसकोंअभावहोजाताहे॥ अरद्वैष
कलनानष्टहोजातीहे॥ अरअसेषविसेषकाजोमननहे॥ सोति
सकानष्टहोजाताहे॥ असेषविशेषकहीयेपशुपंछीमानुषदे
वतानरनारबुराइसोदिकजेतेबुधपदारथकाजोभावनाहे॥
सोतिसकेनष्टहोजातेहें॥ एकब्रह्मसताहीतिसकोंभासतीहे॥ सं
सारनहींभासता॥ हेरामजी अहंतारूपीतिलोंतेंसंसाररूपीतेलउ
पजताहे॥ अरअहंतारूपीफूलोंतेंसंसाररूपीगंधउपजताहे॥ सं
सारअहंताहीतेंहोताहे॥ सोअहंताखेतातिसपुरुषकेनष्टहोजा
तेहें॥ सोपुरुषइंद्रीयांकेअनुभवविषयोंकोपायकरहर्षमाननहीं
होता॥ अरअनुभवकेअभावहूयेद्वेषनहींकरता॥ अैसाआपकोंनहीं
जानताजोमेंपडाहों॥ अरईहांबेठाहों॥ अरचलताहों॥ आपकों
सर्वदाआकाशरूपजानताहे॥ नअंतरदेषताहे॥ नबाहिरदेष
ताहे॥ नआकाशकोंदेषताहे॥ नपृथिवीकोंदेषताहे॥ सर्वब्रह्मही
देषताहे॥ तिसकोंइतरकोउनहींभासता॥ अरदृष्टादर्शनदृश्य
तीनोंकासाक्षीरहताहे॥ अहंकारकासाक्षी॥ इंद्रीयांकासाक्षी
अरविश्वकासाक्षीहे॥ इनकेसाथस्पर्शकदाचितनहींकरता
जैसेब्राह्मणचंडालकेसाथस्पर्शनहींकरता॥ अरबीजतेंअंकुरहो
ताहे॥ अरअंकुरतेंटासहोतेहैं॥ इसीप्रकारपदार्थप्रणामीहें॥ अ
रआकाशतिनविषेजिउकातिउरहिताहे॥ काहेतेंजोउनकेसा
थस्पर्शनहींकरता॥ तैसेउहपुरुषदृष्टादर्शनदृश्यतेंअतीतरह
ताहे॥ जैसेमारूथलविषेजलभासताहे॥ तैसेतिसपुरुषकोंत्रिपुटी
भासतीहे॥ त्रिपुटीअहंताकरकेफुरतीहे॥ सोअहंतातिसपुरुषकी
नष्टभईहे॥ तोतैंभेदबुधिभीनहींरहती॥ इसीतेंशांतिहे॥ अरनिर्म
लहे॥ अरसंसारतेंसुषुप्तहे॥ अरचैतन्यघनताकरकेघनहे॥ सर्व

दाशांतिरूपहै॥ जिन्होंनेत्रोंकरसंसारजानीताहै॥ सोतिन्होंतें ग्रंथ
हूयाहै॥ जिसमनकरफुरनीहोताहै॥ तिसमनकोंभीनाशकीयाहै॥
अरुजयक्रोधअहंकारमोहतिसपुर्बविषेदेषीतेहैं॥ तोभीति
सकेरिदविबेककछुनहीस्पर्शकर्ते॥ जैसेपंछीआकाशविषेआले
नाभीकर्तीहै॥ अरुआकाशकोंस्पर्शनहीकरसकता॥ तैसेउसपु
रुषकोंस्पर्शकछुनहीकर्ता॥ हेरामजीजिसपुरुषकेसंपूर्णसंश
यनष्टहोगयेहैं॥ अरुसर्वदास्वरूपविषेस्थितिहै॥ अरुशांतिरू
पहै॥ अरुआत्मातेंइतरकिसीसुषकीबांछानहीं॥ अरुसर्वसंक
ल्पतिसकेनष्टहूयेहैं॥ अरुआत्मातेंइतरकछुनहीभासता॥ दृष्ट
जागतकीनाईआवताहै॥ अरुसर्वदाजागतेतेंसुषुप्तहै॥ इति
श्रीनिरवाणप्रकर्णेपंचमभूमकावर्ननंनामसर्गः॥ १२३॥
वशिष्ठउवाच॥ हेरामजीतीसरीभूमिकापर्यंतजागतेहै॥
अरुचतुर्थभूमिकाविषेजागतअवस्थास्वप्नवतदेषताहै॥ अ
रपंचमभूमिकावालासंसारतेंसुषुप्तहोताहै॥ अरुसर्वदाअक्रि
यहै॥ किसीक्रियाविषेबंधमाननहीहोता॥ अरुसर्वदाकालआनं
दरूपहै॥ अरजिनहोयकरआनंदकाभोक्तानहीं॥ आपहीआ
नंदहै॥ केवलआपणेआपस्वतहविषेस्थितिहै॥ अरुसर्वदानि
र्वीताहै॥ हेरामजीयथाशास्त्रसर्वक्रियाविषेविचरताहै॥ अरुअं
तरतेंसनहै॥ उसकोंकिसीसाथस्पर्शनहीं॥ जैसेआकाशविषेस
र्वपदार्थभासतेहैं॥ अरुआकाशकास्पर्शकिसीसाथनहीं॥ तैसेही
सर्वक्रियातिसविषेदृष्टविद्यमानआवतीयांहैं॥ तोभीअंतरतें
किसीसाथस्पर्शनहीकर्ता॥ काहेतेंजोक्रियाकरनेकाअभिमा
नीअहंकारथा॥ सोतिनकानष्टहोगयाहै॥ केवलशांतिरूपहै॥
अहंभावकाफुरनीचिन्मात्रविषेतेंनिवर्तभयाहै॥ चिन्मात्रतेंउ
त्थानअहंभावकासोईअज्ञानअरुदुषदाईहै॥ जबअहंभावनि
वर्तभया॥ तबकोउकर्मस्पर्शनहीकर्ता॥ यद्यपिप्रविष्टतिसकोंदृ
ष्टभीआवतीहै॥ तोभीवास्तवकरनहीदेषता॥ तिसकोंसर्वब्रह्म
हीदृष्टआवताहै॥ षाताहैअरनहीषाता॥ अरदेताभीहै॥ कदाचि
तनहींदीया॥ लेताभीहै॥ अरकदाचितकिसीतेंकछुनहीलीया॥
चलताभीहै॥ परकदाचितनहींचल्या॥ हेरामजीजेतेकछुदेशका
लवस्तुपदारथहैं॥ तिसकोंसर्वविषेआतमभावहोताहै॥ यद्यपि

अरछटवींभूमकावा
लातुरयापदविषेइ
स्थितहै

पअसत्चेष्टाउसविषेदेषीताहै ॥ तोभीतिसकेदेहविषेकछुन
हीं ॥ जैसेस्वप्नेविषेषातापीतालेतादेताभासताहै आपकौं
अरजागेतैंसर्वकाअभावहोजाताहै ॥ तैसेजोपुरुषपूर्णार्थ
सत्ताविषेजाग्याहै ॥ तिसकौंगुणोंकीक्रियाअपणेविषेकोउ
नहींभासती ॥ अरजोकछुकर्ताहै तिसविषेअभिलाषनहीं
तिसकीचेष्टास्वभाविकहोतीहै ॥ तिसकौंअपणेनिमितकर्त
व्यकछुनहीं ॥ ऐसेभगवाननेकहाहै ॥ अरसर्वात्माहीदेषता
है ॥ आकाशपृथिवीसूर्यब्राह्मणहस्तीस्वानचंडालादिक
सर्वविषेआतमभावहीदेषताहै ॥ अरआकारोंकोंमृगतृष्णा
केजलवतदेषताहै ॥ जोअसत्भावहै ॥ अरइष्टादर्शनदृस्य
भीउसकोंआकाशवतभासतेहैं ॥ अरनिर्मलआकाशवत्शांति
रूपहै ॥ अहंभावतेरहितकेवलचिन्मात्रविषेस्थितहै ॥ अ
रग्रहणत्यागतेअतीतहै ॥ सर्वकलनातेरहितनिर्वाणप
दहैं ॥ केवलस्वच्छनिर्मलआकाशरूपस्थितहैं ॥ अरअहंमम
आदिग्रंथीतिसकीभेदीहैं ॥ अरचिदजडग्रंथतिसकीभेदी
हैं ॥ चिजडग्रंथकहीयेअनात्मविषेअहंअभिमान ॥ सोतिस
कानष्टहोगयाहै ॥ केवलशांतिरूपहोरह्योहै ॥ जैसेक्षीरसमुद्र
तैमंदराचलपर्वतनिकस्या ॥ अरशांतरूपहूया ॥ तैसेरागद्वेष
रूपीक्षोभकेकर्णेवालापर्वतइसकेअंतरतेंकर्णीतेनिकिस
गये ॥ तबशांतिरूपअक्षोभहूयाहै ॥ अरपर्मसोभाकरसोभता
है ॥ जैसेजोविश्वकर्मीकरसूर्यकामंडलरच्याहै ॥ अरसोभाया
वताहैप्रकाशककें ॥ तैसेज्ञानरूपप्रकाशककैप्रकाशताहै ॥ जैं
सेचक्रफिरताफिरतारहिजाताहै ॥ अरशांतकौंप्राप्तहोताहै ॥ तैं
सेअज्ञानकरफिरताफिरताठहिरताहूयाइसकारिदाशांतकौं
प्राप्तहोताहै ॥ अरअपणेआपकरप्रकाशताहै ॥ पवनतेंरहि
तदीपकवत ॥ तैसेकलनारूपीपवनतेंरहितपुरुषअपनेंआ
पकरप्रकाशताहै ॥ अरसर्वदानिर्मलहै ॥ एकरसहै ॥ जैसेघटके
अंतरभीसूनहै ॥ अरबाह्यभीसूनहै ॥ तैसेदेहकेअंतरबाह्य कीया
आत्माहै ॥ जैसेजलकरपूर्णहूयाघटजलविषेराषीये ॥ तिस
केअंतरबाह्यजलहीहोताहै ॥ तैसेवहपुरुषअपणेआपकर

के अंतर बाहिर पूर्ण होता है ॥ अर एकरस है ॥ कछु दूसरा कछु
नाको नहीं प्राप्त भया ॥ अर तिस पद को पाय कर आनंदमान है ॥
जैसे कोई कुमार तिसके निमित्त तप करता होइ ॥ अर तिसकार रहता हो
वे ॥ तो वहि आनंद को प्राप्त होता है ॥ तैसे वहु पुरुष आनंद को प्रा
प्त हूया है ॥ जैसे कोई आधि व्याधि ते छुटा आनंद को प्राप्त होता है
तैसे वह ज्ञानी आनंद को प्राप्त हूया है ॥ जैसे कोई मार्ग ते थका हू
या आइ करि सघन छाउ पर विश्राम करे ॥ अर आनंद कौ प्राप्त होवे
तैसे ज्ञानवान को आनंद है ॥ जैसे पूर्णमासी का चंद्रमा अमृत क
र के आनंदमान होता है ॥ तैसे वहु पुरुष आपणे आनंद कर के घूमें
है ॥ जैसे काष्ट के जलने ते स्वच्छ अग्नि धूये ते रहित प्रकाशता है ॥ तै
से ज्ञानवान अज्ञानरूपी धूये ते रहित सोभता है ॥ हे रामजी जब
संसार की ओर ते देषता है ॥ तब अग्नि से जलता हूया आपते जु
दा देषता है ॥ ज्ञानरूपी पर्वत पर स्थित होकर जलता देषता है ॥
हे रामजी इह जो मैं कहा है संसार को जलता देषता है सो ऐसे न
ही फुरता जो मैं ज्ञानी हौं अर इह संसारी है ॥ इह स्वरूप की अपेक्षा
कर कहा है ॥ जो संसार उसको दुषदाई भावता है ॥ आनंद ते रहित
आनंद कौ प्राप्त भया है ॥ बडुडवैसा है ॥ जो सत असत ते रहित अ
पणा आप है ॥ तिस विषे स्थित है ॥ जैसे पर्वत अंतर बाहिर अप
णे आप विषे स्थित है ॥ अर एकरस है ॥ तैसे वहु पुरुष एकरस है ॥
अर संसार विषे जाग्रत होकर चेष्टा करता है ॥ अर अंतर संसार की
भावना ते रहित है ॥ अर तिस पद को वाणी की गम्य नहीं ॥ पर कछु
कहता हों श्रवण कर ॥ कोई ब्रह्म कहते हैं ॥ कोई चैतन्य कहते
हैं ॥ आतमा कहते हैं ॥ साक्षी कहते हैं ॥ अर काल वाले उसी को का
ल कहते हैं ॥ अर ईश्वरवादी उसी को ईश्वर कहते हैं ॥ शास्त्र कह
ते हैं ॥ इत्यादिक जो संज्ञा हैं ॥ सो सर्व उसी के नाम हैं ॥ इसते इतर नहीं
तिस पद को संतजन जानते हैं ॥ हे रामजी ऐसे पद को पाय के अपणे
आप कर सोभता है ॥ जैसे मणि के अंतर बाह्य प्रकाश होता है ॥ तैसे वह
पुरुष अंतर बाहर सोभता है ॥ अर अपणे स्वरूप कर सदा घूमे रह
ता है ॥ जो पुरुष छठवी भूमिका विषे स्थित है ॥ तिसके इह लक्षण
होते हैं ॥ संसार ते सुषुप्त होता है ॥ अर स्वरूप विषे चैतन्य होता है ॥ अ

र जीवत्व तिसका चलता रहता है ॥ जीवत्व कहीये परिछिन्नता ॥
जैसे घट की उपाधि कर घटाकाश परिछिन्न भासता है ॥ जब घट
नंग न हूया ॥ तब घटाकाश महाकाश एक होजाता है ॥ तैसे अ
हंकार रूपी घट के नंग न हूये आतमा ही भासता है ॥ इति श्री
निर्वाणप्रकर्णे छट्वा भूमिका उपदेशो नाम सर्गः ॥ १२४
श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इसते अनंतर जब पुरुष को
सप्तम भूमिका प्राप्त होती है ॥ तब आपको आतमा ही जानता है
अरु नृतों का ज्ञान जाता रहता है ॥ केवल आत्मत्वमात्र रहता है
हस्य का ज्ञान नहीं रहता ॥ अरु इह भी ज्ञान नहीं रहता ॥ जो विश्व
मेरे आत्मा फुरती है ॥ देह सहित होवे ॥ अथवा विदेह होवे ॥ उस
को आत्मा ते उत्थान कदाचित नहीं होता ॥ जैसे आकाश आप
णी सत्ता विषे स्थित है ॥ तैसे आत्मस्वरूप विषे स्थित है ॥ अर
चेष्टा भी स्वभाविक पडी होती है ॥ जैसे बालिक पंघूडे विषे होता
है ॥ तिसके अंग स्वभाविक हलते हैं ॥ तैसे उसकी चेष्टा प्राणपान
स्वभाविक होती है ॥ जैसे काष्ट की पुतलीयां तागे कर के चेष्टा क
रती हैं ॥ तैसे प्रारब्ध वेग के तागे कर उसकी चेष्टा पडी होती है ॥
अपणी इच्छा उसको कछु नहीं रहती ॥ हे रामजी तैसी अवस्था को
सप्तम भूमिका वाला प्राप्त हूया है ॥ सो आप ही जानता है ॥ इत
रको उह जान नहीं सकता ॥ जिसका चित्त साथ है सो नहीं जान सक
ता ॥ अर जिसका चित्त सत पद को प्राप्त हूया है ॥ सो भी जान नहीं स
कता ॥ जिसको उह पद प्राप्त भया है ॥ सोई जानता है ॥ हे रामजी जी
वन्मुक्ति का चित्त सत पद को प्राप्त हूया है ॥ अर तुर्यापद विषे
स्थिति है ॥ अर इसका चित्त निर्वाण होगया है ॥ अर तुर्यातीत
पद को प्राप्त भया है ॥ अर विदेह मुक्ति है ॥ तिसको अहंभा
व का उत्थान कदाचित नहीं होता ॥ सतरूप है ॥ असत की न्याई
स्थिति हूया है ॥ हे रामजी उह तिस पद को प्राप्त हूया है ॥ जिसकी
बाणी की गम्य नहीं ॥ पर कछु कहता हों ॥ सो पद शुद्ध है ॥ अर
निर्मल है ॥ अद्वैत है ॥ अर चैतन्य है ॥ ब्रह्म है ॥ अर काल का भी का
लन छलण कर्णहारा है ॥ केवल चैतन्यमात्र है ॥ अर जिउ का ति
उ अच्युत पद है ॥ इस पद को पाय कर ऐसा होता है ॥ जैसे वस्त्र ऊ
पर मूर्त लिखी है ॥ तिसी प्रकार उत्थान तें रहित होता है ॥ अहं ब्र
ह्म का उत्थान भी नहीं रहता ॥ इति श्री निर्वाणप्रकर्णे सप्तम भू

मिकालक्षणविचारोनामसर्गः ॥ १२५ ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे
रामजी इह भूमिका तेरे तांई कही हैं ॥ जो ज्ञान की प्राप्ति इनहीं क
र होती है ॥ इनते अन्य साधन कर ज्ञान की प्राप्ति नहीं होती ॥ हे रा
मजी ज्ञानवान हूया पुरुष तब जाणीये ॥ जो जिसकी उत्तम भूमिका
प्रथम विषे स्थिति हूई है ॥ ताते तूं भूमिका की ओर चित्त रूपी च
न कों पावो ॥ तब तुम कों स्वरूप की प्राप्ति होवे ॥ हे रामजी तीसरी
भूमिका पर्यंत सर्व कामनों निवर्त होती है ॥ एक आतम पद की कांम
ना रहती है ॥ जो तिस अवस्था विषे शरीर छूट जावे ॥ तब अवर ज
न्म पाइकर ज्ञान को प्राप्त होता है ॥ अर जो चतुर्थ भूमिका कों प्राप्त हू
ये शरीर छूटे ॥ तब बहुड जन्म नहीं पावता ॥ काहे तें जो आत्मपद
की प्राप्त हूई ॥ बहुड कछु पावणे की इछा नहीं रहती ॥ जन्म का का
रण इछा है ॥ जब कछु इछा न रही ॥ तब जन्म भी न रहा ॥ जिसकों च
तुर्थ भूमिका की प्राप्त भई है ॥ तिसकों स्वरूप की प्राप्त भई ॥ बहुड इ
छा कैसे होवे ॥ जैसे भुन्ना बीज उगमता नहीं ॥ तैसे उनका चित्त ज्ञान
रूप अग्नि कर कें सत पद कों प्राप्त हूया है ॥ इसतें जन्म नहीं लेता ॥ अ
र मरता भी नहीं ॥ संसार कों स्वप्नवत देखता है ॥ अर पंचम भूमिका
जिसकों प्राप्त भई हैं ॥ सो सुषुप्त की न्यांई होता है ॥ अर छठवीं भूमि
का तुरीया पद है ॥ सप्तम तुरीयातीत पद है ॥ हे रामजी एते मेरे कहणे
का प्रयोजन एही है ॥ जो वासना का त्याग करो ॥ अर अचित पद कों प्रा
प्त होवो ॥ सो वासना क्या हैं ॥ इसका होवणा ही वासना है ॥ जब इसको
अभिमान अभाव हूया ॥ तब ही शांत हूई ॥ इह जो प्रछिन्न अहंका
र है ॥ सो इस मरहणे नहीं ॥ आत्मा के अज्ञान तें हूया है ॥ अर आत्म ज्ञा
न तें लीन हो जाता है ॥ हे रामजी संसार रूप एक नदी है ॥ तिस विषे जी
रूप व रूग बुदबुदे हैं ॥ अध्यात्मक आधिभूतक आधिदैवक रोग तरं
ग हैं ॥ तिस विषे जिसकर जीव दुख पावते हैं ॥ अर राग द्वेष रूपी छो
टे मछ हैं ॥ अर त्रिष्णा रूपी बडे मछ हैं ॥ जैसे जल चल्या जाता है
तैसे मनुष्य के मुख मों संसार चल्या जाता है ॥ अर अज्ञान रूप जाल
है ॥ तिस विषे ॥ हे रामजी त्रिष्णा ही कर पुरुष बंध है ॥ ताते तुम त्रि
ष्णा रूपी संगलों कों काटो हस्ती की न्यांई ॥ वैराग अभ्यास दंतों कों
वो ॥ त्रिष्णा रूपी जंजीरों कों काटो ॥ हे रामजी इह त्रिष्णा रूपी सर्पणी
है ॥ विष रूपी फुंकारे कर कें सर्व हरीयावल कों जलावती है ॥ तिसके
जलने कर किसान दुख पावता है ॥ सो वली का है ॥ विचार वली है

अर जीव किसी नहे ॥ जब चित्त रूपी सर्पणी फुंकारती है ॥ तब वि-
चार रूपी वल्ली को जलावती है ॥ ताते विचार रूपी अग्नि कर
सर्पणी को जलादीय ॥ हे रामजी त्रिष्णा दुखदाई है ॥ जब लग त्रि-
ष्णा है ॥ तब लग संतों के वचन इसके रिदे विषे स्थित नहीं हो-
ते ॥ जैसे दर्पण ऊपर मोती नहीं ठहिरता ॥ सो त्रिष्णा के एते नाम
हैं ॥ त्रिष्णा कहीये ॥ अभिलाषा कहीये ॥ इछा कहीये ॥ फुनी क-
हीये ॥ संसनी कहीये ॥ सर्व इसी के नाम हैं ॥ सो इछा रूपी मेघ है ॥ ति-
सनै ज्ञान रूपी सूर्य आछादया है ॥ तिसकर भासता नहीं ॥ अर इ-
छा रूपी बदल है ॥ आतम रूपी सूर्य है ॥ तिस बदल के आवले क-
र साक्षातकार नहीं होता ॥ जब विचार रूपी पवन चले ॥ तब इछा
रूपी मेघ नष्ट हो जाता है ॥ हे रामजी इह जीव के आकाश का पंछी है ।
तिसकी कमर विषे इछा रूपी तागा है ॥ तिसकर के उड नहीं सक-
ता ॥ अर परमात्म पद को प्राप्त नहीं होता ॥ अर इछा कर दीन है ॥ ज-
ब इछा ही नष्ट होवे ॥ तब आतम स्वरूप है ॥ ताते इछा ही को नाश
कर ॥ आतम पराइण होवो ॥ आतम पराइण कहीये ॥ विषय सं-
सार ते वैराग करो ॥ अर आतम का अभ्यास करो ॥ हे रामजी इह जो मैं
तेरे ताईं भूमिका क्रम कहा है ॥ जब इन विषे आवैं ॥ तब ज्ञान की
प्राप्त होवे ॥ सो इनको तब प्राप्त होता है ॥ जो एक हस्तणी को जीतता
है ॥ एक बन विषे रहती है ॥ दो उसके दंत हैं ॥ सात उसके पुत्र महाम-
त्ते हैं ॥ उह अनेक जीवों को मारकर अनर्थ को प्राप्त करती है ॥ ति-
सके जीत्यें सर्व जगत जीत्या जाता है ॥ श्रीरामोवाच ॥ ऐसी हस्त-
नी सो कवन है मस्तरूप ॥ अर कहां रहती है ॥ कवन उसके पुत्र अ-
र दंत हैं ॥ कैसे उह मारती है ॥ अर कैसे उसको रचा है ॥ अर कवन बे-
न है ॥ इह सत्त मेरे ताईं कहो ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इछा
नाम्नी तो हस्तनी है ॥ शरीर रूपी बन है ॥ मन रूपी गुफा विषे रहती
है ॥ इंद्रिय रूप बालिक हैं ॥ संकल्प विकल्प रूपी दंत हैं ॥ तिनकर
पडी छेदती है ॥ तिसके मद करा हे रामजी एक नदी है ॥ तिसका प्रवा-
ह सदा चल्या जाता है ॥ तिन विषे तीन तो मच्छ रहते हैं ॥ जो नाश नहीं
होते ॥ इह संसारी नदी है ॥ अर राग द्वेष तिस विषे मच्छ रहते हैं ॥ हे
रामजी मच्छ तब नष्ट होवैं ॥ जब संसारी रूपी जल नाश होवे ॥ सुकृत
दुःकृत रूपी कनारे हैं ॥ चिंता रूपी ग्राह हैं ॥ कर्म रूपी लहरा हैं ॥ तिस वि-
षे अमाया पडी जीव मरता है ॥ त्रिष्णा रूपी वल्ली है ॥ तिसको नाश करो

तेइला चहा

हे रामजी त्रिष्णा रूपी अंकुर का वधावणा ॥ घटावणा तेरे अप
ने अधीन है ॥ जो अंकुर कौ जल देवीये तो वर्धता जाता है ॥ अ
र जो न देवीये तो जल जाता है ॥ तैसे फुनै रूपी जल देवणे कर
त्रिष्णा रूपी अंकुर वर्धता जाता है ॥ अर न देवतो कर जल जा
ता है ॥ अर स्वरूप के अभ्यास कर ॥ हे रामजी त्रिष्णा रूपी बंधाम
त्स है ॥ धीर्यादिक मास कौं नचे न करनेवाला है ॥ तिसकौं वैराग
रूपी कंडी ॥ अर अभ्यास रूपी तंदी कर शत्रु कौं मार नास करो
हे रामजी इछ्या ही का नाम बंध है ॥ निरिछ्या का नाम मुक्त है ॥ हे रा
मजी एक सुगम उपाइ कहता हौं ॥ जिसकर त्रिष्णा नष्ट होवै ॥ सो
नत्य अर्थ की भावनां कर ॥ जब नत्य अर्थ की भावनां करी ॥ तब
शीघ्र ही आत्मपद की प्राप्त होती है ॥ अर तेरी जय होवैगी ॥ अर स
र्वोतं उतम पद कौ प्राप्त होवैगा ॥ अर वासनां तेरी कोउ न रहेगी ॥
अर शरीर की चेष्टा स्वभाविक पडी होवैगी ॥ संकल्प सत्य नष्ट
होजावैगा ॥ इति श्री निर्वाण प्रकर्णे संसार भावाभाव प्रति
पादनं नाम सर्गः ॥ २६ ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे भगवन तुम कह
ते हो ॥ नत्य अर्थ की भावनां कर वासनां नष्ट होवैगी ॥ अर
ही आतमपद की प्राप्त होवैगी ॥ सो वासनां तो चिरकाल की स्थित ॥ अर स्वाभ
विक स्थिति है ॥ एक ही वार कैसे नष्ट होवैगी ॥ अर तुम कहते हो
वासनां के नष्ट हूये जीवन्मुक्त होता है ॥ जिसकी वासनां नष्ट हूई
है ॥ तिसका शरीर कैसे रहेगा ॥ अर वासनां बिना चेष्टा किउं कर
होवैगी ॥ तांतें जीवन्मुक्ति शब्द कैसे बनै ॥ श्रीवसिष्ठोवाच ॥
हे रामजी मेरे वचन प्रीत साथ सुण ॥ कैसे वचन हैं स्रवणों के भूष
णा हैं ॥ जिनके सुणे तें दरिद्र न रहेगा ॥ नत्य अहार के अर्थ धारणे
तें संशय नष्ट होजावैगा ॥ अर आत्मपद की प्राप्त होवैगी ॥ नत्य अ
हार के तीन अर्थ हैं ॥ एक तो अन्न के अर्थी हैं ॥ जो पंचभूतक शरी
रतें ॥ तेरा स्वरूप अन्न विलेहोणा है ॥ अर दूसरा अर्थ इह है ॥ जो वि
र धर्म है ॥ शरीर जड है तम रूप है ॥ अर तेरा स्वरूप आदि [illegible] नहि
न मत तें परे हैं ॥ हे रामजी जब तें नें ऐसे धारना ॥ जो मैं आत्मा हौं ॥ अ
र इह देहादिक अनात्मा हैं ॥ तब देह साथ मिलकर अभिलाष
कैसे रहेगी ॥ न करेगा इह अर्थ है ॥ गुन लाबत बेला है ॥ जब ल
गा जासा नहीं ॥ अर तीसरा नत्य का अर्थ इह है ॥ जु अनावहे ॥ तमें
हों न की उजागत है ॥ ऐसे जाणे तब इछ्या किसकी करे ॥ न करेगा

इह अर्थ है॥ अथवा जो तूं आपकों आत्मा जाणेगा देहादिकतैं
विलक्षण॥ तो भी अविद्यक तमरूपी आहंकार की अभिलाषा
न रहेगी॥ देह तमरूप है॥ तूं आदित्यवर्ण॥ आदित्यवर्ण क
हीये प्रकाशरूप है॥ तेरा अरु इसका संयोग कैसे होवै॥ जै
से सूर्य के मंडल विषे रात्र नहीं देषीती॥ तैसे जब तूं आपकों
आदित्यवर्ण जानेगा॥ तब तमरूप संसार न देषेगा॥ अरु श
रीर की चेष्टा स्वभाविक ही पडी होवैगी॥ तेरे विषे चेष्टा कछु
न होवैगी॥ जैसे अर्धनिद्रा वाले दी चेष्टा होती है॥ अरु जानु
ता भी नहीं॥ तैसे चेष्टा पडी होवैगी॥ अरु बालिक की न्याई
तुज कों अभिमान न होवैगा॥ जैसे बालिक की उनमत चे
ष्टा होती है॥ तैसे तेरी चेष्टा भी स्वभाविक पडी होवैगी॥ हे रा
मजी जो तूं इच्छा करे॥ जो इह सुष होवे॥ अरु इह दुष न होवे
तो इह कदाचित न होवैगी॥ जो कछु शरीर का प्रारब्ध है सो
अवस्य होती है॥ ज्ञानवान के रिदे तें संसार की सता जाती र
हती है॥ अर चेष्टा स्वभाविक होती है॥ अर इच्छा नहीं रह
ती॥ हे रामजी जैसे किसी पुरुष मिं जिसे पैंडा कर्णा होता है
पैंडा बडा होइ॥ अर पहुंचणे का समा थोडा होता है॥ तो उह
पुरुष मार्ग के स्थान देषता जाता भी है॥ पर चित तिस जिल
विषे रहिता है॥ जो एता काल तक उहां पहुंचणा है॥ मार्गि
ग विषे देषता सुंघता भी जाता है॥ पर बंधमान किसी विषे न
ही होता॥ तैसे चित कों आतम पद विषे ल्यावो॥ जो किसी प्रका
र पहुंचणा ही है॥ ऐसा शरीर पाइ कर आतम पद न पाईये
तो कब पावणा है॥ जो आतम पद तें वेमुष हैं॥ सो वृक्षादिक
जन्मों कों पावैगा॥ हे रामजी तातें चित आतम पद विषे राषो॥
अर स्वभाविक इच्छा बिनां चेष्टा भी पडी होवैगी॥ इच्छा ही दुषदा
इक है॥ जब इच्छा नष्ट हूई॥ तब इसी कों ज्ञानवान तुर्यापद क
हते हैं॥ जहां जाग्रत स्वप्न सुषोपत का अभाव होवै॥ सो तुर्याप
द है॥ हे रामजी इह जाग्रत स्वपन सुषोपत जो अवस्था है॥ सो ज
हां न पाईये॥ सो तुर्यापद है॥ जब संवित फुरनें अहंकार कों अ
भाव होवै॥ तब तुर्यापद प्राप्त होवै॥ हे रामजी अहंकार का होव

णाही दुषदाइक है॥ जब इसका अभाव हूया॥ तब ही आनंदरू
पा॥ आतमपद तें इतर जो माया की रचता है॥ तिस साथ मिल
कर जो आपकों जानता है मैं हों एही अनर्थ है॥ तातें अहंका
रकों नास करो॥ जिसकों देषकर फुरता है॥ तिसकौं नस्य अर्थ
की भावना कर नास करो॥ जो आतमपद तें इतर भासता है॥
सो मिथ्या जाणो॥ जो एही नस्य अक्षर का अर्थ है॥ जेता कछु सं
सार भासता है॥ तिसकों स्वप्नमात्र जाणो॥ इस विषे सत जानक
र इछा करणी एही अनर्थ है॥ अर मिथ्या जाण कर इछा त्यक
णी एही कल्याण है॥ हे रामजी मैं ऊंची बांहों कर पुकारता हों।
मेरे वचन सुनता कोऊ नहीं॥ जो इछा ही संसार का कारण है॥
अर इछा तें रहित होवणां परम कल्याण है॥ जब इछा तें रहि
त हूया॥ तब शांतपद कों प्राप्त होता है॥ निरिछित हूयें आत्मा
भासता है॥ जो आनंदरूप है॥ अर सम है॥ अद्वैत है॥ तिस विषे
जगत का अभाव है॥ हे रामजी बडा मोह का महातम है॥ हिर्दै वि
षे जो आत्मरूप चिंतामणि स्थित है॥ तिसकों विस्मरण करके म
र्ष अहंकाररूपी कीच कों ग्रहण करते हैं॥ हे रामजी तुम निर
अभिमान होकर चेष्टा करो॥ जैसे जंत्री की पुतली होती है॥ ति
स विषे अभिमान कछु नहीं॥ अर चेष्टा तिसकी पडी होती है॥
तैसे प्रारब्ध वेग कर तुमारी चेष्टा भी पडी होवेगी॥ इह अभिमा
न तुम न करो॥ जो ऐसे होवे अर ऐसे न होवे॥ जब ऐसा होवें
गा तब शांतपद कों प्राप्त होवेंगा॥ जहां वाणी की गम्य नहीं॥ ऐसे
आनंद कों प्राप्त होवैंगा॥ जब लग इंद्रीया के अर्थों की त्रिस्नां है
तब लग जन्म अर मृत्यु के बंधन सो है॥ तातें पुरुष प्रयतन ए
ही है॥ जो त्रिस्नां कों नास करो॥ कर्मों विषे फलन की त्रिस्नां तें रता
ई न होइ॥ अर कर्म के अकरणे विषे भी तें रताई इछा न होइ
इन दोनों कों त्याग कर स्वरूप विषे स्थिति हो॥ अर ऐसा निष्का
मी होवे नहीं जो मैं त्याग कीया है॥ हे रामजी जिस पुरुष कर्म का
त्याग कीया है॥ अर अहंकार साथ है॥ तो पुन्य अर पाप सब क
छु कीया है॥ अर जिस विषे अहंकार भाव नहीं॥ सो भावैं जैसे क
र्म करै॥ तो भी कछु कीया नहीं॥ अर बंधन कों नहीं प्राप्त होता॥ जो

कर्मो विषे आपको अकर्ता जानता है ॥ अरु अकर्म विषे अभिमा
न सहित है ॥ तिसको कर्म देखते हैं ॥ ऐसे जानता है सो बुधिमा
न है ॥ हे रामजी ऐसे आत्मा को जानकर अहं ममका त्याग करो ॥
इस संवित के त्याग विषे जतन कछु नही ॥ स्मृत तिसकी होती
है ॥ जिसका अनुभव होता है ॥ जिसका अनुभव होइ ॥ तिसका त्या
ग कर्णे सुगम है ॥ अननुभव कहाये मत हृदे देखणे ॥ सो विस्मृते न
स्वरूप विषे नही ॥ जो अनुभव का होवे ॥ इह पदार्थ जो तेरे तांई
भासते हैं ॥ तिनके कारण को जान ॥ इनका कारण अनुभव है ॥ जो
इनका अनुभव ही मिथ्या है ॥ तो तिसकी स्मृत कैसे सत होवे ॥
जैसे जेवडी विषे सर्पका अनुभव होता है ॥ बहुड स्मर्णे कीया ॥ उ
हां सर्प देख्या ॥ जो सर्पका अनुभव ही मिथ्या है ॥ बहुड उसका
स्मर्ण सत कैसे होवे ॥ जो वस्त मिथ्या है ॥ तिसके त्यागणे विषे क्या य
तन है ॥ जब प्रपंच को मिथ्या जाना ॥ तब तुमको कोऊ दृश्या बंध
न न होवैगा ॥ चेष्टा स्वभाविक पडी होवैगी ॥ पर राग चलेता रहेगा
जैसे सतृकी लकीबली सूक जाती है ॥ अरु आकार उसका दृष्ट
आवता है ॥ तैसे तुमारा चित देखणे में आवैगा ॥ अर चितका धर्म
जो राग द्वेष है ॥ सो चलता रहेगा ॥ उह चित सतपद को प्राप्त होवैगा
जब सर्व विस्मर्ण होवैगा ॥ तिसको शिवपद कहते हैं ॥ सो परमपद
है ॥ अरु ब्रह्मपद है ॥ शब्द अरु अर्थतें रहित है ॥ केवल चिन्मात्र अ
द्वैतपद है ॥ अहं अरु ममका त्याग करके तिस विषे स्थिति होवो ॥ इस
को नाम संसार है ॥ जो अहं हो ॥ अरु इह मेरा है ॥ इसको त्याग कर अ
पणे स्वरूप विषे स्थिति होवो ॥ हे रामजी जब लग अहं अरु मम इह
संवित है ॥ तब लग इह दुख मिटते नही ॥ जब इह संवेदन मिटी तब
आनंद है ॥ आगे जौ इछा है सो करो ॥ इति श्री निरवाणप्रकर्णे इछा
चिकित्सा उपदेशो नाम सर्गः ॥ १२७ ॥ श्री वशिष्ठ उवाच ॥ हे रा
मजी आत्मा अद्वैत है ॥ जिस विषे एक अरु दोइ कहणा नही ॥ अपणे
आप स्वभाव विषे स्थिति है ॥ अंतहकर्ण चतुष्टय अरु बाह्य पदार
थ सर्व चैतन्यमात्र है ॥ इतर कछु नही ॥ रूप इंद्रियां अरु मनका फु
णां इस कुल सर्व आत्मारूप ही है ॥ जैसे बालिक माटी की सैना ब
णावता है ॥ अरु हस्ती घोडा राजा प्रजा नाम कल्पता है ॥ सो सर्व मा
टी ही है ॥ इतर कछु नही ॥ तैसे अहं ममादिनी सर्व आतमरूप है ॥ इत
र कछु नही ॥ जैसे माटी विषे हस्ती घोडा आदिक नाम कल्पित हैं ॥ तैं

से आत्मा विषै जगत जीव नाम कल्पित हैं ॥ आतमा तें इतर कछु
नहीं ॥ इस अहंकार का त्याग करो ॥ जो आतम पद तें इतर कछु है
नहीं ॥ हे रामजी रूप अवलोकन मनसकार इह सम्वित्ति व्रिती रूप म
तिका के नाम हैं ॥ मान मेय प्रमाणादिक इह सम्वित ही रूप कल्पिये
तो किस कर किस को सचित कहीये ॥ इह अहं ममादि भी चिदाका
श तें इतर कछु वस्तु नहीं ॥ इन कौं ऐसे जाण कर निह कुर्ण स्थि
त निरसंग हो रहु ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे भगवन तुम मो कहा जो अ
हंकार सम्वित का त्याग करो ॥ इह मिथ्या हैं ॥ अहं मम असत हैं ॥
तातें ऐसी भावना करते हैं ॥ इन की सत्ता कछु नहीं ॥ अर असंग हो
वहु इह तुम मो कहा ॥ सो असंग निहकर्म कर होवता है ॥ अथवा स
कर्म कर होवता है ॥ इह कहो ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इह
तुंही कहो कर्म क्या हैं ॥ अर अकर्म क्या हैं ॥ अर इन का कारण क
वन है ॥ अर इन का नास कैसे होवे ॥ अर नास होवणे कर सिध क्या
होवेगा ॥ जो तूं जानता है तो कहु ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे भगवन जै
से तुम मतें श्रवण कीया है ॥ जैसे समझा है ॥ सो मैं कहता हों ॥ जो वस्तु
नाश करणी होवे ॥ तिस को निश्चे कर के मूल तें नास करीये ॥ त
ब ही तिस का नास होता है ॥ सा पापवृक्ष का देह उस का नाश नहीं हो
ता ॥ तो तें इस का क्रम सुणो ॥ इह जो देह है जो संसार रूपा वन वि
षै वृक्ष रूपा देह है ॥ तिस का बीज कर्म हैं ॥ अर पाप पादोदिक इस
के पत्र हैं ॥ अर राधिर वासनां स्वास इस विषै रस है ॥ अर सुख दुख
रूप इस विषै फुल हैं ॥ अर जाग्रत कर्मवृत्ति रूप जो वासना है ॥ सो इस क
र प्रफुलित होता है ॥ अर पाप कर्म अर सुख दुख रूप इस को सत
काल हैं ॥ तिस कर सक जाता है ॥ ऐसे शरीर रूपी वृक्ष है ॥ बहु
कैसा है ॥ तरनां पार रूप कला है ॥ लोण का लोण सुंदर है ॥ जरा रूप
फल इस को हसते हैं ॥ अर राग द्वेष रूपी बीन तर हैं ॥ सो परे होते
हैं लोण लोण विषै ॥ जाग्रत इस को बसंत रूत है ॥ सुषुप्त हिम रूप
है ॥ वासनां रूप इस कर वपता है ॥ पुत्र कलत्रादिक एह तृण घा
स हैं ॥ तिस का मुंड गांड रूप इंद्रीयां हैं ॥ इन कर शरीर की चेष्टा हो
ती है ॥ अर ज्ञानइंद्रीयां इस के पत्र हैं पंच ॥ इन कर के वृक्ष धारता
है ॥ अर इच्छा इस विषै बेल है ॥ जो अपणे अपणे विषय को च
हती है ॥ अर बटा थंन इस का मन है ॥ सो सर्व को धारता है ॥ अर
पंच प्रमाण इस के रस हैं ॥ प्रत्यक्ष उपमान शब्दादि इनो कर स

र्वकों ग्रहण करते नहीं॥ आगें इनों का बीज जीव है॥ जीव कहीये
चैत उन्मुषत्व चेतन॥ सो इसका बीज है॥ अर जीव का बीज सं
वित जानणा। जो मात्र पद तें उत्थान हूया है॥ तिस संवित का
बीज ब्रह्म है॥ तिसका बीज आगें कोऊ नहीं॥ हे भगवन सम
न का बीज संवित फुरणी है। जब उह संवित हूई॥ तब सम्न कछु
हूया॥ अर जब इसका अभाव हूया॥ तब सर्व का अभाव
हूया॥ शेष आत्मा ही रहा॥ हे भगवन इह तो मैं जानता हों॥ आ
गें कछु कृपा कर तुम कहो॥ हे भगवन जब लग चित साथ सं
बंध है॥ तब लग संसार मों जन्म मरण पावता है॥ अर जब चित
तें रहित हूया॥ तब परम ब्रह्म होता है। सो शिव पद है॥ अप्रतिछो
शांत है। अनंत रूप है॥ चिन्मात्र विषे जो अहं का उत्थान है॥
सो कर्म रूप तिसु वृत्ति का कारण है॥ जब लग अनात्म साथ
मिल कर कहता है मैं हों॥ ऐसे जानता है। सो संसार का कार
ण है॥ इह तुमों नें मेरे तांई कहा है॥ तिसको समझ कर तुमारे
आगें विद्यमान प्रार्थना करी है॥ आगें कछु कृपा कर तुम क
हो॥ श्रीवशिष्ठोवाच॥ हे रामजी इस प्रकार कर्मों का बीज
सूक्ष्म समित है॥ जब लग संवित है॥ तब लग कर्म का बीज ना
श नहीं होता। इह सभ संज्ञा इसी की हैं॥ कर्मों का बीज कहीये
इच्छा कहीये॥ त्रिधर्मी कहीये। अज्ञान कहीये। चित्त कहीये।
इत्यादिक संज्ञा बहूत हैं॥ अवर क्या किसी विषे हेय उपादे
य बुधि करे॥ हे रामजी जब लग अज्ञान है॥ तब लग इच्छा ना
श नहीं होती॥ अर कर्म भी नाश नहीं होते॥ नाश तो दोनों के न
ही होते। परंतु भेद है॥ अज्ञानी कों भासता है। जो इह इछा है॥ इ
ह कर्म है॥ अर ज्ञानवान कों सर्व ब्रह्म ही भासता है॥ तांतें सुषी र
हता है॥ अर अज्ञानी के कर्म विषे कर्म भासता है॥ तांतें बंध
मान होता है॥ अर इसी का नाम त्याग है॥ जो कर्मों तें कर्मत्व बुधि
जावै॥ अर इसका नाम त्याग नहीं॥ जो क्रिया का त्याग करणा॥ हे
रामजी बडी उपाध अहंकार है॥ जिसका अहंकार नष्ट हूया
है॥ उह पुरुष जो कर्म करता है। कबी उस कछु नहीं कीया॥ अ
र जो अहंकार सहित है॥ उह पुरुष जो तूष्णीं हो बैठा है॥ तो भी
सन कर्म करता है॥ इसका त्याग एक का मनां सर्व त्याग है॥ अव

रहूयाके त्यागका नाम सर्व त्याग नहीं ॥ पुरुषप्रयत्न एही है ॥
जो सर्व कर्मों का बीज अहंकार त्यागणां ॥ अरु परम शांत कों प्रा
प्त होवणां ॥ इति श्री निरवाण प्रकर्णे कर्म बीज दाह उप
देशो नाम सर्गः ॥ १२८ ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रामजी इस
संवित का होवणां ही अनर्थ है ॥ जो कछु आपको जानता है ॥ ज
ब इह निवर्त होवे ॥ तब ही इसको आनंद है ॥ हे रामजी ज्ञानी की
चेष्टा अहंकार तें रहित स्वभाविक पडी होती है ॥ जैसे अर्ध नि
द्रित पुरुष होता है ॥ तैसे ज्ञानी अपने स्वरूप विषे घूमें है ॥ जै
से मद करके उनमत्त होता है ॥ तैसे सो ज्ञानवान ब्रह्मलक्ष्मी क
र घूमें है ॥ अरु ज्ञान जैसा कामसन है ॥ जैसे कामी पुरुष को काम
व्यसन होता है ॥ तैसे इह स्वरूप लक्ष्मी को पायकर घूरमरहता
है ॥ काहे ते जो निरहंकार है ॥ सर्व दुःखों का बीज भी अहंकार है ॥
जब अहंकार नष्ट भया ॥ तब आनंद भया ॥ हे रामजी संसार रू
पी विषकी वली है ॥ तिसका बीज अहंकार है ॥ जब अहंकार का
अभाव हूया ॥ तब संसार का अभाव होता है ॥ हे रामजी अहंका
र दुःखों का मूल है ॥ इस संवेदन का विस्मर्ण करणी बडा कल्या
ण है ॥ जो कछु अनात्मा साथ मिलकर आपको मानणां एही
अनर्थ है ॥ श्रीरामोवाच ॥ हे भगवन जो वस्तु असत है ॥ तिस
का होवणां नहीं होता ॥ अरु जो सत है तिसका अभाव नहीं हो
ता ॥ तुम कैसे कहते हो ॥ जो संवित अहंकार का नाश करो इह तो
सत नाशता है ॥ वेदन अवेदन कैसे ॥ श्रीवशिष्ठोवाच ॥ हे रा
मजी तूं सत न कहता हैं ॥ जो वस्तु असत है तिसका होवणां नहीं
अरु जो सत है तिसका नाश नहीं होवणां ॥ हे रामजी इह अहंका
र रूप जो तेरे तांई भासता है ॥ सो इसका होवणां कदाचित नहीं
मिथ्या कल्पित है ॥ जैसे जेवडी विषे सर्प होता है ॥ तैसे आत्मा वि
षे अहंकार है ॥ जैसे सूर्य की किरणों विषे जल होता है ॥ तैसे आ
त्मा विषे अहंकार शब्द अरु अर्थ है ॥ संवित है इह शब्द है ॥ अरु
मिथ्या अर्थ है ॥ तिसका लक्षण इह ॥ जो मैं हों सो कल्पित है ॥ आ
त्मा केवल शुध रूप है ॥ तिस विषे अहंत्व का शब्द अर्थ कोऊ न
हीं ॥ इह अबोध कर भासता है ॥ बोध कर लीन हो जाता है ॥ अरु
रवेदना का जो अबोध है सो अनर्थ का कारण है ॥ अबोध तम है

होवे

जब इह निर्वाण होवै ॥ तब कर्म का बीज भस्म जातें का रता ॥ हे रामजी
जो कर्मों को त्याग कर ॥ एकांत जाइ बैठता है ॥ जो मैं कर्म नहीं क
ता ऐसे मानता है ॥ सो कर्ता ही है ॥ जो अभिमान सहित है ॥ तो
फल कौ भोक्ता ही है ॥ काहे तें जो अहंकार सहित है ॥ बहुड़ क
रेगा आत्मज्ञान बिना ॥ अनात्मा साथ मिलकर आप कौ मान
ता है ॥ अर जो पुरुष कर्मेंद्रीया साथ चेष्टा करता है ॥ अर आतमा अरथ
कौ लेप नहीं जानता ॥ सो अकर्ता ही है ॥ तिस कौ करणे कर कर्म
सिध नहीं होता ॥ अर अकर्णी करनी नहीं होता ॥ ऐसा जो पुरुष
है ॥ सो परम निर्वाण पद कौ प्राप्त होता है ॥ जिस कौ वाणी की गम्य
नहीं ॥ हे रामजी फुरणे उसका परणामी नहीं ॥ चमत्कार है ॥ चमत्को
र कहीये कूया कछु नहीं ॥ अर नासता है ॥ जैसे बिल की मजा हो
ता है ॥ उह बिल तें इतर कछु वस्तु नहीं ॥ तैसे जगत है ॥ जैसे सोने
तें भूषण भिन्न नहीं ॥ तैसे नत्युज्ञा एक अर्थ है ॥ सो इह भिन्न भि
न्न ज्ञाष्ट अर्थ तब लग भासते हैं ॥ जब लग अहंवेदना का रहे
हे रामजी आतम पद सर्वदा अपने आप विषे स्थित है ॥ जैसे
पत्थर अपणी जड़ता विषे स्थित है ॥ तैसे आतमा अपणी चैत
न्यता घन विषे स्थित है ॥ तिस कौ मुनीश्वर चैतन्य परम सार कहे
ते हैं ॥ तिस अपणे स्वरूप के प्रमाद कर दुख पावता है ॥ हे रामजी
जो पुरुष गृहस्त विषे स्थित है ॥ अर अहंकार तें रहित है ॥ तिस
कौं बनवासी जाणो ॥ सदा एकांती है ॥ अर जो बनवासी है ॥ अरु अ
हंकार सहित है ॥ सो सदा जनों विषे स्थित है ॥ प्रथम एकांत वि
षे था ॥ तिस कौं त्याग कर दूसरी गर्त मों पड़ा है ॥ जो बेष धारता है
अर बनवास लीया है ॥ तिस कौ ईश्वर चाहे तो तिकसे ॥ नहीं तो
बटे कये विषे पड़ा है ॥ हे रामजी जो पुरुष अर्थ त्याग करता है ॥ ए
क अंग कौ त्याग कीया ॥ अर दूसरे का अंगीकार कीया ॥ ऐसा जो
पुरुष है ॥ अर आप कौ निहकामी मानता है ॥ तिस पुरुष कौ उह त्या
गा रूपी पिशाचनी लागता है ॥ हे रामजी निहकर्म इह तब ही होता है
जब इस का अहंवेदना नष्ट होती है ॥ अन्यथा नहीं ॥ तातें कर्मों के मु
ट कों मूल तें उखाड़ ॥ जैसे सरकंड ॥ बलबूटे कों मुंढ तें काढता है
तैसे बाढ ॥ अहंवेदना ही मुंढ है ॥ तिस का मुंढ हीं काटीता है ॥ तबू
नाश होती है ॥ हे रामजी पुरुष प्रयत्न इसी का नाम है ॥ जो अपणे

आपका नाश करणां ॥ अर आपहीं रहिणां ॥ देहसाथ मि
ल्या हूया आपको जानता है ॥ तिसका नाश करणां ॥ अ
रु शिवपदकौं प्राप्त होवणां ॥ जो सर्वदा शांतरूप है ॥ अर
अद्वैत है ॥ तिस विषे स्थिति होवो ॥ इह विश्व जो तिसकूं चम
त्कार है ॥ जैसे बिल्व विषे गडी होता है ॥ तिसके बहुत नाम
राषते हैं ॥ तो बिल तें इतर कछु नहीं ॥ तैसे संसार आत्मा
तें इतर कछु नहीं ॥ जैसे थंभे विषे काष्ट तें इतर कछु नहीं
तैसे संसार नानत्व जो भासती है ॥ सो भी चैतन्यघन आत्मा ही
है ॥ अर नत्य अहोरका अर्थ जो तेरे तांई कहा है ॥ सो भी उही
है ॥ निषेध किसका करीये ॥ अर अंगीकार किसका करीये
सर्व पर्मतत्व है ॥ दूसरा किंचित मात्र भी नहीं ॥ हे रामजी ऐसे
आत्माकौं जाणकर सुषेन विचरो ॥ चेष्टा स्वाभाविक पडी हो
वैगी ॥ जैसे अर्ध निद्रित की होती है ॥ अर जैसे बालिक पंघू
डे विषे होता है ॥ अर अंग उसके स्वाभाविक हलते चलते हैं
तैसे तुमारी चेष्टा पडी होवेगी ॥ अपणां अभिमान तुम न करो
हे रामजी जेते कछु भावाभाव पदार्थ भासते हैं भिन्न भिन्न ॥
सो आत्मा के साक्षात्कार हूये तें पर्मात्म तत ही भासेगा ॥ जब
अहंका उत्थान निवर्त होवैगा ॥ हे रामजी एक अवर जुक्त श्रव
ण कर ॥ जिसकर के आत्मज्ञान होवे ॥ इह जो अहं अहं बिण बि
ण विषे फुरता है ॥ जब न फुरे तब ही तिस बिण विषे जाणीजा मै
नहीं ॥ जब ऐसे धड हूया ॥ तब अहंकाररूपी पिशाच का नास
होवैगा ॥ अर आत्मतत्त्व का साक्षात्कार होवैगा ॥ जब अहंका
र नष्ट होवै तब आत्मा भासे ॥ अर आत्मा भासे तब जब अहंका
र नास होवै ॥ तां तें अहंकार के नास का यत्न करो ॥ जो न मैं हों ॥ न
जगत है ॥ हे रामजी ज्ञान इसी का नाम है जो अहं मम न रहे ॥ तिस
कौं मुनीश्वर परमब्रह्म कहते हैं ॥ अर समपद कहते हैं ॥ अर जो हो
अहं मम है ॥ तहां अविद्यारूपी तम पडा है ॥ हे रामजी अज्ञानी के हि
रदे विषे ते पदार्थ का भाव स्थित है ॥ देश काल घर नगर मनुष्य प
शु पंछी आदिक का त्रिगुण संसार अज्ञानी के रिदे विषे स्थित है ॥ जब इ
न का अभाव होवे ॥ तब शांतपद की प्राप्त होवे ॥ इति श्री निर्वाण

प्रकर्णे अहंकारनाश विचारो नाम सर्गः ॥१२९॥ श्रीवशिष्ठो
वाच ॥ हे रामजी जिसके मनतें मैं मेरे का अभिमान गया है ॥ तिस
कौं शांति प्राप्त भई है ॥ अरु जिसके हिर्दे विषे मैं देह मेरे संबंधी ग्र
ह आदिक का अभिमान है ॥ तिसकौं शांति कदाचित नहीं ॥ अरु शांति वि
ना सुख नहीं ॥ हे रामजी प्रथम आप बणता है ॥ तब जगत होता है ॥ जो
आप न बणे ॥ तो जगत कहां होवे ॥ इसका होवणा हीं अनर्थ का कार
ण है ॥ जिस पुरुष अहंकार का त्याग कीया है तिन हीं ॥ तिस कछु नहीं
त्यागा ॥ अरु जिसनें रूपा का त्याग कीया है ॥ अरु आपको सर्व त्यागी मा
नता है ॥ सो मिथ्या है ॥ जैसे विषरूपी वृक्ष के टास काटीये ॥ तो बहु
ड उगवता है ॥ नष्ट नहीं होता ॥ तैसे रूपा के त्याग कीये त्याग नहीं होता
त्यागणे योग अहंकार नष्ट नहीं होता ॥ रूपा बहुड उपजता है ॥ ता
तें अहंकार का त्याग करे ॥ तब सर्व त्यागी होवे ॥ जिसका नाम मह
त्याग है ॥ तिसकौं स्वपने में भी संसार न भासेगा ॥ जाग्रत की क्या
कहणी है ॥ तिसकौं संसार का ज्ञान नहीं होता ॥ हे रामजी संसार का
जो बीज है ॥ सो अहंभाव है ॥ तिसी कर स्थावर जंगम जगत भास
ता है ॥ जब इसका नाश हूया ॥ तब जगत भ्रम मिट जाता है ॥ तातें
तिसके अभाव की भावना कर ॥ जब तेरे ताईं अहंभाव फुरे ॥ तब
तूं जाणे कि मैं नहीं ॥ जब इस प्रकार अहं को अभाव हूया ॥ तब पा
छे जो शेष रहेगा ॥ सो आतमपद रहेगा ॥ हे रामजी सर्व अनर्थ का
कारण अहंभाव है ॥ तिसी का त्याग कर ॥ हे रामजी शास्त्र का प्रहा
र जीव सहि रहता है ॥ अवर व्याध रोग कौं सहि रहता है ॥ इस अ
हं के त्यागणे विषे क्या कदर्थना है ॥ हे रामजी अहंका सद्भाव ही
संसार का बीज है ॥ तिसका नाश करणा ॥ संसार का मूल जंतु तें नाश
है ॥ तातें इसके नाश का उपाइ करो ॥ जिसका अहंभाव नष्ट हूया
है ॥ तिसकौं सत्त और आकाशरूप है ॥ उसके हिर्दे विषे जगत की
सत्तता कछु फुरती नहीं ॥ जद्यपि गृहस्त विषे होवे ॥ तिसके हिर्दे
विषे इह प्रपंच सूनवन की अटवी हीं भासता है ॥ अरु जो अहं
कार सहित है ॥ जो बन विषे जाय बैठे ॥ तो जनौं के समूह विषे बै
ठा है ॥ का हेतें जो तिसका अज्ञान नाश नहीं भया ॥ अरु जिसनें म
न सहित षट इंद्रीयां कौं वस नहीं कीया ॥ तिसको मेरे कथा श्रव
ण का अधिकार नहीं ॥ उह पशु है ॥ अरु जिस पुरुष मन कौं जीत्या
है ॥ अथवा जीतणे की इछा करता है दिन दिन प्रति सो पुरुष है ॥

जिसपुरष अहंकार त्याग कीया है ॥ सो सर्वत्यागी हूआ है

218

अरु जो इंद्रीयां विषयां माहि ॥ काम क्रोध लोभ मोह करि संपन्न है सो
पशु है ॥ महा अंधतम को प्राप्त होता है ॥ हे रामजी जो पुरुष ज्ञानवा
की न है ॥ अरु इछा कर्म नी तिस विषे दृष्ट आवता है ॥ तो भी इछा ति
सकी अनिछा ही है ॥ अरु कर्म अकर्म ही है ॥ जैसे चुना चलणे उगव
ता नहीं ॥ अरु आकार तिसका दृष्ट आवता है ॥ तैसे चेष्टा उसकी दृ
ष्ट आवती है ॥ सो देषणे मात्र है ॥ उसके हिदे विषे कछु नहीं ॥ हे राम
जी जो पुरुष कर्म इंद्रीयां साथ चेष्टा करता है ॥ अरु जगत की सत
ता उसको नहीं ॥ तब बंधन कोउ नहीं होता ॥ अरु जो जगत को सत मा
न कर थोडा कर्म करता है ॥ तो लीप सर जाता है ॥ जैसे थोडी अग्नि
जाग कर बहुत हो जाता है ॥ तैसे थोडा कर्म भी उसको जन्म मर्ण
दुख देता है ॥ अरु ज्ञानी को नहीं होता ॥ उसका प्रारब्ध जो षे है ॥ सो नीति दे
विषे नहीं मानता ॥ जो संसार रही की है ॥ आतमा की नहीं ॥ सो नीवे गउ
तरता जाता है ॥ जैसे कुंभार का चक्र होता है ॥ अरु चक्र चलावणे ते
रहि जाता है ॥ तब सनैं सनैं उतरता जाता है ॥ तैसे प्रारब्ध वेग दृह
ता जाता है ॥ बहुड जन्म नहीं होता ॥ काहे ते जो उसको अहंकार रूपी
चक्र नहीं लागता ॥ ताते अहंकार का नास करो ॥ जब अहंकार कु
नाश हूया ॥ तब सर्व की आदि पद को प्राप्त होवैगा ॥ अरु परम निर्वा
ण पद है ॥ तिस विषे निर्वाण भी निर्वाण हो जाता है ॥ हे रामजी जब व
र्षा काल होता है तब बादल होते हैं ॥ जब सरत काल होता है ॥ तब
बादल चलते रहते हैं ॥ हे रामजी जब लग अज्ञान रूपी वर्षा का
ल है ॥ तब लग अहंकार रूपी वर्षा है ॥ जब विचार रूपी सरत काल
आवैगा ॥ तब अहंकार रूपी मेघ चलते रहेंगे ॥ अरु आतम रूपी
आकाश निर्मल भासैगा ॥ हे रामजी जैसे समल आदि रज्जु होता है
२४ तब मुष का प्रतिबिंब उज्वल नहीं आवता ॥ जब मैल निवर्त करीये
तब मुष का प्रतिबिंब प्रत्यक्ष भासता है ॥ तैसे अहंकार रूपी मैल
कर जीव अछादा है ॥ तब लग आतमा नहीं भासता ॥ जब अहंका
र रूपी मैल निवर्त होवै ॥ तब आतमा जिउ का तिउ भासैगा ॥ जैसे स
मुद्र विषे नाना प्रकार के तरंग उठते हैं ॥ अरु सम्यक दरसी को केवल
जल मय दृष्ट आवते हैं ॥ अरु तरंगों विषे सत नहीं भासता है ॥ तैसे ना
ना प्रकार के प्रपंच ॥ तिस सम्यक दरसी को चैतन्य घन आतमा ही दृष्ट
आवता है ॥ आतमा ते इतर कछु नहीं देषता ॥ अवर और रतै पथर बि
लो की न्याई हो जाता है ॥ काहे ते जो अहंकार उसका नष्ट हो गया है ॥

अरु जो अहंकार सहित है ॥ अरु क्रिया को त्याग कर्ता है ॥ अरु आप
कों त्याग कर सुखी मानता है ॥ सो मूर्ख है ॥ जैसे कोऊ जल कूं लेकर
आकाश कों नाश कीया चाहे ॥ तौ नहीं होता ॥ तैसे क्रिया के त्याग क
र सुखी नहीं होता ॥ जब संपूर्ण संसार क्रिया का बीज अहंकार ना
श होवै ॥ तब तिह क्रिया आत्मस्वरूप कों प्राप्त होता है ॥ जैसे तांबा
आपणे तांबत्व भाव त्यागता है ॥ तब स्वर्ण होता है ॥ तैसे जीव आप
णे जीवत्व भाव कों त्यागै ॥ तब आतमा होता है ॥ जैसे तेज की जल वि बेद
खे पाईती है ॥ अरु पसिर जाती है ॥ अरु नाना प्रकार के रंग जल विखे
भासते हैं ॥ तैसे ब्रह्मरूप जल विखे अहंकार रूपी तेज का बूंद ता
नाप्रकार की कलनां दिखाई देती है ॥ आतम अरु ब्रह्म निराका
र अरु निरंजन इत्यादिक नाम अनात्म अहंकार कके शुध विखे क
लपे हैं ॥ सो अफुर केवल सत्ता मात्र है ॥ सत है पर असत की न्यां
ई स्थिति है ॥ हे रामजी संसार रूपी मरचका बूटा है ॥ अरु अहंता
रूपी तिसका बीज है ॥ अरु संसार रूपी फूल है अहंता रूपी तिसकी
सुगंध है ॥ हे रामजी जब अहंता उदे हूई ॥ तब संसार उदय हो
ता है ॥ अरु अहंता के नाश हूये संसार का नाश होता है ॥ छीण
छीण विखे उदय होता है ॥ अरु छीण छीण विखे नाश होता है ॥
अरु अहंकार होवणा ही छीण है ॥ उदय होवणे कों अरु अहंका
री न होवणा नास का छीण है ॥ हे रामजी जैसे मृतका कों जल का
संयोग होता है ॥ तिसकर घट बणता है ॥ तब मृत्तिका घट सं
ज्ञा कों पावती है ॥ तैसे पुरुष कों जब संग होता है ॥ तब संसारी हो
ता है ॥ अरु जीवत्व संज्ञा कों पावता है ॥ अरु देश काल पदार्थ वी प
वतादिक दृश्य कों प्रत्यक्ष देखता है ॥ जब नाश होवै तब सुखी अहं
होता है ॥ जेता कछु नामरूप है ॥ अरु तिसका अर्थ है ॥ सो अहं
ता कके भासता है ॥ जब अहंता कों त्यागै ॥ तब शांत रूप आत
मा होय रहि जावैगा ॥ जैसे पवन ते रहित दीपक प्रकाशता है
तैसे अहंकार रूपी पवन तें रहित अपणे स्वभाव विखे स्थिति
होता है ॥ अरु आनंद पद कौं प्राप्त होता है ॥ अरु अनादि पद अ
पणें कों प्राप्त होता है ॥ अरु सर्व का आपणा आप होता है ॥ अरु दे
श काल वस्तु अपणे विखे देखता है ॥ हे रामजी जब लग अहं
ता का नाश नहीं होता ॥ तब लग मेरे वचन हृदे विखे स्थित न

होवैंगे ॥ हे रामजी जिस पुरुष ने आपणे स्वरूप नहीं जान्या ॥ तिस
कों ब्रह्म का पावणा कठिन है ॥ जैसे रेत विषे तेल निकसणा क
ठिन है ॥ तैसे उसकों ब्रह्म का पावणा कठिन है ॥ अरु आपणे स्वरू
प जानणे बहुत सुगम है ॥ जब अहंता का त्याग करैं ॥ जो मैं नहीं
अरु न जगत है ॥ तब कल्याण होवै ॥ जब अहंता का नास होवे ॥ तब
भ्रम की निवर्त होवैगी ॥ जैसे जेवडी के जान्ये तें सर्प भ्रम निवर्त हो
ता है ॥ जब लग अहंता पडी फुरती है ॥ तब लग उपदेश इस कों
लागता नहीं ॥ जैसे आरसी ऊपर मोती नहीं ठहिरता ॥ तैसे उस
के हृदे विषे मेरे वचन नहीं ठहिरते ॥ अरु जिसका हृदा शुद्ध है
तिस कों मेरे वचन लागते हैं ॥ जैसे तेल की बूंद जल विषे विस्ता
र कों पावती है ॥ तैसे उसकों थोडा वचन भी बहुत होकर लाग
ता है ॥ हे रामजी एक पुरातन इतिहास तिसी परमुनीश्वर क
हते हैं ॥ सो तूं श्रवण कर ॥ अथ इतिहास विद्याधर को
॥ मेरा अरु काकभुसुंड का संवाद है ॥ एक समें सुमेर पर्वत के
शिषर पर मैं गया था ॥ तहां भुसुंड बैठा था ॥ तिस कों मैं प्रश्न
कीया ॥ कि हे भगवन् ऐसा भी कोउ पुरुष है ॥ जिसकी आर्बला
बडी होवै ॥ अरु ज्ञानवान तैसं नर ह्या है ॥ जो तैंने कोउ देख्या होवै तो
कहो ॥ भुसुंड उवाच ॥ हे भगवन एक विद्याधर देवता होता
भया है ॥ उसकी बडी आर्बला थी ॥ अरु विद्या बहुत अधिक
री थी ॥ अरु सत्त कर्मों विषे विचरता था ॥ अरु भोग भी तिस ने वर्जि
तो ग्ये थे ॥ अरु सत कर्मों को करे ॥ पर केवल सहकाम ॥ चतुर जु
ग पर्यंत सहकाम कर्म करता रहा ॥ तप जप नेमादिक कर्म करता
भया ॥ जब चतुर्थ जुग का अंत भया ॥ तब उसकों विचार आन उ
त्पति भया ॥ जे तें भोग सुषरूप जानकर भोगता था ॥ तिन भोगों
तें उसकों वैराग उत्पति भया ॥ तब भोगों कों त्याग कर लोकालोक
पर्वत पर गया ॥ तहां जायकर विचारता भया ॥ जो इह संसार असा
र रूप है ॥ किसी प्रकार इसी तें छूटौं ॥ वारंवार जन्म है ॥ वारंवार
मृत्यु है ॥ पदार्थ सत कोउ नहीं ॥ किसका आश्रय करौं ॥ ऐसे वि
चार करके उह विरक्तात्मा पुरुष सुमेर पर्वत स्वर्न की पुरी तिस
पर उहां मेरे पास आइ प्राप्त भया ॥ अरु शिर नीचे करकर मेरे ताईं

दंडौत करी ॥ अर मैं भी बहुत आदर कीया ॥ तब हाथ जोड करति
सकहा ॥ विद्याधरोवाच ॥ हे भगवन एते काल प्रजंत विषयों
के भोग भोगता रहा हों ॥ पर सांत मेरे तांई प्राप्त नहीं भई ॥ तिस तें
मैं दुषी रहा हों ॥ सांत का उपाइ कृपा कर कहो ॥ हे भगवन मैं चित्र
रथ का जो बाग बनाया हूया है ॥ तिस विषे सदा ही विचरते हों ॥ अ
र कल्पव्रछ भी बहुत हैं ॥ तिस विषे बहुत काल रहा हों ॥ बहुत ड
विद्याधरों के स्वर्ग विषे रहा हों ॥ अर इंद्र के नंदन बन विषे रहा
हों ॥ अर स्वर्ग की कंदरा विषे रहा हों ॥ अर सुंदर अपछरा सा
थ स्पर्श कीया है ॥ अर विवानों पर आरूढ बहुत रहा हों ॥ हे भ
गवन इत्यादिक मैं बहुत स्थान देषे हैं ॥ अर तप भी बहुत की
या है ॥ अर दान जप तप ब्रत बहुत कीये हैं ॥ अर सहस्र वर्षों
के सुंदर रूप देषता रहा हों ॥ जिनकी सुंदरता कहणे विषे नहीं
आवती ॥ तो भी नेत्रों कर त्रिप्त नहीं भई ॥ अर बहुत सुगंधों कर
नासका को त्रिप्त नहीं भई ॥ अर रसना कर भोजन बहुत प्रका
र के षाये हैं ॥ तो भी सांत नहीं भई ॥ तृस्ना वधती गई ॥ अर श्रोत्रों
कर शब्द बहुत प्रकार सुणे ॥ अर त्वचा कर बहुत स्पर्श कीये हैं राग
तो भी सांत न प्राप्त भई ॥ हे भगवन जैसे और मैं सुष जान कर से
सवेश्या करो ॥ तिसी और दुष प्राप्त होवे ॥ जैसे मृग छुधा निवारण
अर्थ घास पाले आवता है ॥ अर राग सुणकर मूर्छा हो जाता
है ॥ अर बधिक उसको पकड लेता है ॥ अर महा दुष पावता है
तैसे मैं सुष घाल कर विषयों को ग्रहण करता था ॥ अर बहु
दुष को प्राप्त भया ॥ हे भगवन मैं चिरकाल तक दिव्य भोग भोगपे
हैं ॥ पांचों इंद्रीयां छटवें मन सहित कछुक कहणे विषे नहीं आव
ते ॥ ऐसे शब्द स्पर्श रूप रस गंध भोगे हैं ॥ पर मेरे तांई सांत न प्रा
प्त भई ॥ अर तन इंद्री विष हुई ॥ जैसे घृत के अग्नि तृप्त नहीं होती
तैसे त्रिह्नां दिन दिन प्रति वृध होती जाती है ॥ अर अंतर को पडी
